पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 14 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –166 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00





आतंकवाद, हिंसा मानवाधिकारों के खिलाफ हैं, भारत शांति में विश्वास करता है: कोविंद पृष्ठ 3

अभिमत
■ न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना पृष्ठ 4

■ फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की दी चेतावनी
■ नए पोल में निक्की हेली, बाइडेन से चार अंकों से आगे पृष्ठ 9

जब आप मैदान पर उतरेंगे तो आपके मन में निश्चित रूप से यह भावना आएगी कि हां, हमें इसे जीतना है: कुंबले पृष्ठ 10

### मध्यप्रदेश विस चुनावों को लेकर कांग्रेस कार्य समिति की हुई बैठक

# उम्मीदवारों के नामों पर हुआ मंथन



■ 15 अक्टूबर को आएगी कांग्रेस की पहली सूची
■ कांग्रेस दो सूची में जारी करेगी अपने सभी प्रत्याशियों के नाम

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर शुक्रवार को यहां पार्टी आलाकमान के साथ प्रदेश के नेताओं की बैठक हुई। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को आएगी। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने बताया कि हमने लगभग 60 सीटों पर चर्चा कर ली है। हमारी बैठक फिर से होगी। अभी मध्य प्रदेश की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक है। इसमें चर्चा के बाद फिर से बैठक होगी। तभी सीटों के नाम फाइनल करेंगे। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में लगातार दो दिन तक बैठकें होने वाली हैं। इन बैठकों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। कई नामों पर गहन मंथन हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई। कमलनाथ के नेतृत्व पर हमें आत्मविश्वास है। भाजपा बौखलाई घूम रही है। वहां सिर फुटव्वल हो रहा है। हमारे यहां टिकट जल्द ही फाइनल हो जाएंगे। कमलनाथ ने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि हम श्राद्ध पक्ष के बाद 15 अक्टूबर को अपनी पहली सूची घोषित करेंगे। हमारी रफ्तार ठीक है। इस रफ्तार से हम 15 अक्टूबर को अपनी सूची की घोषणा कर देंगे। हर नाम पर जितनी चर्चा हो, उतना अच्छा है। चर्चा में कई नई चीजें उभरकर सामने आती हैं। कांग्रेस अपने सभी प्रत्याशियों के नाम दो सूची में जारी करेगी।

**पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत**

सुरजेवाला ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष समन्वय बनाकर चल रहे हैं। इससे लगता है कि कांग्रेस मध्य प्रदेश में अप्रत्याशित जीत की तरफ कदम बढ़ा रही है। दो उदाहरण आपके सामने है। एक भाजपा की सिर फुटव्वल और भाजपा की घबराहट व छटपटाहट का है। दूसरा कांग्रेस के आत्मविश्वास का है। यह आत्मविश्वास मध्य प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के आशीर्वाद का है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सरकार बनने पर मप्र में मिलेगा सबको न्याय : खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मिल्लिकार्जुन खडगे ने कहा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा के शासन से त्रस्त हो चुकी है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत होगी तथा प्रदेश के सभी वर्गों के साथ न्याय होगा। खड़गे ने कहा कि मध्य प्रदेश में युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों को कुछ ही दिनों में न्याय मिलने वाला है। पिछले 18 वर्ष के भाजपाई अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचारी कुशासन पर पूर्ण विराम लगेगा। इस बार जनता मध्य प्रदेश में पिछले दरवाजे से अलोकतांत्रिक भाजपा सरकार नहीं बनने देगी। इस बार दग़ाबाज़ों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में उनकी पार्टी बहुमत हासिल कर सरकार बना रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत की ओर अग्रसर है। आज मध्य प्रदेश के विषय में केंद्रीय चुनाव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

# भ्रष्टाचार में ही पारदर्शी है भूपेश सरकार : रविशंकर प्रसाद

■ घोटालेबाजों को भाजपा की सरकार छोड़ने वाली नही
■ महादेव एप के गढ़ में मुख्यमंत्री का गेमिंग एप से इतना प्यार स्वाभाविक



**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने शुक्रवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के घोटालों को लेकर जमकर हमला बोला और कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में चल रहे घोटालों की स्टडी की है। श्री प्रसाद ने कहा कि भाजपा की ओर से हम इसको बहुत प्रभावी ढंग से उठाएंगे और मुख्यमंत्री बघेल को इसका जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बघेल भ्रष्टाचार में सब पर ट्रस्ट नहीं करते। जो उनके सबसे नजदीकी हैं, वही बैटिंग करेंगे। बात जब कोयला घोटाले की आई तो पता चला कि उनके कार्यालय की सबसे करीबी उपसचिव जेल में हैं। दो-दो कलेक्टर जेल में हैं। बाकी काफी लोग भी जेल में हैं। श्री प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ कोयला की खान है। केंद्र की राजग सरकार के कार्यकाल में यह योजना बनाई गई थी कि कोयला खदानें नीलामी की प्रक्रिया से आवंटित करना है ताकि इसमें पारदर्शिता आए। लेकिन प्रदेश की भूपेश सरकार ने उसको भी बदल दिया। कैसे बदला गया, यह पूरे प्रदेश ने देखा कि कहाँ-कहाँ इसका कितना च्कटज जाता था। पूरा सिस्टम ही बदल डाला।

भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार में भी पूरी ईमानदारी बरती गई ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री की नसीहत आरोप लगाने से पहले ईडी से पूछकर आएं



■ दिल्ली से आकर भाजपा नेता उल्टा-सीधा बयान दे रहे : भूपेश

पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा मीडिया के समक्ष दिए गए बयान पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बिना किसी जानकारी के दिल्ली से आकर भाजपा के नेता उल्टी-सीधा बयान दे रहे है। मुख्यमंत्री ने सपाट शब्दों में कहा कि यदि भाजपा के नेताओं को महादेव ऐप के बारे में बोलना ही है तो सबसे पहले वे ईडी से जाकर पूछे लें कि जांच किसने शुरु की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ईडी से पहले छत्तीसगढ़ पुलिस ने इसके खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की और 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया। इसी आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया है और रविशंकर इस मामले में हमारे से ही सवाल कर रहे है यह बड़ी हास्यास्पद बात है।

मुख्यमंत्री ने अपने ट्विटर पर लिखा कि भाजपा दिल्ली से अपने कथित दिग्गजों को बुला रही है और छत्तीसगढ़ के बारे में उल-जलूल बयान दिलवा रही है। वे बिना जानकारी अगड़म बगड़म कुछ भी बोले जा रहे हैं। अरे भैया महादेव ऐप के बारे में बोलना है तो पहले अपनी ईडी से तो पूछ लो कि जांच किसने शुरु की। छत्तीसगढ़ पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज करके जांच शुरु की सौ से ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### सार संक्षेप

#### सेना ने नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा

**जम्मू।** सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शुक्रवार को एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है जो प्रथमदृष्टया मानसिक रूप से विक्षिप्त लगता है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा सेना के सतर्क जवानों ने शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है ,जो मानसिक तौर पर अस्वस्थ है लेकिन सेना की ओर से सभी पहलुओं पर गौर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

#### किरेन रिजिजू मिजोरम के भाजपा चुनाव प्रभारी नियुक्त

**नई दिल्ली।** भाजपा ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू को मिजोरम के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया। शुक्रवार को पार्टी ने एक बयान में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनिल एंटनी और नागालैंड के उपमुख्यमंत्री यानथुंगो पैटन मिजोरम चुनाव के लिए पार्टी के सह-प्रभारी के रूप में काम करेंगे। मिजोरम की सभी 4 विधानसभा सीटों पर सात नवंबर को मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

#### बाढ़ में बहकर बंगाल पहुंचे मोर्टार किए नष्ट

**गंगटोक।** सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने और लहोनक झील टूटने से तीस्ता नदी में भयानक बाढ़ आई थी। इस बाढ़ की चपेट में सेना का बुदरांग डिपो भी आ गया था। बाढ़ के पानी में बहकर पड़ोसी राज्य बंगाल पहुंचे मोर्टार को सेना ने नष्ट कर दिया है। दो दिन में करीब 36 मोर्टार नष्ट किए गए हैं। क्रांति पुलिस चौकी प्रभारी मंसूरुद्दीन ने कहा कि पुलिस और सेना की टीम ने 16 मोर्टार बरामद किए। इसके बाद उन्हें चेंगमारी में डिफ्यूज कर दिया गया।

#### देश की समुद्री सीमाएं होंगी और अभेद्य : राकेश पाल

**कोलकाता।** भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक (डीजी) राकेश पाल ने कहा कि देश की समुद्री सीमाएं और अभेद्य होंगी। इसके लिए तटरक्षक बल कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। 225 तक बल के बेड़े में करीब 1 विमान और 2 गश्ती जहाजों को जोड़ा जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने देश में 28 नए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र बनाने की भी मंजूरी दी है।

# आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले

■ अवनीश बिलासपुर, गोयल रायगढ़ के कलेक्टर
■ गर्ग राजनांदगांव, जितेंद्र कोरबा के नए एसपी

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद राज्य शासन ने कलेक्टर और एसपी की नई पोस्टिंग जारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने दो जिलों बिलासपुर और रायगढ़ में कलेक्टरों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है। अवनीश कुमार शरण को बिलासपुर कलेक्टर बनाया गया है। वहीं कार्तिकेय गोयल रायगढ़ कलेक्टर बनाए गए हैं। फूड डिपार्टमेंड के स्पेशल सेक्रेटरी रहे मनोज सोनी की जगह इफ्फत आरा को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

इसी तरह चुनाव आयोग की सिफारिश पर गृह विभाग ने तीन जिलों में एसपी की पोस्टिंग की है। रामगोपाल गर्ग को दुर्ग, मोहित गर्ग को राजनांदगांव और जितेंद्र शुक्ला को कोरबा का एसपी बनाया गया है। वहीं बिलासपुर से हटाए गए एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी की जगह अर्चना झा और संजय ध्रुव की जगह अभिषेक कुमार झा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

आचार संहिता लगने के दो दिन बाद ही चुनाव आयोग ने राज्य के दो कलेक्टर और तीन एसपी को हटा दिया था. इनमें बिलासपुर कलेक्टर संजीव झा, रायगढ़ कलेक्टर तारन सिन्हा, दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा, राजनांदगांव एसपी अभिषेक मीणा और कोरबा ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

■ पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन पत्र दाखिल

**रायपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। पहले दिन 20 विधानसभा सीटों के लिए किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 समेत राजनांदगाँव, , मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 07 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 03 दिसंबर को होगी। प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

# आतंकवाद को लेकर बरतनी होगी सख्ती : मोदी

### पी-2 समिट को बताया संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ



■ खालिस्तान विवाद चलते नहीं आई कनाडा की स्पीकर

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में 9वें जी-20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी-20) का उद्घाटन किया। इसकी थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद' रखी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पी-20 समिट, उस भारत-भूमि पर हो रही है, जो मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। यह समिट एक प्रकार से दुनिया भर की संसदीय प्रथाओं का महाकुंभ है। कार्यक्रम में 25 देशों के प्रिजाइडिंग ऑफिसर और जी-20 सदस्य देशों के 10 डिप्टी स्पीकर शामिल हुए। हालांकि, खालिस्तान विवाद के बीच कनाडा की स्पीकर रेमोंडे गैग्ने कार्यक्रम में नहीं आईं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को लेकर हम सभी को सख्ती बरतनी होगी। आतंकवाद की परिभाषा को लेकर आम सहमति ना बन पाना बहुत दुखद है। आज भी ह इसका इंतजार कर रहा है। दुनिया के इसी रवैया का फायदा मानवता के दुश्मन उठा रहे हैं। दुनिया भर के प्रतिनिधियों को सोचना होगा की आतंकवाद के खिलाफ हम कैसे काम कर सकते हैं।

**भारत की संसद पर हमले का किया जिक्र**

मोदी ने कहा कि करीब 20 साल पहले आतंकवादियों ने हमारी संसद को निशाना बनाया था। उस समय संसद का सत्र चल रहा था और आतंकवादियों की मंशा सांसदों को खत्म करने की थी। दुनिया को भी एहसास हो रहा है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितनी बड़ी चुनौती है। आतंकवाद जहां भी होता, किसी भी कारण, किसी भी रूप में होता वह मानवता के विरुद्ध होता है।

# सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी



मोदी इंडिया नहीं अडाणी के पीएम उनकी जांच कब होगी : संजय सिंह

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह की न्यायिक हिरासत राउज एवेन्यू कोर्ट ने 14 दिन के लिए बढ़ा दी है। अब वे 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत रहेंगे। जज एम के नागपाल ने शुक्रवार को सिंह से कहा कि कोर्ट परिसर में ऐसे मामलों का जिक्र न करें, जो केस से जुड़े न हों। सुनवाई खत्म होते ही संजय सिंह जैसे ही कोर्ट से बाहर आए मीडिया से कहा कि मोदी जी इंडिया के नहीं, अडाणी के प्रधानमंत्री हैं। अडाणी के घोटालों की जांच कब होगी। इससे पहले 10 अक्टूबर को हुई सुनवाई के दौरान भी कोर्ट ने संजय सिंह से मीडिया से बातचीत न करने की नसीहत दी थी। मामले में अगली सुनवाई 17 अक्टूबर को होगी।

### महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

# आदेशों की नहीं कर सकते अनदेखी



■ विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर फैसले में देरी पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधायकों के अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत इस मामले में लगातार हो रही देरी पर एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट की प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पीठ ने ने कहा कि हमने नोटिस दिया, आदेश जारी किया, फिर भी कह रहे हैं कि विधानसभा अध्यक्ष ने कोई निर्णय नहीं लिया है। अगले चुनाव से पहले निर्णय लें अगर अगले चुनाव से पहले फैसला नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्रवाई बेमानी होगी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे गुट और शरद पवार गुट की याचिका पर संयुक्त सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस धनंजय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच के सामने सुनवाई हुई। इस समय मुख्य न्यायाधीश ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और महाधिवक्ता तुषार मेहता की बात सुनी। कोर्ट ने कहा कि 14 जुलाई को हमने नोटिस निकाला। यह आदेश सितम्बर में जारी किया गया था, लेकिन स्पीकर ने कुछ नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष ने जून के बाद से कोई कार्रवाई नहीं की है इसलिए अब उन्हें अगले चुनाव से पहले फैसला लेना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर चुनाव से पहले निर्णय नहीं लिया गया तो विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष कार्यवाही निरर्थक होगी। सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी नहीं की जा सकती।

### रामपुर कारतूस कांड में 13 साल बाद आया फैसला

# 24 दोषियों को 10-10 साल की कैद

**लखनऊ/रामपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में 13 साल पहले हुए कारतूस चोरी कांड के 25 में से 24 दोषियों को शुक्रवार को रामपुर कोर्ट के स्पेशल जज विजय कुमार ने दस-दस साल की कैद और दस दस हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में 20 पुलिस, पीएसी और सीआरपीएफ के कर्मचारी हैं। चार सिविलियन हैं। एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। अदालत ने बाकी सभी को जेल भेज दिया। केस में नौ गवाहों की गवाही अहम रही। शुक्रवार सुबह सभी दोषियों को कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। इस दौरान कोई बैग से तो कोई रुमाल से मुंह छिपाए था। हाथ में हथकड़ी लगी थी। कारतूस कांड में पुलिस ने 25 पुलिसवालों को आरोपी बनाया था। इनमें एक आरोपी पीएसी के रिटायर्ड दरोगा यशोदानंदन की मौत हो चुकी है। यह पूरा मामला सरकारी हथियारों की सप्लाई नक्सलियों को करने से जुड़ा हुआ था।

### अदानी मामले में जयराम रमेश का दावा

# दो साल में 12 हजार करोड़ देश से बाहर गए



**नई दिल्ली**, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने कह कि, ताजा खुलासों से संकेत मिलता है कि दो वर्षों में 12,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम देश से बाहर निकाली गई होगी। पार्टी ने अदानी मामले से जुड़े इन आरोपों को लेकर इसे आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने शुक्रवार को अदानी प्रकरण पर एक बयान में कहा, भाजपा ने अदानी ग्रुप को संपत्ति जुटाने में मदद की है। उन्होंने दावा किया कि यह रूपक लूट नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की जेब से चोरी है।

**मुद्दों से भटकाना नामुमकिन नहीं**

रमेश ने कहा कि यह आधुनिक भारत का सबसे बड़ा घोटाला है। इसमें लालच और हृदयहीनता के साथ-साथ भारत के लोगों के प्रति उदासीनता साफ देखी जा सकती है। उन्होंने कहा, यह इस भरोसे पर आधारित है कि ऐसा कोई घोटाला नहीं है जिसे प्रबंधित ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**चुनावी बॉन्ड से मिला पैसा**

सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर अदाणी समूह को संपत्ति हासिल करने में मदद करने का भी आरोप लगाया। जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा के पास चुनावी बॉन्ड से जमा फंड भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास इतने पैसे हैं जिससे उसे अपनी इच्छा के मुताबिक विधायक खरीदने और विपक्षी दलों को तोड़ने का अवसर

### रिपोर्ट

### भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर

# वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 111वें स्थान पर फिसला

■ सरकार ने रिपोर्ट को बताया त्रुटिपूर्ण व गलत

**नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत 223 ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है, जो पिछले साल से चार स्थान फिसल गया है। हालांकि, सरकार ने रिपोर्ट को त्रुटिपूर्ण और गलत बताते हुए खारिज कर दिया है।**

*आयरलैंड और जर्मनी के गैर-सरकारी संगठनों क्रमशः कंसर्न वर्ल्ड वाइड और वेल्ट हंगर हिल्फे द्वारा गुरुवार को जारी वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है, 2023 ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 28.7 अंक के साथ, भारत में भूखे रहने वालों का स्तर गंभीर है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक बयान में दावों का खंडन किया और कहा कि सूचकांक भूख का एक त्रुटिपूर्ण माप बना हुआ है और भारत की वास्तविक स्थिति को प्रतिबिंबित नहीं करता है। जीएचआई रिपोर्ट में पाकिस्तान को 102वें, बांग्लादेश को 81वें, नेपाल को 69वें और श्रीलंका को 60वें स्थान पर रखा गया है। दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका सबसे अधिक भूख स्तर वाले क्षेत्र थे। मंत्रालय ने कहा कि सूचकांक भूख का एक गलत माप है और गंभीर पद्धतिगत मुद्दों से ग्रस्त है। सूचकांक की गणना के लिए उपयोग किए जाने वाले चार संकेतकों में से तीन बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित हैं और पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकते। इसमें कहा गया है, चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संकेतक कुपोषित (पीओयू) आबादी का अनुपात 3,000 के बहुत छोटे नमूना आकार पर किए गए एक जनमत सर्वेक्षण पर आधारित है। इस बीच, रिपोर्ट में भारत को दुनिया की सबसे अधिक 18.7 प्रतिशत बाल कमज़ोरी दर के साथ गिना गया है, जो तीव्र कुपोषण का संकेत देता है। भारत में अल्प पोषण की दर 16.6 प्रतिशत और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर 3.1 प्रतिशत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 15 से 24 वर्ष की आयु की महिलाओं में एनीमिया की व्यापकता 58.1 प्रतिशत है। वैश्विक भूख सूचकांक 2022 की रिपोर्ट को लेकर भारत सरकार ने कहा था कि गलत जानकारी देना ग्लोबल हंगर इंडेक्स का हॉलमार्क लगता है। भारत को ऐसे देश के रूप में दिखाया जा रहा है जो अपनी आबादी के लिए फूड सिक्योरिटी और पोषण की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यह इंडेक्स भुखमरी को गलत तरीके से मापता है। इसमें जो मेथड इस्तेमाल किया जाता है वह भी गंभीर रूप से गलत है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स बताता है कि किसी भी देश में भुखमरी की स्थिति क्या है।*

# आदर्श आचार संहिता की पालन का जायजा लेने कलेक्टर-एसपी ने किया नगर भ्रमण




**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। इस दौरान राजनैतिक विज्ञापन, होर्डिंग, बैनर, फ्लैग, पोस्टर्स, पेपर्स आदि निर्धारित समयावधि में हटा दिये जाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देश पर अमल का जायजा लेने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका ऋषि महोबिया और पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने आज नगर पालिका परिसर गौरेला और पेंड्रा का सघन निरीक्षण किया। उन्होने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट से गांधी चौक गौरेला होते हुए अमरकंटक रोड से वापस गांधी चौक से रेस्ट हाउस रोड होते हुए गोरखपुर रेलवे फाटक से वापस मंगली बाजार रोड होते हुए गांधी चौक से संजय चौक से वेंकट नगर होते हुए अम्बेडकर नगर चौक से समता नगर कॉलोनी से वापस अंबेडकर चौक से बाईपास होते हुए ज्योतिपुर चौक से कलेक्ट्रेट तक निरीक्षण किया। इसी तरह कलेक्ट्रेट से पेंड्रा बस स्टैंड होते हुए पेंड्रा थाना से बजरंग चौक से शहर के अंदर की रोड से होते हुए मरवाही रोड में राजीव चौक से दुर्गा चौक से अमरपुर रोड में दुर्गा सरोवर से वापस दुर्गा चौक होते हुए कलेक्ट्रेट तक निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण सरकारी संपत्ति पर सभी राजनैतिक विज्ञापनों की वाल राइटिंग, पोस्टर्स, पेपर्स या किसी अन्य रूप से विरूपण, कट आउट, होर्डिंग्स, बैनर, फ्लैग आदि निर्वाचन की घोषणा से 24 घंटे के भीतर हटा दिये जाने के निर्देश थे।

सार्वजनिक संपत्ति तथा सार्वजनिक स्थानों में सभी राजनैतिक विज्ञापन या किसी अन्य रूप में विरूपण कट आउट, होर्डिंग, बैनर, फ्लैग इत्यादि निर्वाचन की घोषणा से 48 घंटों के भीतर और निजी संपत्ति पर प्रदर्शित सभी अप्राधिकृत राजनैतिक विज्ञापनों तथा स्थानीय विधि एवं न्यायालय के निर्देशों यदि कोई हो के अधीन सभी विज्ञापन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा से 72 घंटे के भीतर हटा दिये जाने के निर्देश थे।

# शाला सकोला की जिमनास्टिक छात्राओं को लगातार 23वीं बार ओवर ऑल चैंपियनशिप

## एक दर्जन से ज्यादा जिमनास्टिक छात्राओं के नेशनल में जाने की उम्मीद

## 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक गुरुकुल पेंड्रा रोड में हुआ आयोजन



**गौरेला पेंड्रा मरवाही**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला की छात्राओं ने 23वीं राज्य शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में जिमनास्टिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर लगातार 23वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप प्राप्त की है। जिस तरह से छात्राओं ने इस बार भी राज्य स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उसे उम्मीद है कि इस विद्यालय की दर्जन भर से ज्यादा जिमनास्टिक छात्राएं नेशनल में भाग ले सकेंगीं।

23 वीं राज्य राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन गुरुकुल पेंड्रा रोड में 10 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित था जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला की छात्राएं क्रमश:19 ईयर में चांदनी सुहानी गंगोत्री, प्रिया,, रिया किरण, लवली निर्मला सुधा धनेश्वरी 17ईयर में सानिया, सुषमा,अनसीना, आरती,,भारती, सुषमा, छाया 14ईयर में मोना, जया, पूनम,आँचल,अंकिता,शकुंतला, पूजा ने भाग लिया। खेल में भाग लेने के बाद 13 अक्टूबर को जिमनास्टिक की छात्राएं खिलाड़ी परिधान में शील्ड एवं कप के साथ 3.00 बजे लगभग विद्यालय पहुंची। छात्राओं में जीत की खुशी चेहरे पर स्पष्ट झलक रही थी। खेल प्रतियोगिता से वापस लौटी छात्राओं को देखकर विद्यालय में खुशी एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया और सभी छात्राएं अपनी कक्षाओं को छोड़कर विद्यालय के खेल मैदान में इकट्ठी हो गई और जिमनास्टिक की छात्राओं का का उत्साह पूर्वक स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव एवं सभी स्टाफ के सदस्यों ने छात्राओं को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी एवं उनका खूब उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर छात्राओं का सत्कार भी किया गया। छात्राओं ने जिमनास्टिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अपनी सहपाठी छात्राओं के साथ फोटोग्राफी कर करके खुशी का इजहार किया एवं आगे नेशनल जिमनास्टिक में ज्यादा से ज्यादा छात्राओं के चयनित होने के लिए शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने विद्यालय के खेल प्रशिक्षक रितेश सिंह एवं कोच निशा पांडे को छात्राओं की उपलब्धि के लिए बधाई प्रेषित की।

# ब्लॉक ग्रामीण एनएसयूआई अध्यक्ष बने चिराग



**तखतपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संगठन में नई ऊर्जा फूंकने प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह की अनुशंसा से तखतपुर ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष चिराग द्विवेदी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का ब्लॉक ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर चिराग द्विवेदी ने क्षेत्रीय विधायक रश्मि सिंह, विधानसभा अध्यक्ष सत्यम ताम्रकार एवं साथीगढ़ सहित संगठन का आभार जताया है।

# फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी



**तखतपुर**, 13 अक्टूकर (देशबन्धु)। तखतपुर नगर वार्ड क्रमांक 11 पीपल चौक के आशीष धुरी पिता स्व. दाऊ लाल 24 वर्ष ने रात्रि 10 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या की। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक आशीष धुरी मजदूरी का कार्य करता था तथा तीजा के समय से इसकी पत्नी मायके गई हुई थी और नवरात्रि में आऊंगी बोली थी। इस बीच में यह दुखद और दर्दनाक घटना घट गई। युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है वहीं मर्ग कायम कर पंचनामा उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## उम्मीदवारों के नामों पर...

यह आशीर्वाद प्रदेश की जनता का जन-आक्रोश है, जो भाजपा पर फूट रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार आदिवासियों का बजट खा गई। यह ऑडिट रिपोर्ट कह रही है। हमें यह विश्वास है कि पहले नवरात्रे पर विजय की शुरुआत हो जाएगी।

**झूठे वादे से जनता थक गई है**

कांग्रेस की पढ़ो-पढ़ाओ योजना पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। इस पर कमलनाथ ने कहा कि उनके झूठे वादे, 20 हजार झूठी घोषणाएं आज मध्य प्रदेश की जनता समझ गई है। इस वजह से वह बौखला गए हैं। मध्य प्रदेश की जनता झूठे वादे और घोषणाओं से थक गई है। अब कुछ ही दिन बचे है। जनता राहत का इंतजार कर रही है। कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची में वर्तमान विधायकों के साथ ही 66 हारी सीटों के नाम शामिल किए जा सकते हैं। इससे पहले केंद्रीय चुनाव समिति की सात अक्टूबर को हुई बैठक में 140 नामों पर चर्चा की गई थी। कई नेता श्राद्ध पक्ष में सूची जारी करने के पक्ष में नहीं थे। इस वजह से पार्टी की सूची जारी नहीं हो सकी है। कमलनाथ भी कह चुके है कि प्रत्याशियों की सूची श्राद्ध पक्ष के बाद आएगी। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले नेताओं को पहले ही इशारा कर दिया है।

## भ्रष्टाचार में ही पारदर्शी है ...

है। 500-600 करोड़ रुपए के कोयला घोटाला के बाद जब एक्साइज घोटाले के बारे में जानने की कोशिश की गई तो वहाँ तो और कमाल सामने आया। डुप्लीकेट होलोग्राम बन गया! कांग्रेस मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा उस बयान पर, जिसमें कहा गया है कि प्रदेश सरकार शराबबंदी के लिए प्रतिबद्ध है और यह चरणबद्ध पूरी की जाएगी, कटाक्ष करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह तो भूपेश सरकार की ऑफिशियल लाइन है। पाँच साल हो गए, प्रदेश सरकार ने एक कदम तक नहीं उठाया तो अब कब उठाएगी? दरअसल प्रदेश की कांग्रेस सरकार कभी कदम नहीं उठाने वाली थी । यह प्रदेश सरकार के लिए नोट कमाने वाली मशीन है। कोयला घोटाला की तरह ही शराब घोटाला में भी किसी को जमानत नहीं मिली है। प्रदेश सरकार के गौठान और गोबर घोटाला देखकर बिहार के चारा घोटाला की याद ताजा हो गई। मुख्यमंत्री बघेल ने स्व. अजीत जोगी से अच्छी तरह सीखा है। स्व. जोगी भी दिल्ली को फिट रखते थे, और मुख्यमंत्री बघेल की देखरेख में तो एटीएम ही खुला हुआ है। मुख्यमंत्री बघेल की ईटिंग-कटिंग-सैटिंग काफी हद तक स्व. जोगी के ढर्रे पर ही चलती है।

भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने मुख्यमंत्री बघेल के कैण्डी क्रश खेलते वायरल चित्र के मामले में किया कहा कि कहीं तो एकाध जगह छोड़नी चाहिए। मुझे मालूम नहीं था कि कैण्डी क्रश कोई गेमिंग एप होता है। श्री प्रसाद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री बघेल को गेमिंग एप से इतना प्यार क्यों है? जब इस मामले की तहकीकात की जा रही थी, तब महादेव एप की कहानी सामने आई। महादेव एप से जुड़ा भिलाई का एक नवजवान दुबई में अपनी शादी पर 200 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है! महादेव एप के एक भक्त मुख्यमंत्री बघेल के काफी नजदीकी हैं। तो अब समझ में आया कि मुख्यमंत्री बघेल को गेमिंग एप से इतना प्यार क्यों है, जो अपनी पार्टी की बैठक में भी कैंडी क्रश खेलते हैं! उसमें उनको आनंद आता है, हर प्रकार का आनंद आता है। पर बड़ा सवाल यह है कि छत्तीसगढ़ के नवजवान कितना निराश हुए हैं? युवाओं का प्रदेश की भूपेश सरकार ने क्या भविष्य बनाया है? श्री प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री बघेल को यूपीए के अनुभवों से सीख लेनी थी। कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, टू-जी, थ्री-जी स्पेक्ट्रम घोटाला, आदर्श घोटाला। आज सब जेल में हैं, परेशान हैं और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी घोटालों में अपने बचाव के लिए सुप्रीम कोर्ट में पिटीशन फाइल करनी पड़ी है। श्री प्रसाद ने कहा कि हम साफ-साफ कहना चाहते हैं, हमारी सरकार बन रही है, जितना ये प्रचार-कुप्रचार कर लें, जिस तरह अजीत जोगी हारे थे, उससे बड़ी हार इस बार भूपेश सरकार की होगी और इन तमाम घोटालेबाजों को भाजपा की सरकार छोड़ने वाली नहीं है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री प्रसाद ने सवाल किया कि मुख्यमंत्री बघेल को प्रधानमंत्री आवास से क्यों चिढ़ है? यह तो गरीबों के लिए है। केवल च्प्रधानमंत्रीज् लिखे होने के कारण प्रदेश सरकार ने गरीबों का आवास रोक दिया। धान-चावल खरीद को लेकर प्रदेश सरकार व कांग्रेस के बयानों पर पलटवार करते हुए श्री प्रसाद ने स्पष्ट किया कि यह भाजपा की केंद्र सरकार का कमिटमेंट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा कर दी है कि पूरा धान खरीदेंगे, कोई दिक्कत नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री बघेल की राम-भक्ति को ढोंग बताते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि भूपेश बघेल के पिता का राम के प्रति कितना प्यार है, यह तो छत्तीसगढ़ और देश की जनता जानती है। बड़ा सवाल यह है कि जब सनातन का अपमान किया गया, जब सनातन की तुलना डेंगू, एड्स, मलेरिया और छुआछूत के रोग से की गई, जब बिहार के मंत्री रामायण की चौपाई पढ़ना और पोटेशियम साइनाइड खाने को एक समान बता रहे थे, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र सनातन का अपमान कर रहे थे, तब मुख्यमंत्री बघेल क्यों चुप थे? सनातन स्थायी है, सनातन शाश्वत है। सनातन इसलिए शाश्वत है क्योंकि भगवान श्रीराम माँ शबरी के झूठे बेर खाते हैं, सनातन इसलिए प्रभावी है क्योंकि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जाति कुछ भी हो, वह हमारे लिए देव हैं, सनातन इसलिए प्रामाणिक है क्योंकि वेद व्यास, जिन्होंने वेदों की रचना की, उनकी माता मल्लाह समाज की थीं। संत रविदास में चर्मकार का काम करके भी उनमें इतना बड़ा संतत्व था कि सँन्यासी उनके पैर छूते थे। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने जातिगत जनगणना को कांग्रेस की शिगूफेबाजी बताते हुए सवाल दागा है कि यदि जातिगत जनगणना होगी तो जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी वाली बात कांग्रेस के अंदर लागू होगी या नहीं होगी? पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद सुनील सोनी, भाजपा चुनाव मीडिया प्रमुख व विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अशोक बजाज, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी व सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे।

## भाजपा नेताओं को मुख्यमंत्री की नसीहत...

अधिक लोगों को गिरफ्तार किया इसी के आधार पर ईडी ने मामला दर्ज किया और अब आप हमसे ही सवाल पूछ रहे हैं? सवाल हमारे पास भी हैं। केंद्र में भाजपा की सरकार है तो स्पोर्ट्स चैनलों और सोशल मीडिया पर दिन-रात विज्ञापनों के ज़रिए युवाओं को सट्टे की लत लगाने वाले जो अनगिनत गेम चल रहे हैं उन्हें सरकार क्यों नहीं रोक रही है? उन पर सरकार कानूनी पाबंदी क्यों नहीं लगाती? भाजपा नेता ये बता दें कि आपने इस ऑनलाइन सट्टे पर रोक लगाने की जगह इस पर जीएसटी किस मंशा से लगाया? युवाओं में सट्टे की लत लग रही है। मुझसे सैकड़ों अभिभावकों ने आकर शिकायत की है। कुल मिलाकर जीएसटी चाहिए, तो देश के करोड़ों युवाओं को सट्टे में धकेलोगे? इस पर जवाब दे दें भाजपा के नेता, फिर हमसे सवाल पूछें।

## आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के...

एसपी उदय किरण के नाम शामिल थे इनके अलावा दो एडिशनल एसपी पर भी आयोग की गाज गिरी थी। चुनाव आयोग ने दुर्ग के एडिशनल एसपी संजय ध्रुव और बिलासपुर के एडिशनल एसपी अभिषेक माहेश्वरी को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया था. नई नियुक्ति के लिए चुनाव आयोग ने राज्य शासन से तीन नामों का पैनल मांगा था। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों चुनाव आयोग की फुल बेंच जब आई थी, तब भाजपा ने कई ज़िलों के कलेक्टर-एसपी के अलावा कुछ अन्य अफ़सरों की लिखित शिकायत की थी।

## दो साल में 12 हजार करोड़ ...

नहीं किया जा सकता है। ऐसा कोई मुद्दा नहीं है जिसे मैनेज नहीं किया जा सकता या जिससे ध्यान न भटकाया जा सके। कांग्रेस नेता रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना उन पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लेकिन शहंशाह गलत हैं। भारत पर मोदानी का कब्जा नहीं होगा। भारत की जनता 2024 में जवाब देगी। रमेश ने एक अखबार की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि नवीनतम खुलासे के अनुसार, 2019 और 2021 के बीच 3.1 मिलियन टन की मात्रा वाले 30 अदाणी कोयला शिपमेंट का अध्ययन किया गया। इसमें कोयला व्यापार जैसे कम मार्जिन वाले व्यवसाय में भी 52 प्रतिशत लाभ का मार्जिन पाया गया।

# शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया

**तखतपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे कच्ची महुआ शराब को पुलिस ने जप्त करते हुए आबकारी अधिनियम 34,1, क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

ग्राम राजपुर में अवैध शराब बेचने की शिकायत प्राप्त हुई जिस पर थाना प्रभारी ने टीम बनाकर राजपुर भेजा जहां धनीराम घृतलहरे पिता तीजराम के पास से प्लास्टिक के जेरिकेन में तीन लीटर शराब जप्त करते हुए। आबकारी अधिनियम 34,1, क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। वहीं ग्राम डोमनपुर में जलेश्वर जायसवाल पिता टेकूराम उम्र 40 वर्ष के पास से साढ़े तीन लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया। वहीं कृष्ण कुमार कैवर्त, द्वारिका जायसवाल, गणेश सतनामी एवं विष्णु कैवर्त को सार्वजनिक जगह पर शराब पीने पर 36च की कार्यवाई की।

## निधन

## संतोष सिंह ठाकुर



**तखतपुर**। वार्ड क्रमांक 4 सुभाष नगर निवासी संतोष सिंह ठाकुर 50 वर्ष का गुरूवार को निधन हो गया। वे ओंकार सिंह ठाकुर के भाई एवं दीपक ठाकुर के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर**, 13 अक्टूकर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनक लाल मोतीलाल पांडे तखतपुर के छात्र द्वारा समस्याओं का हाल को लेकर पहुंचे अध्यक्ष एनएसयूआई विधानसभा तखतपुर सत्यम ताम्रकार को बताया छात्र नेता उदय पांडे ,अनुराग बंजारे ने बताया कक्षाओं में साफ सफाई शिक्षकों का मान सम्मान बिजली एवं टेबल की समस्या और इत्यादि समस्याओं को लेकर सभी एनएसयूआई के साथी एवं विद्यालय के छात्र पहुंचे प्राचार्य के पास साथ ही अपने समस्याओ को बताया और ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष एनएसयूआई विधानसभा तखतपुर सत्यम ताम्रकार, प्रियांशु डहेरिया, हर्ष दीप, हेमंत रजक, उदय पांडे, अंशु पांडे एवं स्कूल के छात्र अनुराग बंजारे रश्मि यादव प्रिया यादव लव यादव धनंजय यादव दीपक पटेल प्रशांत नवीन रवि आकाश भारत पटेल विजय जायसवाल कृष्ण हर्ष देवेंद्र ठाकुर विशाल ठाकुर गुलशन खाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लापरवाह डीजे संचालकों पर पुलिस कर रही कार्रवाई

## तेज आवाज में बज रहे डीजे को जप्त कर थाने ले आयी कोतवाली पुलिस



**रायगढ़** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। माननीय उच्चतम न्यायालय उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा डीजे संचालकों, हॉटल तथा मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक लिया जाकर ध्वनि प्रदूषण को लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित मापदंड, समय की जानकारी दिया गया एवं माननीय न्यायालय के दिशा निर्देशों की समझाइश दी गई थी। साथ ही प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से आमजन में भी माननीय न्यायालय के निर्देशों को प्रसारित किया गया था। समझाइश के दौर के बाद अब पुलिस नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करती नजर आ रही है। बीती रात्रि करीब 9:30 बजे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे को ढिमरापुर दीनदयाल कॉलोनी में डीजे संचालक द्वारा तेज ध्वनि से संगीत बजाने की सूचना मिली। थाना प्रभारी पेट्रोलिंग स्टाफ के साथ मौके पर जाकर तस्दीक किये, जहां डीजे संचालक तेज ध्वनि से संगीत बजा रहा था जिससे कॉलोनी के रहवासियों को काफी परेशानी हो रही थी। मौके पर पुलिस अधिकारियों द्वारा पंचनामा तैयार कर डीजे संचालक को नोटिस देकर विधिवत साउंड सिस्टम जिसमें लेपटॉप, मिक्सर मशीन, मॉस्पेट, क्रॉस ओव्हर को जप्त कर थाने लाया गया। डीजे संचालक जगेश्वर प्रसाद नामदेव पिता स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद नामदेव उम्र 50 साल निवासी ढिमरापुर दीनदयाल कॉलोनी रायगढ़ के विरुद्ध थाना कोतवाली में कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे के साथ प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, हेमन पात्रे और पेट्रोलिंग स्टाफ कार्यवाही में शामिल थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम पेण्डारी, तह.सकरी
जिला- बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा अनावेदक डेरोलियम साल्वेंट प्रोडक्ट लि.ए. कंपनी रजिस्टर्ड ऑफिस ग्राम पेंडारी द्वारा डायरेक्टर सुशील कुमार पिता महावीर अग्रवाल, निवासी पुराना सरकण्डा बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अरविंद गुलहरे पिता/ पति श्री गुरूदयाल गुलहरे, निवासी सीताराम मंदिर गोड़पारा के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रानुसार ग्राम पेण्डारी, प.ह.नं. 47, तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं1 1197/1 रकबा 25373 वर्गफीट/ 0.58 ए.भूमि राजस्व अभिलेख में अनावेदक डेरोलियम साल्वेंट प्रोडक्ट लि.ए. कंपनी रजिस्टर्ड ऑफिस ग्राम पेंडारी द्वारा डायरेक्टर सुशील कुमार पिता महावीर अग्रवाल, निवासी पुराना सरकण्डा बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। निर्णीत ऋणि डेकरोलियम सालवेंड प्रो. लिमि. के विरूद्ध महाजन ब्रदर्स के द्वारा न्यायालय श्रीमान सक्षम सिविल जज S.R.D.N.नागपुर द्वारा व्यवहार वाद क्र. 717/95 पक्षकार महाजन ब्रदर्स विरूद्ध डेरोलियम सालवेंट व अन्य में पारित निर्णय व आज्ञप्ति दिनांक 12.06.1996 के परिप्रेक्ष्य में आज्ञप्ति की राशि 23,72,379/- वसूली हेतु सक्षम जिला न्यायाधीश बिलासपुर द्वारा नीलामी की कार्यवाही की गई थी अतः माननीय सक्षम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर छ.ग. के आदेश के परिपालन में आवेदक के नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/10/2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील
अति. तहसीलदार
सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग.

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम अलीफिया अजिज पति अजिज जोहर अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम अलीफिया पति अजिज जोहर निवासी फ्लैट नं. 307 बुरहानी अपार्टमेंट, मोहम्मदी कॉलोनी, रोटरी मार्ग, खपरगंज, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम अलीफिया पति अजिज जोहर से जाना एवं पहचाना जाये।

**अलीफिया**
फ्लैट नं.- 307, बुरहानी अपार्टमेंट, मोहम्मदी कॉलोनी, रोटरी मार्ग खपरगंज, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **वर्षा तिराथानी पति श्री दयानंद तीराथानी** निवासी वार्ड नं. 47 c/o अर्जुन तीर्थानी मुक्ति धाम चौक तीर्थानी गली नया सरकंडा बिलासपुर (छत्तीसगढ़) मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **वर्षा तीर्थानी पति श्री दयानंद तीर्थानी** रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम **वर्षा तीर्थानी** से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

**वर्षा तीर्थानी**
पति श्री दयानंद तीर्थानी
वार्ड नं. 47 c/o अर्जुन तीर्थानी मुक्तिधाम चौक तीर्थानी गली नया सरकंडा बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **दयानंद तिराथानी पिता गिरधारी लाल तिराथानी** निवासी वार्ड नं. 47 c/o अर्जुन तीर्थानी मुक्तीधाम चौक तीर्थानी गली नया सरकण्डा बिलासपुर (छत्तीसगढ़) मैने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **दयानंद तीर्थानी पिता श्री गिरधारी लाल तीर्थानी** रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/ अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरा नया नाम **दयानंद तीर्थानी** से जाना-पहचाना व पुकारा जावे।

**दयानंद तीर्थानी**
पिता श्री गिरधारीलाल तीर्थानी
वार्ड नं. 47 c/o अर्जुन तीर्थानी मुक्तीधाम चौक तीर्थानी गली बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/ / अ.तह./ वा./ 2023
बिलासपुर, दिनांक 03/10/2023
रा.प्र.क्र. ..../ ब-121/ 2023
ग्राम कोनी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनोद पटेल पिता आकु पटेल निवासी ग्राम कोनी के द्वारा मृतिका कचरा बाई पटेल की मृत्यु दिनांक 09/10/2021 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 16.10.2023 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(शशि भूषण सोनी)
अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)
सील

**शपथ पत्र**

मैं अक्षरा गुलाब भवनानी उम्र 38 वर्ष पति श्री गुलाब हसनंद भवनानी निवासी- रूम नं. 9 बीआरके 72, रेखा अपार्टमेंट 24 स्कूल उल्हासनगर थाने महाराष्ट्र की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूं कि :-

1/ यह कि मेरे नाम पर भा.जी.बी.नि. की पालिसी क्र. 358893804 और 358893805 है दोनों पालिसी में मेरा नाम गीता भवनानी लिखी गयी है।

2/ यह कि गीता भवनानी मेरा विवाह के पूर्व का नाम है और विवाह के पश्चात् मेरा नाम अक्षरा गुलाब भवनानी हो गयी है और अब मैं यही नाम अक्षरा गुलाब भवनानी लिखती व दर्ज करती हूं और सभी लोग मुझे इसी नाम से जानते व पहचानते हैं।

3/ यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 2507 9983 0223 और पेन कार्ड में भी यही नाम अक्षरा गुलाब भवनानी लिखी गयी है।

4/ यह कि मेरे उपरोक्त दोनों पालिसी में नाम सुधार कर सही व वास्तविक नाम अक्षरा गुलाब भवनानी की जानी है।

5/ यह कि गीता भवनानी और अक्षरा गुलाब भवनानी दोनों एक ही महिला के नाम से अर्थात दोनों ही नाम मेरे हैं इसलिए यह शपथ पत्र भा.जी.बी.नि. कार्यालय में अपने कथन के समर्थन में सबूती के तौर पर प्रस्तुत कर रही हूं।

अक्षरा गुलाब भवनानी
शपथकर्ता

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र. क्र. 207/ ब-121/ 2022-2023
ग्राम भठली तहसील नवागढ़

**ईश्तहार**

आवेदक उमेश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता श्री शत्रुहन जाहिरे जाति सतनामी निवासी ग्राम भठली तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका देवकी यादव उम्र 19 वर्ष पिता श्री गणेश यादव जाति यादव निवासी वार्ड नं. 20 पहाड़ी पारा धनेली तहसील धरसीवा थाना रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम भठली तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता श्री शत्रुहन जाहिरे जाति सतनामी निवासी ग्राम भठली तहसील व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका देवकी यादव उम्र 19 वर्ष पिता श्री गणेश यादव जाति यादव निवासी वार्ड नं. 20 पहाड़ी पारा धनेली तहसील धरसीवा थाना रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.10.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
विवाह अधिकारी
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**कार्यालय परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ**

**निविदा सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक TC/CG/IT/Election/ 2023

नवा रायपुर-अटल नगर, दिनांक - 13.10.2023

कार्य : विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान, सेक्टर ऑफिसर एवं मतदान दलों के परिवहन हेतु प्रयुक्त EVMs & VVPATs युक्त वाहनों की ट्रैकिंग हेतु जीपीएस लगाने एवं मॉनिटिरिंग के लिए तकनीकी व्यवस्था के संबंध में निविदा आमंत्रण सूचना।

| | |
|---|---|
| निविदा हेतु प्रि-बिड तिथि | 16.10.2023 दोपहर 03.00 बजे |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : | 23.10.2023 को सुबह 10.30 बजे तक। |
| निविदा की टेक्निकल बिड खोलने की तिथि | 23.10.2023 को समय सुबह 11.30 बजे। |
| तकनीकी प्रस्तुति की तिथि | 23.10.2023 को समय दोपहर01.30 बजे। |
| वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 23.10.2023 को समय शाम 04.00 बजे। |

उपरोक्त ई-निविदा सूचनाओं की पूरी जानकारी वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

नोट:- अधिक जानकारी के लिए कार्यालय परिवहन आयुक्त में संपर्क कर सकते हैं।

जी- 06128/11

# देश

उवाच

“ कोई भी आईटी छापेमारी बिना राजनीतिक मकसद के नहीं होगी। सिर्फ हमारे राज्य में ही नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों में भी राजनीतिक मकसद से आईटी छापे मारे जा रहे हैं:-डीके. शिवकुमार, डिप्टी सीएम कर्नाटक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.2 | 19.8 |
| मुंबई | 35.1 | 26.8 |
| कोलकाता | 35.5 | 26.4 |
| चेन्नई | 32.6 | 23.5 |

# हरित ऊर्जा, डिजिटल परावर्तन और महिला नीत विकास विश्व में बहुत बड़े बदलाव का वाहक बनेगा: बिरला

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों का मानव केन्द्रित विकास के लिए काम करने का आह्वान किया और कहा कि हरित ऊर्जा, डिजिटल परावर्तन और महिला नीत विकास 21वीं सदी के विश्व में बहुत बड़े बदलाव का वाहक बनेगा। श्री बिरला ने जी-20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन पी-20 के उद्घाटन समारोह में अपने स्वागत भाषण में यह बात कही। समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी थे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में में अंतरराष्ट्रीय संसदीय संघ (आईपीयू) के अध्यक्ष दुआरते पचेको उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, भारत की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व एवं वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह वैश्विक चुनौतियों पर जी 20 देशों की एकजुटता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है। निश्चित रूप से भारत की अध्यक्षता ने जी-20 को समावेशी, आकांक्षी, भविष्य उन्मुख, निर्णायक और मानव-केंद्रित दृष्टिकोण दिया है।

श्री बिरला ने कहा, 'लोकतंत्र हमारी सबसे अमूल्य विरासत है। लोकतंत्र हमारी जीवन



भारत की अध्यक्षता में हाल ही में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणापत्र को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व एवं वैश्विक दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह वैश्विक चुनौतियों पर जी 20 देशों की एकजुटता और प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है:-ओम बिरला, अध्यक्ष लोकसभा

शैली, हमारे आचार, विचार और व्यवहार में है। एक तरह से यह हमारी संस्कृति और संस्कार में आत्मसात है। इसलिए जब हमारा देश आजाद हुआ, तब स्वाभाविक रूप से हमने संसदीय लोकतंत्र को अपनाया। वस्तुत: लोकतंत्र ही हमारे शासन तंत्र की पारदर्शिता और जवाबदेही का मूल आधार है। विशालता, विविधता और बहुलता भारत के लोकतंत्र की पहचान है। हमने 75 वर्षों के लोकतंत्र की गौरवशाली यात्रा में जनकेंद्रित शासन के माध्यम से आम जनता के जीवन में सामाजिक, आर्थिक बदलाव किए हैं।' उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा दरअसल हमारी संस्कृति का बुनियादी सिद्धांत है। इस सम्मेलन का मुख्य विषय 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसदें' हैं। हम विश्व को एक परिवार मानते हैं, जो हमारी सहभागिता, सहकारिता, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को दर्शाता है। पी20 में हम इसी भावना को और मजबूत करेंगे।' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, पर्यावरण के विषय पर ठोस एवं निर्णायक वैश्विक कार्य योजना आज समय की मांग है। श्री मोदी ने 'मिशन लाइफ' का जो विजन विश्व के समक्ष रखा है, उस पर कल की बैठक में विस्तृत चर्चा हुई। सभी प्रतिनिधियों का मानना था कि पर्यावरण किसी एक देश का विषय नहीं है बल्कि हम सबकी व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हम अपनी जीवनशैली में ऐसे बदलाव करें जो हमारे पर्यावरण के संरक्षण के लिए उपयोगी हो। उन्होंने कहा, 'मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि इस मिशन को जी-20 समूह के सभी देशों की संसदों का भरपूर समर्थन मिला। सबने अपनी-अपनी संसदों में मिशन लाइफ पर चर्चा करने तथा इसे एक जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प किया। इसके लिए मैं आप सबका आभार व्यक्त करता हूँ।'

## ओम बिरला को मिला दक्षिण कोरिया आने का न्योता



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को शुक्रवार को दक्षिण कोरियाई राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष किम जिन-प्यो से दक्षिण कोरिया आने का न्योता मिला। श्री बिरला ने जी 20 देशों के संसद अध्यक्षों के नौवें शिखर सम्मेलन - पी 20 की दौरान अलग से श्री किम के साथ एक मुलाकात की। श्री किम ने श्री बिरला को दक्षिण कोरिया आने का न्योता दिया ताकिदोनों देशों काआपसी सहयोग बढ़ सके। मुलाकात के दौरान श्री बिरला ने भारत और दक्षिण कोरिया के मजबूत संबंधों का उल्लेख किया और कहा कि वर्ष 2023 में दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश राजनीति, व्यापार, निवेश, रक्षा, संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में दोनों मजबूत साझेदार हैं। इसके अलावा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच परस्पर संपर्क भी सुदृढ़ हुए हैं।

# आतंकवाद, हिंसा मानवाधिकारों के खिलाफ हैं, भारत शांति में विश्वास करता है: कोविंद

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के कृत्य मानवाधिकार के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और इनकी निंदा होनी चाहिए। श्री कोविंद ने कहा कि भारत बराबर मानवाधिकारों का सम्मान करता है और कहीं भी युद्ध शुरू किए जाने के बजाय शांति में विश्वास रखा है। पूर्व राष्ट्रपति राजधानी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'भारत सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में हिंसा और आतंकवाद की निंदा करता है।' इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने कहा कि हिंसक उग्रवाद-मानवाधिकारों, अंतरराष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और सतत विकास के लिए खतरा है, इसलिए जागरूकता बढ़ाने के लिए



हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के कृत्य मानवाधिकार के बुनियादी सिद्धांतों के विरुद्ध हैं और इनकी निंदा होनी चाहिए। भारत बराबर मानवाधिकारों का सम्मान करता है और कहीं भी युद्ध शुरू किए जाने के बजाय शांति में विश्वास रखा है:-रामनाथ कोविंद, पूर्व राष्ट्रपति

इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार में वोट देने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है। राज्य को हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए , ताकि नागरिक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का आनंद उठा सकें। श्री कोविंद ने कहा कि मानवाधिकार आयोग ने इन 30 वर्षों में मानवाधिकारों के संवर्धन, संरक्षण और समाज के वंचित तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों का पूरा समर्थन किया है। पूर्व राष्ट्रपति ने इस अवसर पर हाल में भारत की अध्यक्षता में नयी दिल्ली में हुए जी20 देशों के शिखर सम्मेलन में अफ्रीकी यूनियन को अफ्रीकी संघ को समूह का पूर्ण सदस्य बनाये जाने का उल्लेख किया और कहा कि हमारा यह प्रयास दर्शाता है कि हम 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरी दुनिया एक परिवार है, के सिद्धांत पर विश्वास करते हैं और उस पर कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति और अपने प्रभाव को और बढ़ाया है तथा मानवाधिकारों के हित में, जलवायु संबंधी चुनौतियों का समाधान करने, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ाने पर जोर दिया है।

## सार संक्षेप

### इजरायल से लौटने वालों के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने दिल्ली में हेल्प डेस्क खोला

कोलकाता। संघर्ष प्रभावित इजरायल से आने वाले बंगाल के निवासियों को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नई दिल्ली के बंग भवन में एक हेल्प डेस्क खोलने की घोषणा की। इसी तरह के हेल्प डेस्क दिल्ली और कोलकाता एयरपोर्ट पर भी ममता सरकार ने बनाए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि राज्य सरकार उन निवासियों का खर्च वहन करेगी जो पहले ही इजरायल से नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। सीएम ने कहा, भारतीय/बंगाली युद्धग्रस्त इजरायल छोड़ रहे हैं और मैंने अपने मुख्य सचिव और दिल्ली रेजिडेंट कमिश्नर से हमारे संकटग्रस्त रिटर्नर्स को मुफ्त में हर संभव सरकारी सहायता देने के लिए कहा है।

### तेलंगाना में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, वरिष्ठ नेता ने दिया इस्तीफा

हैदराबाद। तेलंगाना में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता और पूर्व टीपीसीसी प्रमुख पोन्नाला लक्ष्मैया ने पार्टी के भीतर पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अविभाजित आंध्र प्रदेश में राज्य मंत्री रह चुके पोन्नाला मीडिया के सामने इस्तीफे की घोषणा करते समय भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के साथ अपना 4 साल पुराना नाता तोड़ रहे हैं क्योंकि वह पार्टी में उनके और अन्य पिछड़े नेताओं के अपमान और उपहास को सहन नहीं कर सकते। वरिष्ठ नेता ने पार्टी में अन्यायपूर्ण माहौल का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा।

### सुप्रीम कोर्ट ने सिंधिया के राज्यसभा चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 22 में मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। जस्टिस हृषिकेश रॉय और जस्टिस संजय करोल की पीठ ने कहा कि मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ कांग्रेस नेता गोविंद सिंह की याचिका में हस्तक्षेप का कोई मामला नहीं बनता है। गोविंद सिंह ने 19 जून, 22 को हुए सिंधिया की उम्मीदवारी को इस आधार पर चुनौती दी थी कि शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र जमा करते समय उन्होंने भोपाल में दर्ज एफआईआर के संबंध में जानकारी का खुलासा नहीं किया था। यह तर्क दिया गया कि सिंधिया ने अपने नामांकन पत्र में एफआईआर का खुलासा न कर तथ्यों को छुपाया जो धोखाधड़ी और भ्रष्ट आचरण के बराबर है और उनके चुनाव को शून्य घोषित किया जाना चाहिए।

# सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, टीवी की बहसों में अक्सर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है: न्यायमूर्ति मिश्रा

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ने शुक्रवार को यहां कहा कि सोशल मीडिया और टीवी पर चर्चाओं के गिरते स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बहस में शामिल पक्षों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि असभ्य बहस और संवाद का युवा पीढ़ी पर बुरा असर न पड़े। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर और टीवी बहसों में अक्सर मानवाधिकारों का उल्लंघन होता है जिससे व्यक्तियों की गरिमा और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने राजधानी में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 30वें स्थापना दिवस समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि आज के दौर में, पूरे देश की मीडिया के बहसों का स्तर दिन-ब-दिन स्तर गिरता जा रहा है, जो



बहस में शामिल पक्षों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि असभ्य बहस और संवाद का युवा पीढ़ी पर बुरा असर न पड़े:- अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति, अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग

कि बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी है कि वे यह सुनिश्चित करें कि युवा पीढ़ी पर असभ्य बहस और संवाद का बुरा प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि पहले दौर की पत्रकारिता के उद्देश्य और आज की पत्रकारिता का उद्देश्य में काफी अंतर होता जा रहा है, जहां पत्रकारिता के शुरुआती दौर में निष्पक्षता के साथ जनता की आवाज, उनकी मांग को सरकार तक पहुंचाना था और सरकार द्वारा शुरू की गईं योजनाओं का लाभ के बारे में जनता को जागरूक करना था, वहीं आधुनिक पत्रकारिता में एक पक्ष में कड़े होकर एक-दूसरे की खामियां निकालना भर रह गया है।

न्यायमूर्ति मिश्रा ने मतदान अधिकार की बात करते हुए कहा कि मानवाधिकार में मतदान करने और सरकार चुनने का अधिकार भी शामिल है। राज्य को हिंसा-मुक्त चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि नागरिक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकारों का आनंद उठा सकें।

## मध्य प्रदेश चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 15 अक्टूबर को जारी होगी : कमलनाथ



**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के बाद कहा कि मध्य प्रदेश चुनाव के लिए पार्टी 15 अक्टूबर को नवरात्रि के पहले दिन उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करेगी। सीईसी बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की और इसमें पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, पार्टी के वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, अधीर रंजन चौधरी और कई अन्य लोग शामिल हुए। बैठक में मध्य प्रदेश इकाई के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, राज्य प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और कई अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। राज्य सीईसी की बैठक दो घंटे से अधिक समय तक चली।

बैठक के बाद कमलनाथ ने कहा, 'हमने 60 सीटों पर चर्चा की है। हम स्क्रीनिंग कमेटी और सीईसी की दोबारा बैठक करेंगे और फिर सूची को अंतिम रूप देंगे।' उन्होंने कहा, 'हम श्राद्ध के बाद अपनी (उम्मीदवारों की) सूची की घोषणा करेंगे। हम उसके अनुसार आगे बढ़ रहे हैं ताकि 15 अक्टूबर को अपनी (उम्मीदवारों की) सूची जारी कर सकें। जितनी अधिक चर्चा होगी, उतना बेहतर होगा क्योंकि कई नई चीजें सामने आएंगी।' इस बीच सुरजेवाला ने कहा, 'हम अपनी पहली सूची नवरात्रि के पहले दिन जारी करेंगे।'

# दुर्गा पूजा के पहले नीतीश सरकार ने कर्मचारियों को दिया तोहफा, प्रोन्नति योग्य कर्मियों को मिलेगा प्रभार



**पटना,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार सरकार ने दुर्गा पूजा के पहले सरकारी कर्मचारियों को तोहफा दिया है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रोन्नति योग्य सरकारी कर्मचारियों को प्रभार देने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने बताया कि इस बैठक में कुल आठ प्रस्तावो को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि बिहार में सामान्य प्रशासन विभाग के तहत राज्याधीन सेवाओं में प्रोन्नति के पदों पर योग्य कर्मियों को कार्यकारी प्रभार देने की स्वीकृति कैबिनेट में दी गई है। प्रमोशन में एससी-एसटी कर्मियों को कोटे के अंदर कोटा दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में राज्य कर्मियों की प्रोन्नति का मामला लंबित है। इसके तहत राज्य सरकार कार्यकारी व्यवस्था के रूप में अपने ही वेतनमान में कर्मियों को प्रभार देकर कार्य कराती थी। इस निर्णय के बाद राज्य सरकार द्वारा उच्चतर पदधारकों को उसी उच्चतर पद का वेतनमान दिया जायेगा।

इसके तहत एससी-एसटी के 17 फीसदी पद सुरक्षित रखकर प्रोन्नति दिया जाएगा। एससी वर्ग के कर्मियों को 16 प्रतिशत और एसटी वर्ग के कर्मियों के लिए एक फीसदी को आरक्षित रखा जाएगा। सरकार के इस फैसले से करीब 5 लाख सरकारी सेवक को फायदा होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में उग्रवाद प्रभावित राज्यों में केन्द्र प्रायोजित 'विशेष आधारभूत संरचना योजना' (वर्ष 2022-26) के तहत कार्य बल एवं उग्रवाद प्रभावित जिलों के जिला पुलिस बल के उन्नयन एवं सुदृढीकरण के लिए 37 करोड़ 83 लाख रुपए दिए जाएंगे।

# केसीआर 15 अक्टूबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे

**हैदराबाद,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव 15 अक्टूबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे। केसीआर 15 अक्टूबर से जोरदार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे। वे 17 दिनों में 41 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे। भारत के चुनाव आयोग द्वारा 119 सदस्यीय तेलंगाना विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान की तारीख की घोषणा के साथ, बीआरएस प्रमुख ने चुनावी दौरा कार्यक्रम तैयार किया है। मुख्यमंत्री के रूप में हैट-ट्रिक का लक्ष्य रखते हुए, केसीआर हर दिन दो से तीन सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री 15 अक्टूबर को औपचारिक रूप से चुनाव अभियान शुरू करने के लिए तैयार हैं। अपने प्रतिद्वंद्वियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए, केसीआर ने 21 अगस्त को 119 में से 115 सीटों के लिए बीआरएस उम्मीदवारों की घोषणा की। उम्मीद है कि पार्टी अगले कुछ दिनों में शेष सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा करेगी। केसीआर 15 अक्टूबर को हैदराबाद में पार्टी मुख्यालय तेलंगाना भवन में बीआरएस उम्मीदवारों को बी-फॉर्म वितरित



- केसीआर 15 अक्टूबर से जोरदार चुनाव प्रचार शुरू करेंगे
- 17 दिनों में 41 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करेंगे

करेंगे। वह उम्मीदवारों को संबोधित भी करेंगे, उन्हें निर्देश और सुझाव देंगे और चुनाव में पालन किए जाने वाले नियमों के बारे में बताएंगे। इस अवसर पर बीआरएस सुप्रीमो पार्टी का घोषणापत्र भी जारी करेंगे।

उसी दिन, वह हुस्नाबाद विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल सार्वजनिक बैठक को संबोधित करके पार्टी अभियान की शुरुआत करेंगे। अगले दिन, वह जनगांव और भोंगिर विधानसभा क्षेत्रों में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करेंगे। वह 17 अक्टूबर को सिद्दीपेट और सिरसिला में सार्वजनिक बैठकों में भाग लेंगे।

वह अगले दिन जडचेरला और मेडचल निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करेंगे। एक सप्ताह के लंबे अवकाश के बाद, बीआरएस प्रमुख 26 अक्टूबर को अचम्पेट, नगरकुर्नूल और मुनुगोडे में सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करके अभियान फिर से शुरू करेंगे। पलेरू और स्टेशन घनपुर में सार्वजनिक बैठकें 27 अक्टूबर को निर्धारित हैं। केसीआर 29 अक्टूबर को कोडाद, थुंगथुरथी और अलेरु में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। अगले दिन, वह जुक्कल, बांसवाड़ा और नारायणखेड़ में बैठकों को संबोधित करेंगे। हुजूरनगर, मिर्यालगुडा और देवरकोंडा उनके अगले पड़ाव होंगे। 1 नवंबर को वह सथुपल्ली और येलांडु में प्रचार करेंगे। 2 नवंबर को निर्मल, बालकोंडा और धर्मपुरी में चुनावी रैलियां निर्धारित हैं। अगले दिन केसीआर मुधोल, आर्मूर और कोरुतला निर्वाचन क्षेत्रों में बैठकों को संबोधित करेंगे।

# एम्स 26 सप्ताह की गर्भवती महिला का नए सिरे से मूल्यांकन करे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को 26 सप्ताह की गर्भवती एक महिला की शारीरिक और चिकित्सीय स्थितियों का नए सिरे से मूल्यांकन करने का शुक्रवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता दो बच्चों की मां के दावों पर विचार किया कि वह अवसाद और गंभीर प्रसवोत्तर मनोविकृति से पीड़ित थी। शीर्ष अदालत के समक्ष महिला (27) ने याचिका दायर करके अपनी मानसिक बीमारियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। पीठ ने दिल्ली के एम्स के मेडिकल बोर्ड को याचिकाकर्ता के भ्रूण के स्वास्थ्य का पता लगाने का भी आदेश दिया। पीठ ने एम्स को याचिकाकर्ता की मानसिक और शारीरिक स्थिति का



- पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा

स्वतंत्र मूल्यांकन करने की भी छूट दी। पीठ ने कहा कि एम्स की पहले की रिपोर्ट में कहा गया है कि भ्रूण सामान्य है, लेकिन मामले में कोई संदेह न हो इसके लिए आगे की मेडिकल रिपोर्ट पेश की जा सकती है। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई सोमवार को करेगी। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को महिला से गर्भ को समाप्त करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा था, क्योंकि उसका भ्रूण अब एक अजन्मा बच्चा है और वह उसे मार नहीं सकती। पीठ ने डॉक्टरों के लिए गंभीर नैतिक दुविधा पर भी विचार किया, क्योंकि गर्भावस्था को समाप्त करना भ्रूण हत्या के समान होगा।

पीठ ने पूछा था, 'महिला की स्वायत्तता सर्वोपरि होनी चाहिए, लेकिन अजन्मे बच्चे का क्या, कोई भी उसके लिए पेश नहीं हो रहा है।आप अजन्मे बच्चे के अधिकारों को कैसे संतुलित करते हैं।' शीर्ष अदालत की दो महिला न्यायाधीश बुधवार को इस बात पर असहमत थीं कि उस महिला की 26 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जाए या नहीं, जिसे पहले अदालत ने गर्भपात की अनुमति दी थी।

चुनाव | *राजनीतिक दल उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाने में जुटे*

# सौदेबाजी के चलते अटक रहा है दल-बदल

**भोपाल, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में कई नेताओं ने दल-बदल का मन बना लिया है। मगर, उनके कदम सौदेबाजी के कारण थमे हुए हैं, जिस नेता का सौदा पट जाएगा वह दल-बदल करने में हिचक नहीं दिखाएगा। राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने 17 नवंबर की तारीख तय कर दी है और राजनीतिक दल उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगाने में जुटे हैं।**

भाजपा अब तक चार सूचियां जारी कर चुकी है और इसके जरिए 230 विधानसभा सीटों में से 136 के लिए उम्मीदवारों के नाम भी तय कर चुकी है। अब सिर्फ 94 उम्मीदवारों के नाम की सूची आनी शेष रह गई है।

कांग्रेस में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा चल रही है और श्राद्ध पक्ष के बाद सूची आने की संभावना जताई जा रही है। राज्य में भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी भी उम्मीदवारों की सूची लगातार



जारी कर रही है। इस बीच कांग्रेस और भाजपा में कई दावेदार ऐसे हैं, जो पार्टी की सूची में नाम न आने पर बगावत का झंडा बुलंद कर सकते हैं। कई नेताओं की तो दूसरे दलों के प्रमुख नेताओं से बातचीत भी चल रही है। कई दावेदारों ने दूसरे दल से सौदा यह कहते हुए करना शुरू कर दिया है कि वे दल-बदल तभी करेंगे, जब उन्हें उम्मीदवारी का पूरा भरोसा दिला दिया जाएगा। दावेदारों की सौदेबाजी के कारण ही कई क्षेत्रों के उम्मीदवारों का फैसला राजनीतिक दल नहीं कर पा रहे हैं और संभावना इसी बात की है कि जब सौदेबाजी हो जाएगी तभी दल-बदल करने वाले नेताओं के क्षेत्र के उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी होगी।

- मध्य प्रदेश में कई नेताओं ने दल-बदल का मन बना लिया है। मगर, उनके कदम सौदेबाजी के कारण थमे हुए हैं
- जिस नेता का सौदा पट जाएगा वह दल-बदल करने में हिचक नहीं दिखाएगा

### सिंधिया ने नहीं किया विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार

भोपाल। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्पष्ट कर दिया है कि उन्होंने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार नहीं किया है और इस संबंध में कतिपय मीडिया में आ रहीं खबरें पूर्णत: फर्जी हैं। नई दिल्ली स्थित श्री सिंधिया के कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा प्रसारित ये खबर कि श्री सिंधिया ने कल भोपाल में पार्टी कोर कमेटी की मीटिंग में स्वयं विधानसभा चुनाव लड़ने से मना किया है, पूर्णत: आधारहीन व फर्जी हैं। आज कुछ मीडिया में इस प्रकार की खबरें सामने आई थीं कि श्री सिंधिया ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। श्री सिंधिया के कार्यालय की ओर से इसी बारे में प्रतिक्रिया सामने आई है। मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अब तक सात लोकसभा सांसदों को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

# अभिमत

*राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा।*

## न्याय की तलाश और बिहार की जातिगत जनगणना



डॉ.मलय मिश्रा

> **यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी।**

गांधी जयंती पर बिहार सरकार द्वारा जारी व्यापक जाति सर्वेक्षण (काम्प्रिहेन्सिव कास्ट सर्वे-सीसीएस) ने 1990 के दशक की शुरुआत की यादों को ताजा कर दिया है जो मंडल आयोग की रिपोर्ट जारी होने और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए आडवाणी के नेतृत्व वाली रथ यात्रा (जो दिसंबर 1992 में बाबरी मस्जिद के विध्वंस के रूप में समाप्त हुई थी) से जुड़ी हुई हैं। पहला नाम मंडल कमंडल से जोड़ा गया जिसका इस्तेमाल वीपी सिंह सरकार द्वारा ओबीसी को जाति-आधारित आरक्षण देने के लिए मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू करने के प्रयासों का वर्णन करने के लिए किया गया था और जिसे भाजपा की वोट हासिल करने के लिए उभरती हुई हिंदुत्व की प्रचलित धारणा के खिलाफ माना गया था।

विपक्षी दलों और यहां तक कि सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन में शामिल अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व वाले 'अपना दल' ने भी छोटे जाति-आधारित समूहों की राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना सीसीएस की मांग का प्रस्ताव रखा है। केंद्र में इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में सत्ता में आने पर कांग्रेस ने वादा किया है कि वह जाति आधारित जनगणना करवाएगी। यदि ऐसा होता है तो स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित जनगणना कराने का यह पहला अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि पिछली जाति जनगणना 1931 में की गई थी। याद रखने वाली बात यह है कि पिछले दशक में जनगणना 2011 में की गई थी और 2021 में होने वाली जनगणना को कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाद में जनगणना के प्रति मोदी सरकार की उदासीनता के कारण यह काम टाल दिया गया है।

2014 में सत्ता में आने के बाद से भाजपा ने हिंदू आधार को मजबूत करने और हिंदुओं की सभी जाति समूहों को एक व्यापक तम्बू के नीचे लाने में सक्षम होकर व्यवस्थित रूप से अपनी प्रोफाइल, सदस्यता और मतदान प्रतिशत में वृद्धि की है। भाजपा के वोट शेयर का एक बड़ा हिस्सा खुद को हिंदुओं के हितों की रक्षा करने वाली हिंदू पार्टी के रूप में पेश करने से आता है। इस परिप्रेक्ष्य में पार्टी ने उच्च जातियों-ब्राह्मणों, बनिया, कायस्थों के साथ-साथ ओबीसी और अन्य अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों के एक व्यापक समूह का समर्थन किया है जहां निचली जातियों ने सत्ता-साझेदारी के इंद्रधनुषी गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए अपने हितों को छोड़ दिया है। इस रणनीति से भाजपा को 2014 और 2019 के आम चुनावों में लगातार जबरदस्त लाभ मिला है। हिंदी-हिंदू बेल्ट के तीन राज्यों सहित पांच राज्यों में चुनावों के कुछ महीने बाद लोकसभा का अगला आम चुनाव आ रहा है। बिहार जाति सर्वेक्षण ने दिखाया है कि बिहार की आबादी में 63 प्रतिशत लोग अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (एक्सट्रीमली बैकवर्ड क्लास-ईबीसी) के हैं जिसमें एससी की साझेदारी19.65 फीसदी है। इस प्रकार एससी और एसटी समूहों के साथ-साथ हिंदू धर्म के व्यापक स्पेक्ट्रम से संबंधित निचली जाति समूहों का कुल प्रतिशत आबादी के 83 फीसदी से अधिक तक पहुंच जाता है जबकि उच्च जातियों को केवल 15.5 फीसदी तक ले जाया जा सकता है। इस वर्गीकरण में 17.7 प्रतिशत से अधिक की कुल मुस्लिम आबादी में से 5 फीसदी उच्च जाति के मुसलमान शामिल हैं।

इस समीकरण ने न केवल भाजपा के चुनावी गणित को बिगाड़ दिया है बल्कि इसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और रोजगार में उनकी आबादी की हिस्सेदारी के अनुपात में उच्च आरक्षण के उद्देश्य से जाति विन्यास को फिर से तैयार करना है। इस प्रकार विपक्षी समूहों के बीच राहुल गांधी के नारे-'जितनी आबादी, उतना हक' को एक प्रतिध्वनि मिली है जिन्होंने राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए भाजपा पर बढ़ते दबाव में अपनी आवाज जोड़ दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने सीसीएस पर रोक के खिलाफ फैसला सुनाया है। यह फैसला पटना उच्च न्यायालय के 1 अगस्त के उस आदेश का समर्थन करता है जिसमें राज्य सरकार को केंद्र की आपत्तियों के बावजूद अपनी जाति जनगणना के साथ आगे बढ़ने की अनुमति दी थी। केन्द्र का कहना है कि संविधान की 7 वीं अनुसूची, जनगणना अधिनियम, 1948 और जनगणना नियम 1990 के अनुसार जनगणना करने का अधिकार केवल केंद्र को ही है और इस तरह के सर्वेक्षणों में प्रतिवादी की गोपनीयता का उल्लंघन किया जा सकता है। बिहार सरकार ने इस कवायद को 'सामाजिक सर्वेक्षण' बताते हुए राज्य विधानमंडल की अगली बैठक में सर्वेक्षण के सामाजिक-आर्थिक आयामों को सामने लाने की प्रतिबद्धता जताई है ताकि शासन के लाभ आबंटित करने और अब तक गिने नहीं जाने वाले समूहों के लिए आरक्षण को चिह्नित करने के लिए लक्ष्य तय किए जा सकें।

यह ध्यान देने वाली बात है कि सर्वेक्षण जारी होने के एक दिन बाद नीतीश कुमार सरकार ने राज्य न्यायिक सेवाओं तथा राज्य द्वारा संचालित लॉ कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत कोटा आबंटित किया और इस प्रकार भाजपा पर एक तरह की बढ़त हासिल की। भाजपा ने 8 लाख रुपये की वार्षिक सीमा का आय मानदंड तय करते हुए उच्च जातियों को संतुष्ट करने के लिए इस तरह की श्रेणी शुरू की थी। कर्नाटक, ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों ने पहले ही अपने ओबीसी सर्वेक्षण पूरे कर लिए हैं जबकि राजस्थान ने राज्य चुनावों के बाद इसे लाने की घोषणा की है।

राज्य जाति सर्वेक्षणों के सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आंकड़े एक बार सामने आ जाने के बाद राज्य सबसे कमजोर समूहों की पहचान कर सकते हैं और उसके मुताबिक नीतिगत उपायों व सशक्तिकरण योजनाओं की रूपरेखा बना सकते हैं। इससे समाज के सबसे निचले वर्ग का अधिक सशक्तिकरण होगा और नई जाति के नेताओं का उदय होगा, जहां नए समूह समाज में अधिक हिस्सेदारी के लिए प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जातिगत आकृति के स्पष्ट रूप से सीमांकित होने पर यह कई क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय नेताओं को सामने लाएगा तथा आधार और मध्यस्थ स्तरों पर गठबंधन की अगुआई करेगा।

यह मंडल 2.0 की व्याप्ति के लिए एक ऐसी उपयुक्त स्थिति है जिसमें समाज की निचली जातियों के बीच अधिक सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी जो भाजपा को अयोध्या में अगले साल की शुरुआत में राम मंदिर के उद्घाटन से लाभ प्राप्त करने के कदम को पहले से ही रोक देगी और इससे हिंदी-हिंदू बेल्ट में सत्तारूढ़ पार्टी के वोट बैंक में काफी हद तक सेंध लगेगी। इस लिहाज से देखें तो नीतीश कुमार ने आरजेडी के साथ मिलकर 2024 के आम चुनावों में विपक्ष पर बढ़त हासिल करने की भाजपा की योजनाओं पर पानी फेरने की कोशिश की है। कोई आश्चर्य नहीं होगा कि बिहार की राजनीति के इस मास्टरस्ट्रोक से भाजपा नेतृत्व चकित हो गया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर जाति कार्ड खेलने का आरोप लगाते हुए असंबद्ध बयान दिए हैं। उनका कहना है कि गरीबी सबसे बड़ी जाति है जिसका अर्थ है कि राज्य सरकारों को जाति के नाम पर समाज को विभाजित करने के बजाय गरीबी दूर करने के प्रति अधिक ध्यान देना चाहिए। उनका यह वक्तव्य बिना सोचे-समझे की गई प्रतिक्रिया की तरह लगता है। सत्तारूढ़ पार्टी, अपने स्थानीय और क्षेत्रीय वार्ताकारों के माध्यम से ओबीसी और निचली जाति की बढ़ती मांगों को रोकने में कामयाब नहीं हो सकती है। इस अर्थ में, भाजपा द्वारा वैचारिक रूप से थोपी गई समरसता और निचले तबके के लोगों के लिए समानता संवैधानिक रूप से स्वीकृत समानता का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जिसे उच्चतम स्तर पर न्यायिक जांच का टेका लगाया जा सकता है।

डॉ.आंबेडकर ने अपनी किताब 'दी अनाइलेशन ऑफ कास्ट' में दलितों से आह्वान किया था कि वे पूरी तरह से हिंदू धर्म से अपनी पहचान खत्म करें ताकि विरोध की एक नई भाषा विकसित की जा सके और वास्तविक सशक्तिकरण के लिए एक नई आवाज तथा पहचान बनाई जा सके। अफसोस, ऐसा नहीं होने जा रहा है। इसके बजाय धर्म की मान्यता प्राप्त संरचना के भीतर अपनी पहचान हासिल करने की कोशिश में ओबीसी समूहों के और अधिक टुकड़ों में विभाजित होने का निष्कर्ष सच हो जाएगा। हालांकि एक नई पहचान और सामाजिक विकास में समान हितधारक होने की आकांक्षा की इस खोज में ओबीसी को इस बात की सतर्कता बरतनी होगी कि अपनी सुरक्षा, समृद्धि और न्याय के लिए राज्य से अधिक ध्यान देने की उनकी मांग कहीं खो न जाए।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

### बीता सप्ताह

**7 अक्टूबर**

- चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राजस्थान, मध्यप्रदेश व केंद्र सरकार को नोटिस दिया।
- नार्वे की नोबेल समिति ने जेल में कैद ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में महुआ बोर्ड का गठन किया।
- मुंबई की गोरेगांव की एक इमारत में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**8 अक्टूबर**

- एशियाई खेलों में कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में भारत ने ईरान को को परास्त कर 8वीं बार स्वर्ण पदक जीता।
- गाजा पट्टी में हमास के हमलों का इजरायल ने दिया जवाब। गाजा में इजरायल की बमबारी से 160 लोग मारे गए।
- महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में संवेदनशील होने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देशित किया।
- जीएसटी काउंसिल बैठक में मोटे अनाज से बने उत्परादों पर अब टैक्स नहीं लेने का फैसला लिया।

**9 अक्टूबर**

- अफगानिस्तान के हेरात प्रांत में आए भूकंप से 2000 लोगों की मौत हो गई।
- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में मौसमी आपदाओं से 67 लाख बच्चे बेघर हो गए।
- सिक्किम में अचानक आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत हो गई जिसमें 19 भारतीय जवान भी शामिल हैं।
- दिल्ली दंगों के फैसले को लेकर ओडिशा हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस एस मुरलीधर ने कहा कि मुझे नहीं मालूम कि दिल्ली दंगों के फैसले से सरकार क्यों10 नाराज

**10 अक्टूबर**

- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया।
- छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, मध्यप्रदेश में 17 राजस्थान में 25, मिजोरम में 7, तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होंगे।
- कांग्रेस कार्यकारिणी समिति ने कांग्रेस शासित सभी राज्यों में जातीय जनगणना करने का फैसला लिया।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाडिया गोल्डिन को अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया।
- सिंगापुर में भारतीय मूल के एत ड्रग अपराधी को तीन साल जेल की सजा सुनाई गई।

**11 अक्टूबर**

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि देश के बाहर पहला आईआईटी तंजानिया में शुरू होगा।
- भारत और इटली ने अनुसंधान एवं विकास, सह विकास, सह उत्पादन और संपुक्त उद्यमों की स्थापना सहित विभिन्न रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- जम्मू-कश्मीर के शोपिया के अलशीपोरा में सेना के एनकाउंटर में दो आतंकी मारे गए।
- ईडी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा की 15 अचल संपत्तियां कुर्क कीं जो उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री पद पर रहते हुए अर्जित की थी।

**12 अक्टूबर**

- राजस्थान में चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव की तिथि बदली। 23 नवंबर की जगह अब 25 नवंबर को होंगे मतदान।
- अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार अग्रवाल छत्तीसगढ़ के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त किए गए।
- केंद्रीय ब्यूरो (सीबीआई) ने समाचार पोर्टल न्यूक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।
- जम्मू-कश्मीर के पूंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गोली लगने से एक अग्निवीर की मौत हो गई।

**13 अक्टूबर**

- कांग्रेस ने की पढ़ो पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश में छात्रों को हर महीने पैसे देने की घोषणा।
- बिहार ट्रेन हादसे पर खड़गे बोले तय हो रेलवे व केन्द्र की जवाबदेही
- राष्ट्रपति ने वैष्णो देवी में श्रद्धालुओं को स्काईवाक का तोहफा दिया।
- बिहार में रेल हादसे में शुरू हुई सियात- नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी आमने-सामने

## बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर खिली बांछों वाला सनातनी राष्ट्रवाद

■ बादल सरोज

इस बार के एशियाई मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने अलग-अलग मुकाबलों में 28 स्वर्ण, 38 रजत, 41 कांस्य, इस तरह कुल मिलाकर 107 पदक जीते। यह एशियाई खेलों में भारत का अब तक का सबसे बेहतर रिकॉर्ड है।

इन खेलों में संयोग ऐसा हुआ कि इस मुकाबले में भारत के दिग्गज पहलवान बजरंग पूनिया कोई पदक नहीं जीत पाए। खेल में ऐसा होना स्वाभाविक है; पिछले दिनों भाला फेंक में एक बार फिर मैडल जीतकर आये नीरज चोपड़ा की मां इसे बहुत ही सहजता के साथ कह भी चुकी हैं कि जब कोई खेल प्रतियोगिता होती है तो एक खिलाड़ी जीतता है तो दूसरा हारता भी है। खेलों में हार-जीत कोई असामान्य या असाधारण बात नहीं है। फुटबॉल के तीनों जादूगरों पेले, माराडोना और लियोनिल मेस्सी की टीमे कई बार हारी भी हैं। सबसे अधिक गोल दागने वाले क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम तो अक्सर विश्व कप मुकाबलों के फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाती। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की टीम 1936 का ओलम्पिक स्वर्ण पदक जीतने से ठीक पहले भारत में दिल्ली इलेवन से 4-1 के बड़े अंतर से हार गई थी। शतरंज के दिग्गज और वर्षों तक विश्व चैंपियन रहे बोरिस स्पास्की भी सिर्फ बॉबी फिशर से ही नहीं हारे, कई कई बार और भी हारे। मतलब यह है कि खेलों में हार- जीत होती रहती है और इसे हमेशा खेल भावना के साथ लिया जाना चाहिये, लिया जाता है। जीतने वाले खिलाड़ियों को देश की जनता और उसकी सरकारें सराहती हैं वहीं न जीत पाने वाले खिलाड़ियों का भी हौंसला बढ़ाती हैं, उनके साथ खड़ी होती हैं। दुनिया में ऐसा ही होता है, भारत जो इंडिया भी है, में भी ऐसा ही होता रहा है।

> **यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है।**

मगर 2014 के बाद का भारत, खासतौर से इसके हुक्मरान और उनके चरण चुम्बक औपचारिक और अनौपचारिक मीडिया के मामले में, बदला हुआ भारत है। पूर्वाग्रही विद्वेष और अपनों से ही नफरत इसकी विशेष पहचान है। इसका नमूना बजरंग पूनिया के न जीत पाने के बाद संघियों की आई टी सैल की ट्रोल आर्मी की जहरीली मुहिम में नजर आया। एशियाई खेलों में बजरंग पूनिया को हराने वाले जापान के कैकी यामागुची और ईरान के रहमान अमज़द खलीली अपनी जीत पर जितने खुश नहीं हुए होंगे उससे ज्यादा ख़ुशी इन कथित राष्ट्रवादियों के थोबड़ों पर बजरंग पूनिया के न जीत पाने पर थी। अपनी साथी महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ बहादुरी के साथ डटे रहने वाले बजरंग पूनिया के हारने पर पूरे गिरोह की बांछें खिली हुई थीं, वे और उनके भोंपू मीडिया ने बजरंग के न जीत पाने के लिए उनके द्वारा 'खेलों की बजाय राजनीति' करने के उनके काम को दोषी ठहराया और इस तरह उस व्यभिचारी भाजपा सांसद की अश्लील हरकतों के खिलाफ लड़ाई को 'राजनीति' बताने की दुष्टई की। इतना ही नहीं, खुद जिसके खिलाफ दिल्ली पुलिस की भरी-पूरी चार्जशीट है और जिसे अदालत ने समन जारी किया हुआ है, भाजपा के चहेते सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह भी अपनी खीज उतारने के लिए प्रेस से बात करने के लिए उपलब्ध हो गए और बजरंग पूनिया के बारे में अनेक उपदेश दे डाले। सनद रहे कि एशियाई खेलों में न जीत पाने वालों में बजरंग अकेले नहीं हैं, भारत ने 655 एथलीटों के साथ 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चीन के हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में हिस्सा लिया। जाहिर है सबके सब तो नहीं जीते। मगर उनके निशाने पर सिर्फ एक पहलवान है; होना भी चाहिए क्योंकि असल में वही सचमुच का पहलवान है भी। गलत को गलत, अन्याय को अन्याय कहने वाला, उनके खिलाफ लड़ने वाला पहलवान।

किसी भी सभ्य लोकतांत्रिक देश में कायदे से चर्चा इन खेलों में खेलने गई भारत की उस फुटबॉल खिलाड़ी चिंगलेनसाना सिंह की होनी चाहिये जो मणिपुर से है, चीन खेलने गई है जबकि मणिपुर में खुद उसका घर जलाया जा चुका है मगर वह इस सबके बावजूद देश के लिए खेलने गई है। मणिपुर की ही वुशु खिलाड़ी नाओरेम रोशिबिना देवी की होनी चाहिये जो मैडल लेने के बाद इसलिए रो पड़ीं क्योंकि बाकी खिलाड़ियों की तरह वे अपने घर वापस नहीं लौट पाएंगी। अपना पदक अपने राज्य मणिपुर को यह कहते हुए समर्पित किया कि 'मैं चाहती हूं कि स्थिति सामान्य हो जाए पहले से बेहतर हो जाए। सब कुछ जलते हुए देखना, अच्छा नहीं लगता।' अंडर 16 खेलों में हॉकी का विश्व मुकाबला जीतकर आये मणिपुर के मैतेई खिलाड़ी भरत लारेन्जम और कुकी खिलाड़ी लेविस जैंगमिन्लुन की होनी चाहिये जिनके निर्णायक गोलों ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत दिलाई थी, लेकिन जो अब साथ-साथ अपने घर नहीं लौट सकते। पूरे देश में चर्चा का विषय रिले रेस में स्वर्ण पदक जीतने वाली उस टीम की होनी चाहिये थी जिसमें मोहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, अमोज जैकब और राजेश रमेश की जोड़ी के रूप में सचमुच का हिन्दुस्तान था। यह वह टीम थी जिसने इतिहास रच दिया और 1962 के बाद पहली बार रिले रेस के टीम इवेंट में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिला दिया है।

मगर ऐसा करना हुक्मरानों के विभाजनकारी एजेंडे के हिसाब से काम का नहीं है। इसलिए इन सब पर बात नहीं होगी। बात के दो आयाम होंगे - पहले में उनकी बी टीम बजरंग पूनिया का मानमर्दन करेगी। कंस को कंस, दुशासन को दुशासन कहने की उसकी हिमाकत के लिए उसकी हार का जश्न मनायेगी। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पूनिया भारत के ऐसे कुश्ती खिलाड़ी हैं जिन्होंने ओलम्पिक सहित हरेक मुकाबले में मैडल जीते हैं। वे सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले मुकाबलों में जीता एशियन खेलों का अपना गोल्ड मैडल सार्वजनिक रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित करने का ऐलान किया था- इसके बावजूद वे उन्हीं अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर सामने रखने वाली ट्रोल आर्मी के निशाने पर रहे क्योंकि उन्होंने अपनी सहयोगी महिला खिलाड़ियों के साथ यौन अपराध करने वाले भाजपा सांसद को अपराधी कहने का साहस दिखाया। इसलिए उनके न जीत पाने पर ब्रजभूषण शरण के आचरण-सहोदरों को जश्न मनाना ही है। वहीं दूसरी तरफ खिलाड़ियों की जीत को मोदी है तो मुमकिन है से जोड़कर मोदी की वजह से हुई जीत बताकर थैंक्यू मोदीजी का स्तुति-रुदन समारोह शुरू करना है। यह शुरू हो भी चुका है। खिलाड़ियों के लौटने के बाद मोदी जी अपनी चुनाव सभाओं में से समय निकाल कर इन खिलाड़ियों के साथ लंच, डिनर करेंगे, उन्हें खेल के गुर सिखायेंगे। पिछले मुकाबले के बाद भी उन्होंने यही किया था। उसके बाद जब यही खिलाड़ी-खिलाड़िने विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की तरह किसी कोच, किसी खेल संघ के भाजपाई अध्यक्ष द्वारा अपने साथ किये किसी गलत और आपराधिक आचरण के खिलाफ आवाज उठाएंगे तो उन्हें जंतर मंतर पर पुलिस द्वारा मारा पीटा और घसीटा जाएगा, राष्ट्रद्रोही करार दिया जाएगा।

इस कुनबे का राष्ट्रवाद इतना ही खोखला और इतना ही फर्जी है। अब फिर इस फर्जी राष्ट्रवाद का मुजाहिरा शुरु हो चुका है। अभी पांच राज्यों के चुनाव हैं, कुछ महीनों बाद लोकसभा के चुनाव भी हैं, इसलिए उत्सवी घन गरज तेज से तेजतर करनी है। लिहाजा इन दिनों, एक बार फिर, यह ढोंगी राष्ट्रवाद अपनी विद्रूपता के चरम पर है। बात अहम् ब्रह्मास्मि से भी आगे पहुंच गई है ; अब मोदी ही ब्रह्मा हैं, वे ही विष्णु हैं और वे ही विष्णु के अब तक के सारे अवतार हैं!! यह राष्ट्रवाद कितना पाखंडी है इसका सबूत क्रिकेट विश्वकप के खेलों के आयोजन से ही मिल जाता है जो संघ भाजपा गिरोह दसियों साल तक पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के भारत में खेलने का विरोध करता रहा, उसके खिलाफ साम्प्रदायिक उन्माद उकसाता रहा वही आज पाकिस्तान की क्रिकेट टीम की भागीदारी वाले आईसीसी विश्वकप का आयोजन कर रहा है। अच्छी बात है, यदि इसे सच्ची खेल भावना से किया जा रहा होता तो इसमें अनुचित कुछ नहीं है किन्तु इसके पीछे सैकड़ों हजारों करोड़ के मुनाफे की लिप्सा के सिवाय और कुछ नहीं है ; क्रिकेट को कमाऊ उद्योग बनाने वालों को पता है कि यदि वे कोई शर्त लगाते तो उनके हाथों से यह पहली बार पूरी तरह भारत में प्रतियोगिता के आयोजन का मौक़ा छिन सकता था। चंद कारपोरेट दैत्यों का मुनाफ़ा ही इनके राष्ट्रवाद की प्राणवायु है। कहते हैं कि राष्ट्रवाद धूर्तों की आखिरी पनाहगाह - शरणस्थली - होता है।

इतिहास - दुनिया भर का इतिहास - बिना किसी अपवाद के इस तरह के लोगों के साथ एक सा बर्ताव करता रहा है। उन्हें कूड़ेदान के हवाले करता रहा है। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले महीने होने वाले 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव इस पाखण्ड के अंत का आरम्भ करने वाले होंगे। बची-खुची कसर अगले साल की पहली छमाही में होने वाले आम चुनाव पूरी कर देंगे, क्योंकि अंधियारे कभी उम्रदराज नहीं होते।

*(लेखक सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)*

## हिरासत में जीता, नरगिस ने नोबेल

■ हेमलता म्हस्के

नॉर्वे की नोबेल पुरस्कार समिति ने इस साल उस ईरानी महिला नरगिस मोहम्मदी को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की है जो अपने देश में महिलाओं के हक के लिए निरंतर लड़ाई लड़ रही है। जब नरगिस मोहम्मदी को नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई तब वह खुले आसमान के नीचे नहीं, बल्कि जेल में 12 सालों से बंद हैं। ओस्लो में पुरस्कार की घोषणा करते हुए नोबेल समिति की अध्यक्ष बेरिट रीस-एंडरसन ने कहा है कि यह पुरस्कार ईरान की विवादमक्त नेता नरगिस मोहम्मदी को मान्यता देने के लिए दिया गया है। उन्होंने ईरान की सरकार से अपील की है कि वह नरगिस को जेल से रिहा कर दे, ताकि वे इस साल 10 दिसंबर को पुरस्कार समारोह में शामिल हो सकें।

नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।

नरगिस शुरू से अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 से ही नरगिस महिलाओं के लिए आवाज उठा रही हैं। वर्ष 2003 में उन्होंने तेहरान के 'डिफेंडर्स आफ हुमन राइट सेंटर' से काम शुरू किया। वे तेरह बार गिरफ्तार हुई। उन्हें 31 साल की जेल और 154 कोड़े मारने की सजा भी सुनाई जा चुकी हैं। आठ साल से वे अपने बच्चों तक से नहीं मिल पाई हैं। नरगिस को जेल में बंद मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मदद करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी।

> **नरगिस दुनिया भर की संघर्षशील और अपने हक के लिए आंदोलनरत महिलाओं का आदर्श बन गई हैं। उन्हें नोबेल पुरुस्कार मिलने से विभिन्न मुल्कों की उन महिलाओं को जरूर प्रेरणा मिलेगी जो घर-परिवार में या सत्ता द्वारा प्रताड़ित होती हुई चुपचाप यातनाएं सहती रहती हैं और प्रतिकार नहीं कर पातीं।**

नरगिस कहती हैं कि मुझे जितनी यातना मिलती है, मैं उतनी ही मजबूत होती जाती हूं। अपने जेल जीवन का जिक्र करते हुए नरगिस कहती हैं कि मैं रोज खिड़की के सामने बैठकर हरियाली और आजाद ईरान का सपना देखती हूं। जितना ज्यादा वे मुझे प्रताड़ित करते हैं, मेरी प्रिय चीजों को मुझसे दूर करते हैं, मैं उतनी ही मजबूत होती हूं। यह जंग तब तक जारी रहेगी, जब तक हम लोकतंत्र और आजादी नहीं पा लेते। मुझे उससे कम कुछ भी मंजूर नहीं है। फिलहाल उन्हें ईरान की कुख्यात 'एबीएन जेल' में रखा गया है।

बचपन से ही संघर्षशील रहीं नरगिस के पिता किसान थे। मां राजनीतिक पृष्ठभूमि से थीं। 1979 में इस्लामी क्रांति के बाद राजशाही खत्म हुई तो उनके एक्टिविस्ट चाचा और दो भाई गिरफ्तार किए गए। इनमें से एक भाई को फांसी दे दी गई। तब नरगिस 9 साल की थी। नरगिस के दिल और दिमाग पर उसका गहरा असर पड़ा। इसके बाद उन्होंने विरोध की राह चुनने का फैसला किया। कॉलेज में संगठन खड़ा कर दिया। शादी की तो एक साल अज्ञातवास में बिताना पड़ा। इन सब घटनाओं ने नरगिस को और मजबूत बना दिया।

नरगिस का चार लोगों का परिवार कभी साथ नहीं रह पाया। बच्चों और पति को नरगिस के काम पर गर्व है। वे कहते हैं- एक पति और पिता के तौर पर बच्चों के साथ रहना बहुत मुश्किल है। मैं चाहता हूं कि नरगिस हमारे साथ रहें। उनके मिशन में हर कदम पर हम उनके साथ हैं। नरगिस को उनकी मां बचपन में कहा करती थीं कि बेटी कुछ भी कर लेना राजनीति से दूर रहना। ईरान जैसे देश में व्यवस्था से लड़ने की बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। लगता है, मां की वह चेतावनी सही साबित हुई है। बच्चों के साथ विदेश में रह रहे नरगिस मोहम्मदी के पति ताबी रहमानी ने कहा है कि यह नोबेल पुरस्कार मानव अधिकारों के लिए नरगिस की लड़ाई को प्रोत्साहित करेगा, लेकिन इससे भी अहम बात यह है कि यह ईरान में चल रहे 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' के लिए पुरस्कार भी है।

साथी कैदियों की तकलीफ को नरगिस ने 'व्हाइट टॉर्चर : इंटरव्यूज़ विद ईरानी वुमेन प्रिज़नर्स' नामक किताब में विस्तार से लिखा है। उन्होंने जेल को भी आंदोलन का केंद्र बना दिया है। उनके करीबी दोस्त बताते हैं कि फारसी शास्त्रीय संगीत में दक्ष नरगिस जेल के वार्ड में सभाएं करती हैं। गाने के साथ बर्तनों पर पारंपरिक धुन बजाती हैं और साथी कैदियों के साथ नृत्य भी करती है। उन्होंने जेल की दीवारों को लोकतंत्र और आजादी के नारों से रंग दिया है। नरगिस ने महिलाओं के अधिकारों, खासतौर पर मृत्युदंड उन्मूलन के लिए अभियान चलाया है। ईरान में उन्हें 'महिलाएं, ज़िंदगी और आज़ादी आंदोलन' की सबसे बुलंद आवाज माना जाता है। वे नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली 19वीं महिला और दूसरी ईरानी महिला हैं। इसके पहले ईरान की ही मानवाधिकार कार्यकर्ता शिरीन एबादी को वर्ष 2003 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

नरगिस मोहम्मदी का जन्म 21 अप्रैल 1972 को ज़ांजन, ईरान में हुआ था और वे कोरवेह, करज और ओशनावियेह में पली-बढ़ीं। उन्होंने 'काज़्विन इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' में दाखिला लिया, भौतिकी में डिग्री प्राप्त की और एक पेशेवर इंजीनियर बन गईं। अपनी पढ़ाई के दौरान उन्होंने छात्र-समाचारपत्र में महिलाओं के अधिकारों का समर्थन करने वाले लेख लिखे और राजनीतिक छात्र समूह 'ताशक्कोल दानेशजुयी रोशनगरान' (प्रबुद्ध छात्र समूह) की दो बैठकों में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वे एक पर्वतारोहण समूह में भी सक्रिय थीं, लेकिन बाद में उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण उन्हें पर्वतारोहण में शामिल होने से प्रतिबंधित कर दिया गया था।

नरगिस ने कई सुधारवादी समाचार पत्रों के लिए एक पत्रकार के रूप में काम किया और 'सुधार, रणनीति और राजनीति' नामक राजनीतिक निबंधों की एक पुस्तक प्रकाशित की। वर्ष 2003 में वे नोबेल शांति पुरस्कार विजेता शिरीन एबादी की अध्यक्षता वाले 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' (डीएचआरसी) में शामिल हो गईं और बाद में संगठन की उपाध्यक्ष भी बनीं। वर्ष 1999 में उन्होंने साथी सुधार-समर्थक पत्रकार तघी रहमानी से शादी की, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया गया। रहमानी 14 साल की जेल काटने के बाद 2012 में फ्रांस चले गए, जबकि मोहम्मदी ने अपना मानवाधिकार कार्य ईरान में ही जारी रखा। नरगिस और रहमानी के जुड़वां बच्चे हैं।

नरगिस मोहम्मदी को पहली बार 1998 में ईरानी सरकार की आलोचना के लिए गिरफ्तार कर साल भर जेल में रखा गया। अप्रैल 2010 में, उन्हें 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता के अपराध में 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी कोर्ट' में बुलाया गया। कुछ समय के लिए उन्हें 50,000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया, लेकिन कई दिनों बाद उन्हें फिर से गिरफ्तार कर 'अबियन जेल' में रख दिया गया। हिरासत में रहने के दौरान नरगिस का स्वास्थ्य गिर गया और उन्हें मिर्गी जैसी बीमारी हो गई, जिससे वह समय-समय पर मांसपेशियों पर नियंत्रण खोती रहीं। एक महीने के बाद, उन्हें रिहा कर दिया गया और चिकित्सा उपचार लेने की अनुमति दी गई।

जुलाई 2011 में नरगिस पर फिर से मुकदमा चलाया गया और उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा, 'डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स सेंटर' की सदस्यता और शासन के खिलाफ प्रचार' करने का दोषी पाया गया। सितंबर में उन्हें 11 साल की कैद की सजा सुनाई गई। नरगिस ने कहा कि उन्हें फैसले के बारे में अपने वकीलों के माध्यम से ही पता चला था और उन्हें 'अदालत द्वारा जारी 23 पन्नों का एक अभूतपूर्व फैसला दिया गया था जिसमें उन्होंने बार-बार मेरी मानवाधिकार गतिविधियों की तुलना शासन को गिराने के प्रयासों से की थी।'

मार्च 2012 में अपीलीय अदालत ने सजा को बरकरार रखा, हालांकि इसे घटाकर छह साल कर दिया गया। 26 अप्रैल को उन्हें अपनी सजा शुरू करने के लिए गिरफ्तार कर लिया गया। इस सजा का ब्रिटिश सरकार ने यह कहते हुए विरोध किया कि यह 'ईरानी अधिकारियों द्वारा बहादुर मानवाधिकार रक्षकों को चुप कराने के प्रयासों का एक और दुखद उदाहरण' है। अब देखना है कि नरगिस मोहम्मदी को ईरान सरकार रिहा करती है या नहीं। पुरुस्कार के लिए उन्हें चुन लिया गया है। सारी दुनिया उन्हें महिलाओं के बीच एक ऐसी विराट हस्ती के रूप में देख रही है, जिसकी मिसाल वे खुद हैं।

*(लेखिका पुणे स्थित लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं।)*

देशबन्धु
संस्कारधानी

5 बिलासपुर

शनिवार 14 अक्टूबर 2023

उल्टा पुल्टा

**प्रेमी**- रेखा, तुमने अपने पिता से कहा है कि तुमसे शादी करने के लिए तैयार हूं, तो वे क्या बोले?

**प्रेमिका**- वे आंखें मूंदकर बोले- हे भगवान, जिस मूर्ख की तलाश में धरती आकाश में घूम रहा था, उसे तुमने इतनी आसानी से भेज दिया।



# नवरात्र की तैयारी जोरों पर,पंडालों में मां दुर्गा का होगा भव्य स्वागत

**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। मातारानी के आगमन को लेकर समितियों ने की जोरदार तैयारी शारदीय नवरात्र 15 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। पंडालों में आदिशक्ति मां दुर्गा का आगमन होगा। बंगाली परंपरा से पूजा होने वाले पंडालों में पंचमी तिथि से मां विराजेंगी। समितियां माता के भव्य स्वागत को तैयारियों में जुट गई हैं। इस वर्ष धुमाल-बैंड, पुष्पवर्षा, आतिशबाजी, झांकी प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगे।

मां शेरावाली दुर्गा उत्सव समिति करोना चौक सीताराम मंदिर गोंडपारा में माता के स्वागत अभिनंदन को लेकर जोर-शोर से तैयारी चल रही है। समिति के सदस्य आंचल गुप्ता, अक्कू गुप्ता, अभिषेक केशरवानी, मनीष मिश्रा, अजीत मिश्रा और हैप्पी उपवेजा ने बताया कि पंचमी तिथि पर जूना बिलासपुर कतियापारा से माता को करोना चौक पंडाल में लाया जाएगा। वहां विधिवत पूजा के साथ श्रद्धालु भक्त नाचते गाते झूमते हुए माता की भक्ति करते हुए पहुंचेंगे। इस दौरान सड़कों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। धुमाल-बैंड,आतिशबाजी, एवं झांकी भी होगी। बता दें कि इसी तरह की तैयारी अन्य समितियों में भी चल रहा है। बिलासपुर में यह पहला मौका है जब स्वागत की परंपरा प्रारंभ हुई है। महाराष्ट्र, गोवा, हैदराबाद एवं कर्नाटक में गणपति के आगमन पर विशेष स्वागत सत्कार की परंपरा है। यह अच्छी बात है कि अब संस्कारधानी में भी इसकी शुरुआत हो रही है। माता के विसर्जन के दौरान झांकी की परंपरा है। 38 वर्षों से यह निरंतर चला आ रहा है। शहर में विजयादशमी पर्व के बाद दुर्गा विसर्जन करने की पुरानी परंपरा चली आ रही रही है। सुबह से ही दुर्गा विसर्जन का दौर शुरू होता है, जो रात में शहर के सिटी कोतवाली चौक में झांकियां निकाल कर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन होता है। आकर्षक लाइट और डीजे की धुन पर भक्त थिरकते रहते हैं। यह दृश्य देखने लायक होता है। अब पहली बार आगमन पर ऐसा देखने को मिलेगा। भक्तिमय माहौल बनाएंगी समितियां पंडालों में डीजे पर फिल्मी गानों के बजाए इस बार भक्तिमय देवी गीत बजेंगे। कई समितियां इसके लिए खास तैयारी कर रही है। बता दें कि बंगाली स्कूल, कंस्ट्रक्शन कालोनी, गिरजा चौक, हेमू नगर, शंकर नगर, शिव टाकीज चौक, तेलीपारा, गोंड़पारा एवं वसंत विहार में वर्षों से भक्तिमय संगीत की परंपरा चली आ रही है।





# धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो पकड़ाए

**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले बदमाशों के विरूद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके पालन में क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग एवं भ्रमण की जा रही है कि आज टाउन भ्रमण दौरान सूचना मिला कि अशोक नगर राजस्व कालोनी के पास एक व्यक्ति चाकू तथा फरसानुमा हथियार रखा है एवं आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है।

इसी प्रकार अपोलो चौक पर एक व्यक्ति चाकू लेकर घूम रहा है। उक्त सूचना से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी. एस. पी. (सरकंडा) श्रीमति पूजा कुमार को अवगत कराया जाकर उनके मार्ग दर्शन एवं दिशा निर्देशन में तत्काल पृथक-पृथक टीम मौके पर भेजा गया। जहां राजस्व कालोनी में आरोपी प्रदीप साहू को मौके पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके जिसके कब्जे से 01 धारदार चाकू एवं 1 फरसानुमा हथियार जप्त किया गया। तथा अपोलो चौक लिंगियाडीह में आरोपी राजेन्द्र उर्फ कारी ध्रुव को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके कब्जे से धारदार चाकू जप्त किया गया। दोनो आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत पृथक-पृथक कार्यवाही की गई है।

## सार-संक्षेप

### द्रोणा बचपन स्कूल के बच्चे पहुंचे वृध्दाश्रम, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद



**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। द्रोणा बचपन पब्लिक स्कूल सकरी पेंडारी के द्वारा बच्चों को वृद्ध आश्रम ले जाया गया। जिसके द्वारा बच्चों को सही मायने में पितृ मोक्ष का आशय समझाया जा सके। बच्चों ने सभी वृद्ध जनों के पैर धुलवाए और उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया। विद्यालय के तरफ से स्मृति चिन्ह और कुछ उपहार वृद्ध जनों को भेट स्वरूप दिया गया। विद्यालय का उद्देश्य बच्चों में बड़ों के प्रति सम्मान की भावना को बनाए रखना है। आधुनिक जीवन में बच्चे बड़े बड़ों से दूर और सोशल मीडिया के करीब होते जा रहे हैं शायद जिनका परिणाम ही यह वृद्ध आश्रम होते हैं। वही आश्रम के कुछ सदस्यों ने अपनी दुखद दास्तां बच्चों के साथ साझा किया जिन्हे सुन सभी का दिल रो दिया किस तरह बच्चे अपने माता पिता का भरन पोषण करने में असमर्थ है ये देख सभी की आंखे नम हो गई। कुछ दादाजी ने अपने पुराने किस्सो से बच्चों का मन मोह लिया दादियो के द्वारा बेहतरीन गायन भी बच्चो के लिए किया गया कश्यप दादा ने भी बच्चो को ढेर सारे किस्से सुनाए। शाला संस्थापक डॉ अशोक पांडे ने कहा कि बच्चों को बड़ों का सम्मान सदैव करना चाहिए वही शाला प्राचार्या डॉक्टर मीनू पांडे ने बच्चों को संस्कार पूर्ण रहने की सलाह दी। वहीं उप प्राचार्य डॉक्टर एकता शुक्ला ने सही मायने में पितृ मोक्ष का मतलब वह महत्व बच्चों को समझाया। इस कार्यक्रम में शाला के शिक्षक शिक्षिका रामा मिश्रा, प्रीति शर्मा, श्रद्धा गुप्ता, राहुल देवांगन प्रतिभा गुप्ता का मार्गदर्शन बच्चों के लिए रहा।

### पदनाम वाले नंबर प्लेट व मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर कार्रवाई



**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। बिलासपुर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू के दिशा निर्देश पर आचार संहिता के परिपालन में यातायात के समस्त अधिकारियों की चेकिंग के दौरान वाहनों के नंबर प्लेट पर पद नाम या राजनीतिक पार्टी के चिन्ह को यातायात के चेकिंग के दौरान निकालने के निर्देशित किया गया। एवं शहर में चल रहे ऐसे प्रतिबंध मोडिफाइड साइलेंसर युक्त एवं बिना नंबर वाहनों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वाहन चेकिंग के दौरान नंबर प्लेट पर पदनाम एवं राजनीतिक चिन्ह वाले 14 वाहनों से निकलवाया गया एवं प्रतिबंधित मोडिफाइड साइलेंसर युक्त 09 बुलेट पर कार्यवाही करते हुए, कुल 130 वाहनों पर कार्यवाही की जा कर 51000 चलान काटा गया।

### नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतरने के कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित



**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु) पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर रेल मण्डल के अंतर्गत रघुनाथपुर रेल स्टेशन में नार्थ ईस्ट एक्सप्रेस पटरी से उतरे के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 15232 / 15232 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का भी परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

#### रद्द होने वाली गाडियां

आज बरौनी से चलने वाली 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14 अक्टूबर को गोंदिया से चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

# नवरात्र पर मैहर और डोंगरगढ़ में कई ट्रेनों का होगा ठहराव



**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मॉ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व ( 15 से 23 अक्टूबर तक) मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव एवं कुछ गाड़ियो का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उपरोक्त गाड़ियों के डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तार के साथ ही साथ कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में दिनांक 15 से 23 अक्टूबर तक अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं जो इस प्रकार है। 08742 / 08741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर स्पेशल को रायपुर तक विस्तारित की जा रही है। दिनांक 22 मार्च से 30 मार्च तक डोंगरगढ रेलवे स्टेशन में ठहराव की सुविधा इस प्रकार है। मैहर मेला नवरात्रि के अवसर पर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए कुछ ट्रेनों का अस्थायी ठहराव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मध्य प्रदेश के मैहर में नवरात्रि मेला का आयोजन 15 से 24 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा गाडियों का अस्थायी ठहराव की सुविधा प्रदान की जा रही है।

# सेक्रो बिलासपुर मंडल ने सैनिटरी नेपकीन का किया वितरण

**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्रो, बिलासपुर मंडल द्वारा महिला सशक्तीकरण तथा महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता हेतु समय-समय पर विशेष अभियान चलाये जाते हैं। इसी कड़ी में आज दयालबंद के वार्ड क्रमांक 40 के झुग्गी-बस्तियों में रह रहे गरीबी रेखा से नीचे की महिलाओं को मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती श्रद्धा पाण्डेय तथा पदाधिकारियों द्वारा सैनिटरी नेपकिन का वितरण किया गया। वितरित सैनिटरी नेपकिन पर्यावरण अनुकूलन है तथा इसको सेक्रो द्वारा संचालित दस्तक संस्थान से मंगाया गया है। इस दौरान मंडल सेक्रो अध्यक्षा श्रीमती श्रद्धा पाण्डेय द्वारा उपस्थित महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली आंतरिक साफ-सफाई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर श्रीमती मीनाक्षी राज, श्रीमती मीरा यादव श्रीमती साक्षी तोमर, श्रीमती संध्या रंगाराव भी उपस्थित थी।



# श्रमिकों ने ली शपथ अवश्य करेंगे मतदान



**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान नारे के साथ मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बृहस्पति बाजार स्थित श्रमिक सदन में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताते हुए मतदाता शपथ सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अजय अग्रवाल ने दिलाई।

कार्यक्रम में श्रमिकों का उत्साह देखते बन रहा था। श्रमिकों ने शपथ ली कि लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए इस महापर्व में बढ़-चढकर हिस्सा लेंगे। सीईओ श्री अग्रवाल ने सभी से अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि बिलासपुर जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अपने स्वयं के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

नववधुओं एवं नए मतदाताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पीओ ओम पाण्डेय, सहायक श्रमायुक्त श्रीमती ज्योति शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद थे।

## बिलासपुर के नए कलेक्टर बने आईएएस अवनीश शरण

**बिलासपुर**,13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन की कार्रवाई के बाद बिलासपुर और रायगढ़ जिले में नए कलेक्टर की नियुक्ति की गई है। आई ए एस अवनीश शरण को बिलासपुर और आईएएस कार्तिकेय गोयल को रायगढ़ जिले की जिम्मेदारी दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने दोनों अफसरों की पोस्टिंग को लेकर आदेश जारी किया है। इसके साथ ही आई ए एस इफ्फत आरा को सयुंक्त सचिव, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, प्रबंध संचालक, मार्कफेड एवं प्रबंध संचालक, नान का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।



# भाजपा का सोशल मीडिया वालंटियार इनफ्लुएंसर मीट आज

**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी में तरह तरह के कार्यक्रमों का दौर शुरू हो गया है। इसी तारतम्य में बिलासपुर जिले में संभाग स्तरीय सोशल मीडिया वालंटियार इनफ्लुएंसर मीट का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रचार प्रसार की दृष्टी से राष्ट्रीय स्तर से लेकर मण्डल स्तर पर सोशल मीडिया में वालिंटियरों को नियुक्ति की गई है जो समय समय पर पार्टी की विचारधारा एवम एजेंडे को वायरल कर पक्ष में वातावरण बनाने का काम करते हैं।

14 अक्तूबर दिन शनिवार की सुबह 1.3 बजे होटल ग्रैंड लोटस रायपुर रोड तिफरा में बिलासपुर संभाग स्तरीय सोशल मीडिया वालंटियार इनफ्लुएंसर मीट कार्यक्रम रखा गया है।

जिसमे एक हजार से भी अधिक कार्यक्रताओं के शामिल होने की उम्मीद की जा रही है जिसमे सोशल मीडिया के युवा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देने जयंत पांडा भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,धवल पटेल गुजरात से सोशल मीडिया शंखनाद कार्यक्रम प्रभारी ,प्रशांत सिंह ठाकुर प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सहित संभाग के सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा सोशल मीडिया राकेश चंद्राकर ने दी।

# सिटी बसों के पहिए थमे



## नियमित वेतन नहीं मिलने से बस ड्राईवरों ने किया हड़ताल

## यात्रियों को हो रही परेशानी

बिलासपुर,13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नियमित वेतन नहीं मिलने के कारण सिटी बस ड्राइवरो ने हड़ताल कर दिया है। कोनी स्थित सिटी बस डिपो में आज सारी बसो के पहिये थमें रहे। ड्राइवर का कहना है कि उन्हें नियमित रूप से वेतन नहीं दिया जा रहा है। 3 से 4 माह बाद मिलने वाले वेतन में भी बिना सूचना के 20प्रतिशत पीएफ काट दिया जाता है।

उनका कहना है नियुक्ति के समय 5 से 6 तारीख के भीतर वेतन देने का वादा किया था, वहीँ 8 घंटे ड्यूटी के बजाय 12 से 13 घंटा ड्यूटी कराई जा रही है। जिसका कोई ओवर टाइम भी नहीं दिया जा रहा है।

ड्राइवर का कहना है कि उनके घर परिवार वेतन से ही चलता है, रेगुलर वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है, भूखे मरने की नौबत आ गई है, उन्होंने जब तक वेतन नहीं मिलेगा तब तक वे काम पर नहीं लौटने की चेतावनी दी हैं।

# ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सफलतापूर्वक चलाया जा है मेरी सहेली अभियान

## इस अभियान से महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना तथा आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है

**बिलासपुर**, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए रेल मंत्रालय ने महिलाओं के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहल की हैं। ये प्रयास मुख्य रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित हैं। रेलवे सुरक्षा बल ने महिलाओं, विशेष रूप से चयनित लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले या बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ मेरी सहेली, ऑपरेशन मातृशक्ति आदि जैसी कई पहल शुरू की हैं।

मेरी सहेली टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर, प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित मेरी सहेली टीमों को देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं। यह पूरे भारत में महिलाओं के लिए ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने की पहल के समर्पण और प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की



स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो कि 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है। रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल है। महिला आरपीएफ कर्मी ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। यह गर्व की बात है कि समस्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में रेलवे सुरक्षा बल में महिलाओं का प्रतिशत सबसे अधिक है। नई भर्ती की गई महिलाओं को उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए मेरी सहेली टीमों में शामिल किया जा रहा है। आरपीएफ की महिला कर्मी न केवल महिला रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती हैं, बल्कि मुसीबत में महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं। आरपीएफ की महिलाकर्मी ऑपरेशन मातृशक्ति के तहत इन महिलाओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक बच्चे के जन्म की सुविधा प्रदान करती हैं। भारतीय रेलवे में आरपीएफ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 ऐसे मामलों में सहायता प्रदान की है। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 13385 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 5 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को मेरी सहेली की टीम ने सहायता पहुंचाई। इसमें बिलासपुर रेल मण्डल में 4772 ट्रेनों में 55584 महिला यात्री, रायपुर रेल मण्डल में 5351 ट्रेनों में 37674 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मण्डल 3262 ट्रेनों में 10918 महिला यात्री शामिल हैं।

## सार-संक्षेप

### प्राप्त किए गए प्रशिक्षण से स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएं



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान कोरबा द्वारा जन शिक्षण संस्थान घण्टाघर परिसर में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुवात माता सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 में प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कौशल से मिला सम्मान-थीम पर आयोजित कार्यक्रम में जेएसएस के निदेशक ने हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने जो कौशल यहां प्रशिक्षण के दौरान सीखा है, उसका उपयोग कर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएं। उनके कौशल उन्नयन की सार्थकता तभी है जब यह स्वयं के उत्थान व दूसरों को कुछ सिखाने के काम आए। आपके द्वारा सीखा गया हुनर दूसरों को भी सिखाकर उनके लिए स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। प्रमाण पत्र प्राप्त समस्त हितग्राहियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जेएसएस के सावित्री जेना, तृष्या मोहंती, लक्ष्मी चटर्जी, विजय लक्ष्मी महंत, सुनीता राठौर, ज्योति बरेठ, सतरूपा प्रजापति, नरेंद्र, किशोर महंत, उमेश, संजय एवं अनीता चौहान और हितग्राही उपस्थित थे।

### घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध भण्डारण व बिक्री पर कार्यवाही



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दर्री पुलिस ने घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से भंडारण कर बिक्री करने के मामले में कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार थाना दर्री पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि सेमीपाली दर्री क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर में घरेलू सिलेण्डर का अवैध भण्डारण कर अवैध रूप से बिकी करता है। इस संबंध में पुख्ता जानकारी प्राप्त होने पर थाना प्रभारी दर्री निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा एसआई श्रीमति रश्मि थॉमस, एएसआई ललित जायसवाल, आरक्षक गजेन्द्र व अन्य स्टॉफ का टीम गठित कर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त टीम द्वारा मुखबीर के बताये हुए स्थान हाउसिंग बोर्ड सेमीपाली स्थित श्रीमति शीतल चंद्रा पति अशोक चंद्रा के मकान में दबिश दी गई। इनके कब्जे से 9 नग लाल रंग का घरेलू उपयोग सिलेण्डर जिसमें 3 नग भरा हुआ एवं 6 नग खाली रखना पाया गया। इन सिलेण्डरों के संबंध में पूछताछ करने पर श्रीमति शीतल चंद्रा द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया और न ही कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। उक्त गैस सिलेण्डरों को जप्त कर धारा 102 की कार्यवाही की गई है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु खाद्य विभाग को पत्राचार कर जांच कार्यवाही किया जा रहा है।

### विकास के लिए किसी भी पार्टी ने काम नहीं किया- अमनदीप



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आजाद जनता पार्टी के कोरबा विधानसभा प्रत्याशी अमनदीप सिंह गिल, प्रदेश अध्यक्ष उज्जवल दीवान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सोनू दीप, तरुण प्रधान ने प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित पत्रवार्ता में कहा कि कोरबा जिले को आज तक विकास से दूर रखा गया है। अमनदीप सिंह गिल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी कोरबा से ही राज्य को सबसे ज्यादा राजस्व प्राप्त होता है। विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम संचालित हैं इसके बाद भी कोरबा की जनता पिछड़ी हुई है। आज तक कोरबा में जितने भी मंत्री, विधायक और सांसद बने है उन्होंने सिर्फ अपना व्यक्तिगत स्वार्थ सिद्ध किया है। कोरबा की जनता के उत्थान के लिए कोई प्रयास नहीं किया हैं और कोरबा को भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, भूमाफिया और अपराध का गढ़ बना दिया गया है। आम जनता सुरक्षित नहीं है और पूरी तरह से त्रस्त हो चुकी है और अब बदलाव चाह रही है। आजाद जनता पार्टी द्वारा प्रसिद्ध समाजसेवी, विचारक एवं शिक्षाविद अमनदीप सिंह गिल को कोरबा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया गया है ताकि योग्य व्यक्ति के आने से कोरबा का विकास करवाया जा सके। पत्रकार वार्ता के दौरान आजाद जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही कोरबा जिले के अन्य सीटों पर प्रत्याशियों व आस-पास के क्षेत्रों के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### युकां मीडिया विभाग के अमर जिला संयोजक नियुक्त



कोरबा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य व जिलों के लिए युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के जिला संयोजक पद पर नियुक्ति की गई है। कोरबा जिले के लिए अमर जायसवाल व आशुतोष वर्मा को शहर संयोजक नियुक्त किया गया है। कोरबा ग्रामीण के लिए संस्कार चौबे को नियुक्ति दी गई है। इस नियुक्ति के बाद नवनियुक्त जिला एवं संयोजक ने कहा है कि वे वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में अपने दायित्व को भली-भांति निर्वहन करेंगे।

# मतदान बहिष्कार का ऐलान के बाद ली गई सुध कलेक्टर ने अधिकारियों को लिखा पत्र

## पहाड़ी कोरवाओं की समस्याओं का समाधान कराने पहुंचे अधिकारी



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के रामपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम फुलवारी, खैरीभवना, लालमाटी, ढाबाडांड, केराकछार के आश्रित ग्राम सरडीह, ग्राम दरगा, ग्राम बरपाली-राजाडीह, ग्राम पंचायत सोलवां अंतर्गत पिपरकोना मोहल्ला आदि में विद्युत व्यवस्था, पहुंच मार्ग, पेयजल और मोबाइल कनेक्टिविटी के लिए मतदान का बहिष्कार करने का मामला संज्ञान में आने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने इसे गंभीरता से लेकर अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और आश्रित ग्राम में पहुंच मार्ग सहित मोबाइल कनेक्टिविटी की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र जारी कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में संबंधित ग्रामों के पहाड़ी कोरवाओं के मध्य जाकर प्रशासनिक अधिकारियों ने समस्याओं के निराकरण के संबंध में उन्हें अवगत कराया और मतदान के महत्व को बताया। अधिकारियों से मिली जानकारी से संतुष्ट होकर पहाड़ी कोरवाओं सहित समस्त ग्रामवासियों ने विधानसभा निर्वाचन-2023 के बहिष्कार के निर्णय को वापस लेकर शपथ के साथ में मतदान करने की सहमति दी है।

कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवाओं की समस्याओं के संज्ञान में आने के पश्चात संबंधित एसडीएम और तहसीलदार से इसकी जांच कराई। जांच में मिली समस्याओं और कमियों को चिन्हित करते हुए कलेक्टर ने संबंधित ग्राम फुलवारी, खैरीभवना, लालमाटी, ढाबाडांड, केराकछार के आश्रित ग्राम सरडीह, ग्राम बरपाली-राजाडीह, ग्राम पंचायत सोलवां अंतर्गत पिपरकोना मोहल्ला आदि में विद्युत व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति और पहुंच मार्ग सहित मोबाइल कनेक्टिविटी की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित की जाए ।सोलर पैनल युक्त बिजली की व्यवस्था और मेंटनेंस के लिए क्रेडा और सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता को, बगधरीडांड से खैरीभावना तक पहुंच मार्ग रोड़ निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सडक् को पत्र जारी किया है।

कलेक्टर ने खैरीभावना ग्राम में पानी में आयरन की अधिक मात्रा होने के कारण पेयजल की समस्या के संबंध में कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पत्र जारी कर जांच कर नवीन बोर लगाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पहाड़ी कोरवाओं से संबंधित ग्रामों में मोबाइल नेटवर्क कनेक्टीविटी के लिए विभिन्न सर्विस प्रोवाइडर बीएसएनएल, जियो, एयरटेल को पत्र जारी कर समस्या के निराकरण के निर्देश दिए हैं।

### चुनाव में रूचि लेते हैं यहां के मतदाता

उल्लेखनीय है कि ग्राम बगधरीडांड एवं सरडीह कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र कमांक 96 मतदान केन्द्र दरगा के अंतर्गत् आते हैं जिसमें विधानसभा निर्वाचन 2018 में 88.33 प्रतिशत मतदान एवं लोकसभा निर्वाचन - 2019 में 85.29 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# डाक सप्ताह में खोले गए 90 खाते, 25 ग्राहकों का किया बीमा

## मनाया गया वित्तीय सशक्तिकरण दिवस




**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रधान डाकघर कोरबा में 9 से 13 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया गया। विश्व डाक दिवस पर प्रधान डाकघर परिसर में ग्राहकों को भारतीय डाक की उपलब्ध सेवाओं के बारे में बताया गया।

11 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल कोरबा में डाक जीवन बीमा, बचत बैंक योजना, सुकन्या समृध्दि खाते एवं महिला सम्मान खाते के बारे में प्रचार-प्रसार कर व्यवसाय प्राप्त किया। राष्ट्रीय डाक सप्ताह में कुल 90 खाते, 25 डाक जीवन बीमा 1 करोड़ 24 लाख 80 हजार रुपए का प्राप्त किया गया। फिलाटेली दिवस पर मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल खरमोरा में फिलाटेली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इसमें 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सुयश कौशिक प्रथम, शुभम कुमार सिंह द्वितीय, रिया तम्बोली ने तृतीय स्थान किया। 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस पर स्टॉफ के साथ बीएनपीएल ग्राहकों, डाकियों एवं मेल प्रभाग में सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में बीएनपीएल सुविधा, विदेश पार्सल भेजने, पोस्टमेन मोबाइल एप्पलीकेशन में कार्य करने तथा 100 प्रतिशत पत्र वितरण के लिए डाकियों को प्रेरित किया गया। मेल प्रभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी बलराम सिंह एमटीएस एवं नोहर लाल धिरहे डाकिया को पुरस्कृत कर प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। 13 अक्टूबर को अंत्योदय दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल खरमोरा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हेमंतो मुखर्जी प्राचार्य के द्वारा डाक विभाग के कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व किया गया। इसमें विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं, फिलाटेली टिकट, डाक जीवन बीमा, पासपोर्ट, आधार बनाने के संबंध में डाकपाल विजय दुबे एवं अजय सिदार एमई द्वारा अवगत कराया गया। सभी बच्चों एवं बड़ों को ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्राचार्य श्री मुखर्जी ने डाक विभाग की सेवाओं को उत्तम बताते हुए अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

### जितेन्द्र शुक्ला होंगे नए एसपी



कोरबा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के द्वारा पिछले दिनों आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण को हटाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद श्री उदयकिरण ने तत्काल प्रभाव से अपना प्रभार एएसपी अभिषेक वर्मा को सौंपकर रवानगी डाल दी। अगले एसपी की पदस्थापना के इंतजार के बीच निर्वाचन आयोग के द्वारा मंगाए गए नामों के पैनल पर विचार करते हुए जितेन्द्र शुक्ला को कोरबा जिले का नया एसपी नियुक्त किया गया है।

### अनुमति नहीं, एसईसीएल मुख्यालय का गेट जाम आन्दोलन स्थगित



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की चारों परियोजना कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा एवं दीपका से पीड़ित भू-विस्थापितों की समस्याओं के निराकरण हेतु कोयलाधानी भूविस्थापित किसान संघ एवम क्षेत्रीय पंचायत प्रतिनिधियो के द्वारा 16 अक्टूबर को एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर का गेट जाम आंदोलन तय किया गया था । इसके लिए जिला प्रशासन बिलासपुर के अधिकारियों को पत्राचार किया गया था एवं कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराई गई थी। 500 से अधिक भू-विस्थापितों के गेटजाम आंदोलन में सम्मिलित होने का उल्लेख किया गया था। वर्तमान स्थिति में किसी भी धरना आंदोलन के लिए प्रशासन से अनुमति प्राप्त करना जरूरी हो गया है।

# सर्वे में सबसे आगे थे संजय, बाहरी बताकर भाजपा ने दूसरे को दिया टिकट

## प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने लगाया आरोप



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के कटघोरा विधानसभा सीट के लिए घोषित भाजपा के प्रत्याशी प्रेमचंद पटेल के विरुद्ध माहौल बनना शुरू हो गया है। भाजपा के ही अनुषंगी संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कटघोरा से संजय शर्मा का नाम सबसे ऊपर था, जिसे बाहरी बताकर कटवाया गया है। क्षेत्र की जनता संजय शर्मा को विधायक के रूप में देखना चाहती है और इसके लिए सब साथ हैं।

प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेसवार्ता कर अनिल पाटले, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरुकता अभियान श्रमिक मोर्चा भाजपा ने कटघोरा विधान सभा की जनता के मुद्दे और बात रखते हुए कहा कि कटघोरा विधानसभा की संपूर्ण जनता दीपका निवासी समाजसेवी व भाजपा जिला विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा मंडल चोटिया प्रभारी संजय शर्मा के सेवा से बहुत प्रभावित हुए हैं। देश में विकराल रूप में कोरोना काल आया, किसी भी दल के नेता ना जन प्रतिनिधी सामने आये, सबका दरवाजा बंद था उस समय से अभी तक संजय शर्मा जनता के बीच सेवा करते आ रहे है। उनकी सेवा भाव से जनता उन्हें विधायक के रूप में देखना पसंद कर रही है। कटघोरा विधानसभा सभा में लागातार जनता के दुःख सुख के साथ साथ भाजपा कार्यकर्ता का सेवा किए। भारतीय जनता पार्टी का लगातार प्रचार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करने केंद्र और राज्य में कमल फूल खिलाने के लिए संकल्पित रहे। कटघोरा विधानसभा को लगातार मजबूत किए। भाजपा के कुछ नेता द्वारा संजय शर्मा को बाहरी का छाप देकर उनका टिकट कटवाया गया। अनिल पाटले को सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कटघोरा विधानसभा में हुये संगठन सर्वे में संजय शर्मा का नाम प्रथम स्थान पर था जो कटवाया गया। अभी लगातार भाजपा कार्यकर्ता सहित समाज प्रमुखजन और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र की जनता संजय शर्मा को विधायक बनाने के लिए ठान लिए हैं, चाहे कोई

# पुनरीक्षित मतदाता सूची में डबल प्रवृष्टि और मृत मतदाताओं की भरमार

## मतदान क्षेत्र छोडक़र जा चुके मतदाताओं के भी नाम यथावत, बिना आवेदन भी कटे कई नाम



**कोरबा,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जहां एक ओर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर तमाम तरह की तैयारियां शुरू कर दी गई है वहीं अधिक से अधिक व्यस्कों के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाए इसके लिए भी निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अभियान चलाए गए। विडंबना है कि मतदाता सूची से मृत मतदाताओं के साथ-साथ स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम भी सूची में दर्ज है। डबल प्रवृष्टियों की भी भरमार होने से मतदाताओं की संख्या ज्यादा दिख रही है।

मतदाता सूची का प्रकाशन चुनाव के ऐन वक्त से पहले 4 अक्टूबर 2023 को किया गया है और इसके 5 दिन बाद चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई। छत्तीसगढ़ राज्य के 90 सीटों के लिए 2 चरणों में मतदान कराया जाएगा। इसमें कोरबा जिले में 17 नवंबर को मतदान सुनिश्चित किया गया है जिसके लिए अभ्यर्थियों के द्वारा 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के मध्य नामांकन दाखिल किए जाएंगे। नामांकन दाखिल करने की प्रारंभ तिथि से 10 दिन पूर्व तक नए छूटे हुए मतदाताओं के नाम तथा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन करने वाले मतदाताओं के नाम हेतु आवेदन लिए जाने के निर्देश हैं, जैसा कि उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने बताया।

इधर दूसरी ओर प्रकाशित मतदाता सूची में अनेक विसंगतियां व्याप्त है जो कि पूर्व से होती आई है और इसमें सुधार की गुंजाइश बहुत कम दर्र्ज हुई है। मौजूदा मतदाता सूची में प्रत्येक मतदान केन्द्र में यही शिकायत है कि अनेक नए मतदाताओं के नाम की डबल प्रवृष्टियां हुई हैं। साथ ही मृतक मतदाताओं के नाम भी विलोपित नहीं कराए गए हैं जिससे कि मतदाता सूची में संख्या वास्तविक मतदाताओं से ज्यादा दर्ज दिख रही है।

### मृतकों के नाम विलोपन कराने से रोका गया

इस बारे में बीएलओ ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पूर्व में मृत मतदाताओं के नाम विलोपन हेतु विशेष शिविरों में प्रारूप 7 में आवेदन मृतक के परिवार के सदस्य के माध्यम से मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ जमा लिए जाने का निर्देश दिया गया था। बाद में इस तरह के आवेदन नहीं लिए जाने के निर्देश अधिकारियों के द्वारा दिए गए। ऐसे में जो मतदाता हाल फिलहाल के अलावा 2-3 वर्षों से मृत हो चुके हैं, उनके भी नाम मतदाता सूची में दर्ज है। अनेक ऐसे मतदाता हैं जो अपने पूर्व स्थान को छोडक़र 5-6 साल से भी अधिक समय से विवाह के कारण अथवा दूसरी जगह शिफ्ट होने के कारण जा चुके हैं अथवा जिला बदल चुके हैं, उनके भी नाम विलोपित नहीं हुए हैं। इसके पीछे वजह संबंधित परिवार का मतदान क्षेत्र में निवासरत न होने के कारण आवेदन पत्र भरवाने में होने वाली दिक्कत के साथ-साथ संबंधित परिवार का नाम कटवाने में रूचि न लेना हैं। बीएलओ के जरिए स्वयं से भी इस संबंध में आवेदन जमा किए जाने के कोई निर्देश नहीं होने से ऐसे मतदाता वर्षों से सूची में जमे हैं जबकि ये भौतिक रूप से मौजूद ही नहीं।

### संख्या बढ़ रही लेकिन मतदान प्रतिशत घट रहा

मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं के आधार पर आंकड़ें तैयार होते है कि जिले और विधानसभा क्षेत्र में कितने मतदाता हैं लेकिन इनमें मृत और मतदान केन्द्र में नहीं रहने वाले मतदाता भी शामिल नहीं होने के कारण संख्या तो बढ़ती जाती है किंतु मतदान के दौरान ऐसे लोगों की अनुपस्थिति होने से मतदाता और मतदान का अनुपात प्रतिशत कम ही दर्ज होता है। इस दिशा में जनप्रतिनिधियों सहित मतदाताओं की भी मंशा है कि मृतकों और स्थायी रूप से अनुपस्थित मतदाताओं के नाम कटने ही चाहिए ताकि वास्तविक मतदाताओं की संख्या स्पष्ट हो सकें।

### पुनरीक्षणों में इस तरह बढ़ते गए मतदाता

जिला निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 3 अलग-अलग तिथियों में मतदाता सूची का प्रकाशन संक्षिप्त और विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद किया गया। इसी साल 5 जनवरी 2023 को जिले के रामपुर, कोरबा, कटघोरा और पाली-तानाखार के कुल 1080 मतदान केन्द्रों में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 84 हजार 606 दर्ज थी। 2 अगस्त 2023 को यह संख्या बढक़र 8 लाख 88 हजार 305 हो गई जो कि 3 हजार 699 अधिक है। विशेष पुनरीक्षण में 2 अगस्त से 11 सितंबर तक नाम जोडऩे, विलोपन व त्रुटि सुधार, स्थानांतरण हेतु चलाए गए अभियान में प्राप्त आवेदनों का निराकरण उपरांत जारी मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 9 लाख 18 हजार 358 दर्ज हुई जो कि अगस्त के आंकड़ें से 30 हजार 53 अधिक है। विडंबना है कि बढ़े हुए आंकड़ों में डबल प्रवृष्टि, कुछ महिनों के साथ-साथ वर्षों से मृत हुए तथा स्थायी रूप से मतदान केन्द्र छोडक़र जा चुके मतदाताओं की भी संख्या दर्ज है।

### मतदान करने आएंगे नहीं, पर रखने से क्या फायदा?

अधिकारियों के द्वारा मृत मतदाताओं के नाम विलोपित न करने के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देश का हवाला दिया जा रहा है कि कहीं विलोपन के चक्कर में वास्तविक मतदाता का नाम न डिलीट हो जाए। यह भी तर्क है कि मृत मतदाता तो मतदान करने आएगा नहीं, लेकिन सवाल कायम है कि आखिर ऐसे मृतक मतदाताओं को सूची में रखने से क्या फायदा?

### बिना आवेदन शिफ्ट हुए कई मतदाता

जारी मतदाता सूची में कई मतदान केन्द्रों से पता चला है कि न तो बीएलओ के द्वारा और न ही स्वयं मतदाता के द्वारा निर्धारित प्रारूप अथवा ऑनलाइन आवेदन जमा किए जाने के बाद भी कुछ मतदाताओं का नाम अपने आप शिफ्ट कर उस क्षेत्र की मतदाता सूची से डिलीट कर दिया गया है। श्वेता वर्मा, गुड्डू सिंह, जयंत टंडन, गायत्री श्रीवास, कृष्ण कुमार बंजारे आदि ऐसे कई मतदाता हैं जो पूर्ववत निवासरत है लेकिन नाम शिफ्ट कर दिया गया है।

### मतदाता सूची के संबंध में मंगाए गए दावा-आपत्ति

जिले के सभी 1080 मतदान केन्द्रों में प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में आम जन अपने बूथ लेवल अधिकारी/ अविहित अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय/ तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय के समक्ष दावा-आपत्ति का आवेदन कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### महाराजा श्री अग्रसेन जयंती कल, निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



**मनेन्द्रगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। अग्रसेन धर्मशाला समिति, अग्रवाल नवयुवक मंडल, अग्रसेन महिला मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का भव्य आयोजन कल 15अक्टूबर को होगा. इस मौके पर रविवार को शाम 4.00बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी.

उल्लेखनीय है कि महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य का शुभारंभ 1 अक्टूबर से हो चुका है. इस दौरान 13 अक्टूबर शुक्रवार को डांस प्रतियोगिता, फेंसी ड्रेस व एकल डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई. सभी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया. आज 14 अक्टूबर शनिवार को दोपहर 3ः00 बजे से अग्रसेन भवन में अग्रसेन कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही आयोजन स्थल पर गायन प्रतियोगिता व सिक्के की ज्वेलरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी. आयोजन को भव्य रूप देने अग्रसेन महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला अग्रवाल,श्रीमती वंदना अग्रवाल, सचिव श्रीमती माधुरी अग्रवाल,सह सचिव श्रीमती निधि अग्रवाल,श्रीमती मुक्ति अग्रवाल,कोषाध्यक्ष श्रीमती ममता अग्रवाल के साथ मंडल प्रभारी श्रीमती चंदा अग्रवाल,श्रीमती ज्योति अग्रवाल, श्रीमती रजनी अग्रवाल,श्रीमती रागिनी अग्रवाल मौजूद रहीं. आयोजन में अग्रसेन धर्मशाला समिति के संरक्षक विनोद कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष रामनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार अग्रवाल,व्यवस्थापक स्वरूप चंद्र अग्रवाल, सह व्यवस्थापक निरंजन अग्रवाल(कमल ट्रेनिंग )कोषाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद अग्रवाल,विधि सलाहकार अधि.गणेश अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य मनोज अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल,गोविंद अग्रवाल व नारायण अग्रवाल सक्रिय हैं. इसके साथ ही अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल,उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल,सचिव सनिल अग्रवाल (शुभम )सहसचिव द्वय सोनल अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रजत अग्रवाल,कार्यक्रम प्रभारी ऋषभ अग्रवाल, शुभम अग्रवाल (सर जी ) कार्यकारिणी सदस्य बृजेश अग्रवाल व आकाश अग्रवाल (कमल ट्रेनिंग) महती भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग

**कोरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। वर्ष 2023-24 में कोरिया जिले में संचालित एकलव्य आदर्श विद्यालयों के कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 22 अप्रैल को आयोजित की गई थी, जिसकी संशोधित परीक्षा परिणाम 8 अगस्त तथा मैरिट सूची 27 अगस्त 2023 को जारी की गई थी।

मैरिट सूची में प्रवेश नीति के अनुसार 8 एवं 9 सितम्बर को कक्षा छठवीं में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को प्रवेश दी गई थी। प्रतीक्षा सूची में चयनित विद्यार्थियों को 17 अगस्त तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरिया में सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का अवसर दिया गया है।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया ने जानकारी दी है कि काउंसिलिंग के संबंध में अभ्यर्थी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी व एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, खड़गवां, सोनहत तथा जमथान से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कक्षा ग्यारहवी में भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ

**कोरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शिक्षा सत्र 2023-24 कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के किसी भी सरकारी तथा गैर सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्ययनरत (पूरा सत्र अध्ययन अनिवार्य) विद्याथियों के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय, बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया एवं एमसीबी जिले में कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2023 है।

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने जानकारी दी है कि अभ्यर्थी को जिले से दसवीं की पढ़ाई की प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, आधार नम्बर होना अनिवार्य है। जिन अभ्यर्थी के जन्म 1 जुलाई 2007 से 31 जुलाई 2009 के बीच हो, उसे शामिल किया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी के लिए भारत सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग के केन्द्रीय सूची में शामिल हो, उन्हें लाभ मिलेगा अथवा उसे सामान्य वर्ग से आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों को ऑन लाइन भरते समय फोटो, हस्ताक्षर, अभिभावक के हस्ताक्षर 10-100 केबी, जेपीजी फार्मेट में तथा निवास प्रमाण-पत्र 50-300 केबी जेपीजी फार्मेट में ऑन लाइन सकते हैं।

### कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण




**सारंगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने बिलाईगढ़ के मतदान प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार का लापरवाही और त्रुटि नही करना है। इसलिए सभी अधिकारी, कर्मचारी निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारियों को अपने कार्य एवं दायित्वों के संबंध में किसी प्रकार की शंका होने पर उसका समाधान प्रशिक्षण के दौरान करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी उपस्थित थी।

# 16 अक्टूबर से शुरू होगा पीठासीन व मतदान अधिकारियों का दो चरणों में होगा प्रशिक्षण

## साथ ही लाइजनिंग, वाहन प्रभारी, महिला, दिव्यांग एवं युवा मतदान कर्मियों और माइक्रो आब्जर्वर को भी दी जाएगी ट्रेनिंग

**अंबिकापुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)।विधानसभा निर्वाचन 223 के नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) एवं नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर आगामी विधानसभा निर्वाचन 223 के सफलतापूर्वक संचालन हेतु चुनाव कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। उक्त प्रशिक्षण महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जे.आर. प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे, प्रशिक्षण विधानसभा निर्वाचन 223 के नोडल अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक श्री रविशंकर तिवारी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने दायित्व को सौंपा गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर 223 को प्रातः 11:45 बजे से सायं 5:3 बजे तक सीनियर सेकेण्डरी हॉलीक्रास कांवेंट स्कूल पटपरिया में पीठासीन अधिकारी पी व मतदान अधिकारी पी1 को सर्व डीएलएमटी एवं एएलएमटी के द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों की प्रथम चरण की प्रशिक्षण दी जाएगी। 17 अक्टूबर 223 को प्रातः 1:3 बजे से दोपहर 1:3 बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी लाईजनिंग अधिकारी को मास्टर ट्रेनर सहायक प्राध्यापक डॉ राज कमल मिश्रा, एवं सहा. प्राध्यापक डॉ एसएन पाण्डेय के द्वारा लाईजनिंग ऑफिसर की प्रशिक्षण दी जाएगी।

18 अक्टूबर 223 को जिला पंचायत सभाकक्ष में डिप्टी कलेक्टर श्री डीएस उइके, आरटीओ श्री सीएल देवांगन, सहा. प्राध्यापक श्री संजीव लकड़ा के द्वारा प्रातः 1ः बजे से दोपहर 12ः बजे तक सर्व वाहन प्रभारी सीतापुर, अपराह्न 1ः बजे से 3ः बजे तक सर्व वाहन प्रभारी लुण्ड्रा, अपराह्न 3:1 बजे से सायं 5ः बजे तक सर्व वाहन प्रभारी अम्बिकापुर को वाहन प्रभारी का प्रशिक्षण दी जाएगी। 19 अक्टूबर 223 को प्रातः 1:3 बजे से सायं 5ः बजे तक जिला पंचायत सभाकक्ष में सभी महिला एवं दिव्यांग मतदान कर्मी को सहा. प्राध्यापक डॉ दीपक सिंह, डॉ आनंद कुमार, श्री संजीव लकड़ा, डॉ निलाभ कुमार के द्वारा महिला मतदाता कर्मियों एवं दिव्यांग मतदान कर्मियों एवं युवा मतदान कर्मी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। 2 अक्टूबर 223 को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रातः 1:3 बजे से अपराह्न 1:3 बजे सभी माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए डीएमएलटी, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, अपर कलेक्टर श्री टी.सी. अग्रवाल, सहा. प्राध्यापक डॉ आरके मिश्रा एवं डॉ एसएन पांडेय के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर की प्रशिक्षण तथा अपराह्न 2ः बजे से 5ः बजे तक समस्त होम वोटिंग मतदान अधिकारी कर्मचारी को सहा. प्राध्य. डॉ आरके मिश्रा एवं श्री एसएन पाण्डेय के द्वारा होम वोटिंग कराने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

21 अक्टूबर 223 को सीनियर सेकेण्डरी हॉलीक्रास कांवेंट स्कूल पटपरिया में मतदान अधिकारी पी2 व पी3 की सहा. प्राध्यापक डॉ आरके मिश्रा एवं एसएन पाण्डेय के द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सर्व डीएलएमटी एवं एएलएमटी के द्वारा 8 नवंबर 223 को सीनियर सेकेण्डरी हॉलीक्रास कांवेंट स्कूल पटपरिया में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी सीतापुर-11, 9 नवंबर 223 को कार्मेल स्कूल में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी लुण्ड्रा-9 एवं 1 नवंबर 223 को प्रातः 1:3 बजे से सायं 5:3 बजे तक सीनियर सेकेण्डरी हॉलीक्रास कांवेंट स्कूल पटपरिया में सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी अम्बिकापुर-1 व भटगांव -5 की पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों की द्वितीय चरण प्रशिक्षण दिया जाएगा।पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण में सभी सेक्टर ऑफिसर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## विधानसभा निर्वाचन 2023: मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन





**अंबिकापुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार के निर्देशन में सरगुजा जिले के समस्त जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के माध्यम से विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु अम्बिकापुर के पटपरिया स्थित होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मुख्य प्रशिक्षक डॉ राजकमल मिश्रा एवं डॉ एस एन पांडे की उपस्थिति में प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मतदान प्रक्रिया, विविध फॉर्म भरे जाने का हैण्ड्सआन प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, 80 प्रतिशत से अधिक आयु के मतदाताओं हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदान की जाने वाली नवीन सुविधा पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय के स्मार्ट क्लास में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता, विधानसभा स्तरीय स्वीप के प्रभारी अधिकारी रविशंकर पांडे शिक्षा विभाग एवं एल पी गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधानसभा निर्वाचन 2023

## मतदान दलों के प्रथम चरण प्रशिक्षण 16 से 20 अक्टूबर तक

**कोरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत (आंशिक) के अंतर्गत कोरिया जिले में आने वाले सोनहत क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान कार्य सम्पन्न कराने हेतु अधिकारी कर्मचारियों की डयूटी लगाई जानी है। जिसका प्रथम चरण का प्रशिक्षण नियोजित कुशल प्रशिक्षको द्वारा सेंट जोसेफ इंग्लिश मिडियम स्कूल रामपुर बैकुण्ठपुर में 16 से 20 अक्टूबर तक प्रात: 11:30 बजे से साय 5:30 तक दिया जाएगा।

जारी आदेशानुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 बैकुण्ठपुर पुरूष अधिकारियों कर्मचारियों का प्रशिक्षण 16 अक्टूबर को तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत पुरूष अधिकारियों कर्मचारियों का प्रशिक्षण 17 एवं 18 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। इसी प्रकार महिला अधिकारियों कर्मचारियों का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 बैकुण्ठपुर के लिए 19 अक्टूबर एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 01 भरतपुर-सोनहत के लिए 20 अक्टूबर को प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। 16 से 20 अक्टूबर तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 21 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

### फोन में दर्ज होगा शिकायत, समस्या व निराकरण

### तीन पालियों में कार्यरत हैं कर्मी

**कोरिया,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान आम नागरिकों से फोन के माध्यम से शिकायत, समस्या और निराकरण करने के लिए जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने कलेक्टेरेट कार्यालय में नियत्रंण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए थे।

स्थापित नियंत्रण कक्ष में आम मतदाताओं से जुड़ी समस्याओं, वोटर आईडी कार्ड नहीं मिलने, वोटर आईडी कार्ड गुमने, नाम में त्रुटि जैसी समस्याओं का निराकरण के लिए नियंत्रण कक्ष में टोल फ्री नंबर 1950 व दूरभाष क्रमांक 07836 232555 पर दर्ज कराया जा सकता है। नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मी कार्यरत रहेंगे। शिकायत नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेन्टर के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री विनय कश्यप को बनाया गया है। इसके अलावा जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री अलेक्जेण्डर केरकेट्टा, श्रम निरीक्षक, श्री मुकेश कुमार राठौर तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रकाश तिवारी भी रहेंगे। नियंत्रण कक्ष में प्रत्येक दल द्वारा 8-8 घण्टे की तीन पालियों में कार्य करेंगे। शिकायत नियंत्रण कक्ष में सहायक के रूप में सहायक ग्रेड-2 श्री अनिल खलको, श्री बसंत सिंह, श्री निलेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-3 श्री रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, श्री अमित परमार, श्री शैलेन्द्र कुमार सोनी को संलग्न किया गया है।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज व जिला न्यायालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन

**बलरामपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन 223-24 के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामानुजगंज द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज में मानसिक स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री लोकेश कुमार ने उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष का विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम मानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानवाधिकार है, इसके बारे में विस्तार से बताते हुए मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों के विधिक अधिकारों के संबंध में चर्चा की।

स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उपस्थित चिकित्सकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के विषय में बताते हुए कहा गया कि मानसिक अस्वस्थता का उपचार संभव है तथा मानसिक अस्वस्थता को अन्य शारीरिक अस्वस्थता से पृथक करके नही देखा जाना चाहिए। प्राचार्य स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज श्री हरिओम गुप्ता द्वारा कार्यक्रम के अंत में मानसिक स्वास्थ्य के विषय में छात्र-छात्राओं को जागरूकता के स्तर को बढ़ाने प्रेरित किया। जिला न्यायालय परिसर रामानुजगंज में भी श्री अशोक कुमार साह, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया।

श्री साहू द्वारा मानसिक रूप से अशक्त एवं अस्वस्थ्य व्यक्तियों के अधिकार एवं संबंधित विधिक प्रावधानों के संबंध में बताया गया।कार्यक्रम के पश्चात् स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जिला न्यायाधीश रामानुजगंज, श्री प्रफुल्ल कुमार सोनवानी, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामानुजगंज श्री आशीष पाठक, अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पाक्सो एक्ट) रामानुजगंज, श्री श्रीकांत श्रीवास, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामानुजगंज श्री पंकज आलोक तिर्की, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलरामपुर स्थान रामानुजगंज श्री लोकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलरामपुर स्थान रामानुजगंज श्री शाश्वत दुबे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रामानुजगंज डॉ. श्रीमती ज्योत्सना पाठक, डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी एवं न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण एवं पी.एल.व्ही. उपस्थित थे।

## राशन कार्ड में राजनैतिक दल के नेताओं की फोटो से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत

### खाद्य अधिकारी ने स्पष्ट की स्थिति, आचार संहिता मैनुअल अनुसार निर्वाचन की घोषणा से पूर्व वितरित या निर्मित लाभार्थी कार्ड, निर्माण स्थल पट्टिका पर कोई आपत्ति नहीं

### राशनकार्ड से फोटो हटाने पर राशन ना मिलने की बात पूरी तरह भ्रामक एवं निराधार, निर्बाध रहेगा राशन वितरण

**अंबिकापुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। राशन कार्ड में राजनैतिक दल के नेताओं की फोटो से आचार संहिता के उल्लंघन के संबंध में प्राप्त शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने स्थिति स्पष्ट की है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता पर मैनुअल 2019 की कंडिका 9.6.1(1) में स्पष्ट उल्लेख है कि ऐसी लाभार्थी कार्ड, निर्माण स्थल पट्टिका आदि राजनीतिक पदाधिकारियों के फोटो के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है, जो निर्वाचन के घोषणा के पहले वितरित या निर्मित किए गए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि राजनीतिक दल के नेताओं के फोटोयुक्त नमक एवं चना के पैकेट के वितरण पर रोक लगाई गई है। बिना फोटो के चना एवं नमक पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने राशनकार्ड से फोटो हटाने पर राशन ना मिलने की बात को भ्रामक एवं निराधार बताते हुए इसका खंडन किया है।

उन्होंने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन अनुरूप कार्यवाही करते हुए रैंडम तरीके से जिले के लगभग 10 प्रतिशत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में पहुंचकर राशन वितरण में परेशानी और राशनकार्ड का प्रलोभन देकर वोट देने की अपील की सूचना की जांच कर कथन सह पंचनामा दर्ज किया गया जिसमें सभी ने उपरोक्त बात से इंकार किया है।

खाद्य अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि अफवाहों से दूर रहें, राशन वितरण की प्रक्रिया पूरी तरह निर्बाध रहेगी।

उन्होंने यह भी बताया कि आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों को पत्र जारी कर एवं बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता के पालन हेतु निर्देशित किया गया है।

## शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज होगा मतगणना केन्द्र

**अंबिकापुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में 17 नवम्बर 2023 को मतदान किया जायेगा तथा 03 दिसम्बर 2023 को मतगणना का कार्य सम्पन्न होगा। मतदान दलों को प्रदाय करने के लिए ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण, सामग्री प्राप्ति, मतगणना आदि का कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर से किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने आदेश जारी कर विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों के उपयोग हेतु ईवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित रखने हेतु स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण, सामग्री प्राप्ति, मतगणना इत्यादि का कार्य किये जाने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर भवन को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से अधिग्रहण किया जाता है।

## नामांकन दाखिला की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक

**बलरामपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को नामांकन फार्म भरने के लिये प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में दलों को नामांकन फार्म भरने की विधि तथा समय के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श अचार संहिता, रैली, सम्मेलन, वाहन अनुमति, खातों के रख रखाव, मदवार रजिस्टर संधारण के विषय में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु अभ्यर्थियों द्वारा व्यय की सीमा अधिकतम 40 लाख रुपये है, कि जानकारी प्रदान की गई। राजनीतिक दलों को निर्वाचन संबंधित अनुमति हेतु सुविधा पोर्टल की जानकारी दी गई।

विधानसभा निर्वाचन 2023 कार्यक्रम के तहत नामांकन दाखिला 21 अक्टूबर से शुरु होकर अंतिम तिथि 30 अक्टूबर शुक्रवार तक निर्धारित है। उक्त नियत अवधि के दौरान प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक अभ्यर्थियों अथवा उनके अधिकृत अभिकर्ता से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जायेगा। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को की जायेगी। वहीं 02 नवम्बर तक अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लिया जा सकता है। इसके पश्चात निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्यवाही की जाएगी। जिले में 17 नवंबर दिन शुक्रवार को मतदान होगी तथा 03 दिसंबर को मतगणना की कार्यवाही की जाएगी। राजनीतिक दलों की बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु प्रस्तावित स्ट्रांग रूम लाईवलीहुड कॉलेज भेलवाडीह के विषय में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बताया गया कि 22 और 29 अक्टूबर दिन रविवार एवं 24 अक्टूबर दशहरा के दिन अवकाश होने के कारण नामांकन फार्म नहीं लिए जायेंगे। बाकि दिवसों में कार्यालय खुले रहेंगे।

## सार-संक्षेप

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। महिला से छेडछाड करने वाले दो आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि पीडिता 11 अक्टूबर को शाम 07 बजे अपने घर मे अकेली थी उसी समय आरोपी अभिषेक भारते उर्फ भका एंव शेखर कंवर निवासी अम्बेडकर चौक अकलतरा के द्वारा घर अंदर घुसकर बुरे नियत से हाथ बाह पकड़ा, पीडिता अपने बचाव के लिए डंडा को पकडी तो आरोपियो के द्वारा हाथ से छीन कर पीडिता को मारपीट कर चोट पहुंचाये, इसकी पीडिता के रिपोर्ट पर से आरोपीयो के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 354, 354 (ख),458, 323, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी अभिषेक भारते उर्फ भका उम्र 21 वर्ष व शेखर कंवर उम्र 23 साकिनान अकलतरा को हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया तो जुर्म स्वीकार किए जाने से तथा आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने सेगिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक तुलसिंह पट्टावी, म.प्र.आर. अनिता पाटले, आरक्षक प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र घृतलाहरे, बृजपाल बर्मन का योगदान रहा।

# शराब पीकर मोटर सायकल चलाए जाने पर, 5 के खिलाफ कार्यवाही



**जांजगीर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराब पीकर वाहन चलाने जाने वालों के विरूद्ध जिला यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात चेकिंग के दौरान 05 व्यक्ति को शराब पीकर मोटर सायकल चलाए पायें जाने पर मो. सायकल को जप्त किया जाकर यातायात नियम के तहत् कार्यवाही की गई।

जिला यातायात पुलिस द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 12 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में सिलेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना एवं शराब पीकर वाहन चालाने वालो के विरूद्ध अलग-अलग धाराओं के तहत कुल 60 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 18,900 रू का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है।

# चंद्रपुर क्षेत्र की जनता के साथ कांग्रेस ने छलावा किया-संयोगिता



डभरा, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। चंद्रपुर विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी संयोगिता युद्धवीर सिंह जूदेव को चुनाव मैदान में भाजपा ने उतारा है। भाजपा प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव ने अपने निवास स्थान महानदी सदन हरदी में प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रत्याशी बनाए जाने पर केंद्रीय और राज्य नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त किया। चर्चा के दौरान उन्होने कहा कि चंद्रपुर विधानसभा की जनता के साथ कांग्रेस के विधायक ने छलावा किया है चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है उन्होंने कहा कि हम जनताओं बीच क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर उतरेंगे कांग्रेस शासन में चंद्रपुर विधानसभा में सभी निर्माण कार्यों में करोड़ों का घोटाला, भ्रष्टाचार और निर्माण कार्य में अनियमितता सहित शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थय सुविधाए काफी लचर है। क्षेत्र की आम जनता के लिए कोई सुविधा नहीं है आज चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र विकास में पिछड़ा हुआ है।

# नाम निर्देशन के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए अग्रिम तैयारियों में जुटा प्रशासन

**अंबिकापुर** 13 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा की सतत निगरानी में नाम निर्देशन के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिए अग्रिम तैयारियों में प्रशासन जुट गया है। विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु 09 अक्टूबर को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 कार्यक्रम के अनुसार सरगुजा जिले के तीनों विधानसभा में 17 नवंबर को मतदान की तिथि निर्धारित है। 21 अक्टूबर को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नाम निर्देशन की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु कलेक्ट्रेट कार्यालय के जन सूचना अधिकारी कक्ष,विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के लिये न्यायालय नजूल अधिकारी कक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के लिये न्यायालय अपर कलेक्टर अम्बिकापुर कक्ष निर्धारित किया गया है।

इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन और एसपी श्री शर्मा ने शुक्रवार को नाम निर्देशन हेतु निर्धारित सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सुरक्षा मानकों का अवलोकन किया। नाम निर्देशन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों तथा राजनैतिक दलों के प्रवेश, निकासी, वाहन पार्किंग, रैली हेतु मार्ग निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने इस दौरान निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न कलेक्टरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों तथा नामांकन दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रवेश मार्ग अलग-अलग रखा जायेगा। अधिकारी-कर्मचारियों हेतु कलेक्टरेट परिसर के मेन गेट से एंट्री रखी जाएगी, वही गेट नम्बर 02 से अभ्यर्थियों की एंट्री होगी। सुरक्षा की दृष्टि से अभ्यर्थी के साथ आने वाली रैलीयों को पहले ही रोका जाएगा।

# निर्वाचन व्यय निगरानी समितियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण

## सख्ती, सतर्कता, सावधानी से कार्य करने के दिये निर्देश,वैध एवं अवैध खर्चों की होगी सघन जांच



जांजगीर,13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय निगरानी (ईईएम) के तहत एफएसटी, एसएसटी वीवीटी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय प्रशिक्षक भूपेंद्र जांगड़े द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आदर्श आचार संहिता के तहत दिये जाने वाले सभी निर्देशों की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण दलों के कार्यों, दौरा, दैनिक प्रतिवेदन भेजने, जिला-राज्य की सीमा क्षेत्रों पर निगरानी व कार्यवाही करने के संबंध में विस्तार से बताया गया। व्यय अनुवीक्षण दलों को अपना कार्य पूरी पारदर्शिता एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष होकर करना है। जो परस्पर एक-दूसरे दल से जुड़े रहेंगे। समस्त दल को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सावधानी, सख्ती, सतर्कता और शालीनता से कार्य करने के निर्देश दिये गये। चेक पोस्टों पर निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने कहा गया। टीम द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा किए जा रहे वैध एवं अवैध खर्चों की सघन जांच और निगरानी करेंगे। अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक श्रीमती झा ने प्रशिक्षण में बताया कि जिला एवं अंतर जिला में माल परिवहन के समय विक्रेता व्यवसायी को इनवाईस के साथ-साथ डिलीवरी चालान के साथ डिलीवरी चालान का क्रमांक एवं दिनांक, विक्रेता व्यवसायी का नाम, पता जीएसटीएन, क्रेता व्यवसायी का नाम, पता जीएसटीएन, एचएसएन कोड, वस्तु की मात्रा, कर योग्य राशि, कर की दर एवं हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। नगद परिवहन की स्थिति में 10 लाख से अधिक कैश को आयकर विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। बिना वैध एवं आवश्यक दस्तावेज के माल परिवहन करते पाये जाने पर जीएसटी अधिनियम, राजस्व अधिनियम एवं पुलिस विभाग की धाराओं के तहत माल की जब्ती, कुर्की की जा सकती है जब तक कि आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जाता है। इस दौरान वीडियोग्राफी टीम को घटना स्थल में कार्यवाही का वीडियोग्राफी करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी टीम को ईएसएमएस (इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम) सीविजिल एप्प की कार्यप्रणाली के संबंध में अवगत कराया गया।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैंक अधिकारियों बैठक जिला पंचायत सीईओ आरके खुटे द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संदर्भ में बैठक में जिला निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण को लेकर बैंक अधिकारियों, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम को बताया कि निर्वाचन का कार्य महत्वपूर्ण है इसलिए व्यय से संबंधित पंजियों का अच्छे से संधारण किया जाए। व्यय अनुवीक्षण के लिए गठित टीमें अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता एवं गंभीरतापूर्वक करें। बैठक में व्यय पर्यवेक्षक (ईओ), सहायक व्यय पर्यवेक्षक (एईओ), उडनदस्ता और स्थैतिक निगरानी दल (एफएस एवं एसएसटी), वीडियो निगरानी दल (वीएसटी), वीडियो देखने वाली टीम (वीवीटी), लेखा टीम, आबकारी टीम, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) के साथ समन्वय बनाकर कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## शहर के प्रमुख चौक चौराहों के साथ जिले में प्रवेश करने वाले मार्गों पर पुलिस की सघन जांच

**रायगढ़** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आसन्न विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले के भीतर एवं जिले में प्रवेश करने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू कर दी है। बिना जांच-पड़ताल किए किसी भी वाहन एवं व्यक्ति को जिले की सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन पर सभी थाना क्षेत्रों में बाहरी लोगों की शिनाख्त के लिए थाना प्रभारियों द्वारा चेकिंग अभियान भी चला रही है। एसएसपी सदानंद कुमार ने पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सुरक्षा इंतजाम में कोई चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों को गंभीरता से लेते हुये राजपत्रित अधिकारियों द्वारा स्वयं जांच पर निकलकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जा रहा है। कल एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा औचक रूप से अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट बडमाल चेक किया गया

# पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले पति को 3 वर्ष सश्रम कारावास

**सक्ती,**13 अक्टूबर (देशबन्धु)। पत्नी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर उसे आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले पति को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा.ममता भोजवानी ने तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार नरेश्वरी का विवाह मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम भठोरा निवासी सोनू खूंटे के साथ वर्ष 2017 में सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। विवाह के कुछ दिन बाद से ही सोनू दहेज में बाइक व नकद रकम के नाम से उसके साथ मारपीट करता था। मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इसके संबंध में सामाजिक बैठक होने पर पुन: उसे अपने साथ ले गया और फिर घर में दहेज के नाम से मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने लगा।

जिससे तंग आ कर उसकी पत्नी नरेश्वरी ने 11 जून 2021 को जहर पीकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। आरोपित पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया।

मामले की सुनवाई कर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डा. ममता भेजवानी ने सोनू खूंटे को अपनी पत्नी की आत्म हत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के अपराध धारा 304 बी को बदलकर धारा 498 ए के लिए तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक ऋषिकेश चौबे ने पैरवी की।

# युवा तथा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विशेष अभियान



**जांजगीर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की निर्देशन में आगामी विधानसभा निवार्चन 2023 में मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने जिलें के जिला यूथ आइकॉन स्वीप धनंजय कुमार यादव, महिला आईकॉन पर्वतारोही अमिता श्रीवास तथा दिव्यांग आईकॉन प्रो. अनुराधा राठौर तथा सहायक स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. वीके पटेल, टीपी भावे तथा जिला मास्टर ट्रेनर प्रो. रमाकांत पाण्डेय की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिले के युवा मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं की एथिकल मतदान के लिए जागरूक करने आवश्यक टिप्स दिये गए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूरे जिले के जिन मतदान केन्द्रों में राज्य के औसत मतदान से पिछले विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में कम मतदान हुआ है, वहां विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का जोर दिया गया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. आराध्या राहुल कुमार ने तीनों युथ आईकॉन से अपील की वे भौतिक रूप से तथा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज एवं आम मतदाताओं के बीच ऐसा आदर्श प्रस्तुत करें कि वे अनिवार्य रूप से मतदान करने की ओर आकर्षित हो।

### 6072 से अधिक दिव्यांग मतदाता

सहायक स्वीप जिला नोडल अधिकारी टी.पी. भावे ने बताया कि जिलें में लगभग 6072 से अधिक दिव्यांग मतदाता है उन्हें मतदान करने के लिए निर्वाचन आयोग विशेष सुविधा प्रदान करने जा रही है, युवा एवं नये मतदाताओं को मतदान की प्रक्रिया समझाने तथा उन्हें मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए जिलें के शासकीय तथा निजी एवं शिक्षा महाविद्यालयों में प्रोफेसर नोडल अधिकारी स्वीप तथा कैम्पस अम्बेसडर के माध्यम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यूथ आईकॉन धनंजय कुमार यादव ने कहा कि वे एक स्टेट लेवल के वेट लिफ्टर है तथा समस्त खिलाड़ियों व युवाओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता के दिशा में एक प्रेरक की भूमिका निभा रहे है। महिला यूथ आइकॉन अमिता श्रीवास जो एक अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही है उन्होनें सभी महिलाओं से अपील कि आगामी विधानसभा चुनाव के रूप में लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर रमाकांत पाण्डेय ने 80 प्लस आयु के मतदाताओं तथा 40 प्रतिशत से अधिक वाले दिव्यांगों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नये निर्देशों की जानकारी दी जिला सहायक नोडल अधिकारी प्रो. बी.के. पटेल ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युथ आईकॉन के माध्यम से जिलें के सभी विधानसभा क्षेत्रों में नगर तथा विकासखण्ड मुख्यालयों तथा उच्च शैक्षणिक संस्थाओं में 14 नवम्बर तक अनवरत रूप से सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

# 110 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। 110 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ, बिक्री करने वाले आरोपी को शिवरीनारायण पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2), 59 क आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

मामले पर पुलिस ने बताया कि अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विशेष टीम जांजगीर एवं थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा थाना स्तर से टीम गठित किया गया था। मुखबीर से सूचना मिला की आरोपी रामनारायण केंवट उम्र 63 साल साकिन धरदेई अपने घर के पीछे बाड़ी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु छिपा कर रखा है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक जरिकेन में अलग अलग रखे कुल 110 लीटर कच्ची हाथ भट्ठी का महुआ शराब कुल कीमती 11,000 रू को बरामद किया गया है। आरोपी रामनारायण केंवट उम्र 63 साल साकिन धरदेई थाना शिवरीनारायण के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 34(2), 59 क आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्रशिक्षु डीएसपी संघमराम, निरीक्षक अशोक द्विवेदी, सउनि के.के.साहू प्रआर. तारिकेश पांण्डेय एवं गठित टीम का योगदान रहा।

फोटो संलग्न 13 डी,

## 25 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



25 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर धारा 41(क) द.प्र.स. के तहत नोटिस तामील कर आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। मामले पर पुलिस ने बताया कि 12 अक्टूबर को मुखबीर सूचना मिला की शंकर कुमार निवासी बडे अमेरी कोटमीसोनार द्वारा अवैध शराब बिक्री की जाती है। सूचना पर रेड कार्यवाही किया, मौके पर आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक के जेरिकेन में रखा 25 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 34 (2) आब.एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी शंकर कुमार उम्र 21 वर्ष साकिन बडे अमेरी कोटमीसोनार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए धारा 41(क) द.प्र.स. के तहत नोटिस तामील कराया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक टीएस पटटावी सउनि बीपी खाडेकर आर. राजेन्द्र कहरा, सुकृत जागडे का सराहनीय योगदान रहा।

# जानवरों के प्रति अटूट लगाव है मोहन सिदार को

**डभरा,**13 अक्टूबर (देशबन्धु)। जानवरो के प्रति उनका लगाव अटूट ग्राम साल्हे के ग्रामीण मोहन सिदार में देखा जा सकता है। वे घर के पास रोज सुबह-सुबह मूंगफली के दाने लेकर बंदरों को खिलाते हैं और बंदर भी उनसे इतना घुल मिल गए है कि उनकी आहट पाते ही ये पेड़ से नीचे उतरकर उनके हाथ में रखे मूंगफली के दाना को ले लेकर मजे से खाते हैं।

कहते हैं कि इंसान तो अपने लिए जीता ही है लेकिन जो दूसरों के लिए जीता है वही सच्चा इंसान माना जाता है मोहन सिदार बताते हैं कि 6 महिने से खुद रोज घर से उठकर सड़क किनारे स्थित आम के पेड़ के नीचे बंदरों को बुलाते हैं और मूंगफली बिस्किट खिलते रहते हैं। इस मुलाकात के दौरान मोहन सिदार ने बताया कि वह गांव के ग्रामीण किसानों के गायों के दूध को दुहने का काम भी करते हैं और सेवा भाव से करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के उदाहरण विरले ही देखने को मिलता हैं। ग्रामीण मोहन सिदार मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं इसके बाद भी जानवरो के प्रति उनका लगाव अटूट है हर रोज सुबह बंदरो के समय बिताते है।



## आचार संहिता लागू होते ही वारंटियों की धरपकड़ की तेज

**रायगढ़** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आचार संहिता के प्रभावशील होते ही जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस सघन जांच अभियान चला रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर पुलिस जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में रात में पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाने के साथ ही आदतन अपराधियों की धरपकड़ कर रही है।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन



## निजी स्कूलों के 1565 प्रतिभागी लेंगें प्रतियोगिता में भाग

**जांजगीर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जांजगीर के अंतर्गत नवागढ़ ब्लॉक के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में मिस्दा में ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निजी विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच क्रीड़ा प्रतियोगिता होगी।

आयोजन में निजी स्कूलों के 1565 प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस कीड़ा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के लिए दिन में भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी रखी गई है। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम दिवस कबड्डी एवं खो खो तथा दूसरे दिन दौड़ एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

निजी विद्यालय नवागढ़ के ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री भारती वर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जांजगीर चांपा के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने की। कार्यक्रम मे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जांजगीर चांपा के सचिव आलोक शुक्ला,रोशन केशरवानी,भुनेश्वर चौबे,घनश्याम कहरा,रामकुमार पटेल, नवागढ़ ब्लाक के अध्यक्ष धनेश मिश्रा, सचिव जगदीश बंजारे,अजय आदित्य, सुभाषचंद्र शाह ,उपाध्यक्ष देवराज कश्यप,कोषाध्यक्ष जितेंद्र कश्यप जिला शिक्षा ऑफिस से श्रवण वैष्णव,नवागढ़ ब्लॉक के सदस्य अनिल टंडन,मनोज दिवाकर,छबीलाल कश्यप,पदुमनाथ कश्यप,सुरेश कुमार कश्यप उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन हितेश साहू ने किया।

सुश्री भारती वर्मा ने विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होने के लिए प्रेरित किया और उन्हें लगातार खेल और पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के वेशभूषा व सुंदर प्रस्तुति के लिए धन्यवाद दिया।

# शरद पूर्णिमा समारोह का कार्यक्रम 28 को

**डभरा,,** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम साल्हे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 28 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस समारोह में शरद पूर्णिमा के दिन प्रसाद ग्रहण करने के लिए हजारों की संख्या में आसपास के ग्रामीण एवं दूसरे जिलों से भक्त पहुंचते हैं शरद पूर्णिमा समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से होटल सिनेमा दुकान मीना बाजार एवं अन्य दुकाने आकर्षण के केंद्र रहेंगे ।

# देश विदेश

## ईयू ने इजराइल-हमास युद्ध से संबंधित सामग्री को लेकर एक्स की जांच शुरू की

**लंदन,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूरोपीय आयोग ने इजराइल-हमास युद्ध पर अवैध सामग्री और दुष्प्रचार के कथित प्रसार, विशेष रूप से आतंकवादी और हिंसक सामग्री और घृणास्पद भाषण को लेकर एलन मस्क के स्वामित्व वाले एक्स की जांच शुरू कर दी है। आयोग ने गुरुवार देर रात कहा कि उसने डिजिटल सेवा अधिनियम (डीएसए) के तहत एक्स को जानकारी के लिए औपचारिक अनुरोध भेजा है। एक्स को अगस्त के अंत से डीएसए द्वारा शुरू किए गए प्रावधानों के पूर्ण सेट का अनुपालन करना आवश्यक है, जिसमें अवैध सामग्री, दुष्प्रचार, लिंग-आधारित के प्रसार से संबंधित जोखिमों का मूल्यांकन और शमन, हिंसा, और मौलिक अधिकारों, बच्चों के अधिकारों, सार्वजनिक सुरक्षा और मानसिक कल्याण के प्रयोग पर नकारात्मक प्रभाव शामिल है।

# इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को गाजा शहर खाली करने की दी चेतावनी



**यरूशलम,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को संभावित जमीनी हमले से पहले गाजा पट्टी शहर के निवासियों को तटीय परिक्षेत्र को खाली कर दक्षिणी क्षेत्र जाने का आदेश दिया। आईडीएफ की ओर से शुक्रवार सुबह जारी एक बयान में कहा गया, 'सुरक्षा और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी नागरिकों को दक्षिण क्षेत्र जाने का आह्वान किया है।' आईडीएफ ने गाजा के आम लोगों से कहा है कि वो अपनी सुरक्षा के लिए गाजा के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं। इजरायल ने उत्तरी गाजा के 11 लाख लोगों को इलाका खाली करने का निर्देश दिया है जिसे लेकर वहां अफरा-तफरी का माहौल है। इसके बाद आईडीएफ ने गाजा के लोगों के नाम एक बयान जारी कर कहा, 'आप शहर में दोबारा तभी वापस आएंगे जब अगला बयान जारी कर आपको शहर में आने की अनुमति दी जाएगी। हमास के आतंकवादी गाजा शहर के घरों में बनी सुरंगों और गाजा के निर्दोष लोगों के घरों के अंदर छिपे हुए हैं। लोग अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए गाजा शहर के दक्षिणी हिस्से में चले जाएं और अपने परिवार को हमास के उन आतंकियों से दूर रखें जो आपको ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं।' हमास की ओर से हमलों के बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई में गाजा पट्टी के ठिकानों पर सैकड़ों हवाई हमले किए हैं। इस दौरान दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए है। अभी तक 1,500 से ज्यादा फिलिस्तीनी और 1,300 से ज्यादा इजरायली मारे जा चुके हैं।

### इजरायल ने दक्षिणी लेबनान के गांवों की ओर मिसाइलें दागीं

इजरायली सेना ने शुक्रवार सुबह लेबनान के दक्षिणी गांव नकौरा और आसपास के इलाकों पर दो मिसाइलें दागीं। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी एनएनए ने यह जानकारी दी। एनएनए ने यह भी बताया कि इज़राइल ने ब्लू लाइन से सटे लेबनान के गांवों पर रात भर बम दागे। इजरायली सेना के टोही विमानों ने ब्लू लाइन से सटे गांवों के ऊपर से उड़ान भरी। एजेंसी ने कहा कि ब्लू लाइन के पास के अधिकांश निवासी सुरक्षित क्षेत्रों में विस्थापित हो गए हैं। शिक्षा मंत्री ने सारे सरकारी और निजी स्कूल बंद करने के आदेश दिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 2000 में स्थापित ब्लू लाइन 120 किलोमीटर तक फैली हुई है और दक्षिणी लेबनान से इजरायली सेना की वापसी को सत्यापित करने के लिए कार्य करती है।

## इजरायली हवाई हमलों में 13 बंधकों की मौत: अल-कसम ब्रिगेड

गाजा। हमास की सैन्य शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 24 घंटों में गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में हमास द्वारा पकड़े गए कम से कम 13 बंधक मारे गए। एक प्रेस बयान में कहा गया, 'पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरी गाजा और गाजा शहर के अंदर हुए गहन इजरायली हमलों के दौरान विदेशी और इजरायली बंधक मारे गए।' बयान के अनुसार, उत्तरी गाजा पट्टी में छह लोग मारे गए, जबकि गाजा शहर में अलग-अलग स्थानों पर सात लोग मारे गए। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कल कहा था कि जबतक बंधकों को रिहा नहीं किया जाएगा तबतक गाजा पट्टी में पानी,बिजली आदि की आपूर्ति बहाल नहीं की जायेगी। इजरायली सेना ने घोषणा की कि उसने गुरुवार रात गाजा पट्टी में लगभग 750 ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कार्यकर्ताओं को खत्म करने के अलावा भूमिगत सुरंगें, सैन्य परिसर और स्थल तथा अधिकारियों के घर, हथियार डिपो एवं संचार कक्ष शामिल थे।

### बीजिंग में इजरायली दूतावास के सदस्य पर हमला, घटना के कारणों का पता नहीं चला

बीजिंग में इजरायली दूतावास के एक कर्मचारी पर शुक्रवार को हमला किया गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजिंग दूतावास के एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने बिना विवरण दिए आईएएनएस को बताया कि दूतावास के कर्मचारी पर बीजिंग में दोपहर (चीन समयानुसार) हमला किया गया, जो इजरायली दूतावास परिसर से 'ज्यादा दूर नहीं' है और वह अस्पताल में है। बीजिंग में इजरायली दूतावास राजनयिक मिशनों की उपस्थिति के बीच शहर के उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में भारतीय दूतावास के करीब स्थित है।

## उत्तर कोरिया ने हमास को हथियार सप्लाई करने की खबरों का किया खंडन

सोल। प्योंगयांग ने शुक्रवार को उन अटकलों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया कि हमास आतंकवादी समूह ने इजरायल पर हमले के लिए उत्तर कोरियाई हथियारों का इस्तेमाल किया था। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर उत्तर कोरियाई कॉमेंटेटर री क्वांग-सॉन्ग ने कहा कि अमेरिका हाल के मध्य पूर्व संकट को जानबूझकर प्योंगयांग से जोड़ने के लिए अपने घिसे-पिटे अभियान का सहारा ले रहा है। उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी द्वारा लिखे गए एक लेख में री ने कहा, 'अमेरिकी प्रशासन की प्रेस संस्थाएं और अर्ध-विशेषज्ञ एक आधारहीन और झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि 'उत्तर कोरिया के हथियारों' का इस्तेमाल इजराइल पर हमले के लिए किया गया। यह खंडन वाशिंगटन स्थित मीडिया आउटलेट रेडियो फ्री एशिया के इस दावे के बाद किया गया।

## सुडोकू 6346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 6 | | 4 | | | 5 |
| 8 | | | | 5 | | | 6 | 3 |
| | | 5 | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | |
| | 9 | | | | | | 4 | |
| | | | | | | | | 2 |
| 1 | | | | | 8 | 2 | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | | 1 |
| 7 | | | 9 | | 6 | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 14 अक्टूबर , 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष -आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन बहुत अच्छा है। आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। बहुत लंबे समय के लिए निवेश की योजना बनाएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृषभ -वैचारिक स्तर पर विशालता और वाणी की मधुरता बनी रहेगी। आप दूसरे लोगों को प्रभावित करने के साथ ही उनके साथ संबंध भी बेहतर रख सकेंगे। बैठक या विचार-विमर्श में भी आपको सफलता मिलेगी।

मिथुन -आपका मन अनिर्णायक स्थिति में रहेगा। मन दुविधा में रहेगा। अधिक भावुकता भी मन को अस्वस्थ बनाएगी। माता के प्रति अधिक भावनात्मक रहेंगे। बौद्धिक चर्चा का प्रसंग उपस्थित होगा, लेकिन वाद-विवाद को टालें।

कर्क -आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह -आपके दूर रहने वाले मित्र और स्नेहियों के साथ की गई बातचीत लाभप्रद रहेगी। सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति प्राप्त कर सकेंगे। वाणी से किसी का मन जीत सकेंगे।

कन्या -अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

तुला -आज असंयमित और अविचारी व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकता है। दुर्घटना से बचे रहें। वाणी में उग्रता हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगी। मनोरंजन या घूमने के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृश्चिक -आज आपको बिजनेस में लाभ हो सकता हैं। समय आपके साथ है। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और बुजुर्गों से लाभ प्राप्त हो सकता है। लोगों से मेल जोल बढ़ेगा। यात्रा का अवसर मिल सकता है।

धनु -आर्थिक योजना तथा व्यापार के लिए आज का दिन अच्छा है। आपका काम सरलतापूर्वक पूरा होगा और सफलता मिलेगी। आपके भीतर लोकहित की भावना होगी। आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

मकर -आपका आज का दिन मिश्रित फल देने वाला होगा। आप अपने व्यवसाय और काम में नए विचार अमल में लाएंगे। आज आप साहित्य में रुचि लेंगे। फिर भी आपको मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा।

कुंभ -आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है। स्वास्थ्य खराब रह सकता है। दुर्घटना न हो इसका ध्यान रखें।

मीन -आज का दिन व्यापारियों के लिए काफी अच्छा है। व्यवसाय में भागीदारी करने के लिए भी शुभ समय है। साहित्य सृजन, कलाकार और कारीगर अपनी सृजनात्मकता निखार सकेंगे। आदर पाएंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## धन शोधन मामले में परवेज , मूनिस को अदालत ने किया तलब

**लाहौर,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में लाहौर की विशेष अदालत ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष परवेज इलाही और उनके पुत्र एवं पूर्व संघीय मंत्री मूनिस इलाही को तलब किया है। न्यायाधीश अब्दुल सत्तार लंगाह ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) और अदियाला जेल, रावलपिंडी के अधीक्षक को श्री इलाही को 23 अक्टूबर को पेश करने के निर्देश दिये हैं। पीटीआई अध्यक्ष के पुत्र मूनिस इलाही की ओर से पावर ऑफ अटॉर्नी जमा करते समय उनके अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि उनका मुवक्किल देश से बाहर है। उन्होंने अदालत से पूर्व मंत्री को एक प्रतिनिधि के माध्यम से कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। न्यायाधीश ने हालाँकि पूर्व मंत्री के अधिवक्ता का अनुरोध अस्वीकार कर दिया और कहा कि एक आपराधिक मामले में एक संदिग्ध को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होना चाहिए था।

# नए पोल में भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली, बाइडेन से चार अंकों से आगे


सर्वेक्षण

**न्यूयॉर्क,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, यदि 2024 का चुनाव अभी होता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों निक्की हेली और रॉन डेसेंटिस से हार जाएंगे और अपने पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप से मामूली अंतर से आगे रहेंगे। सर्वे के मुताबिक इडेन ने ट्रम्प (49 प्रतिशत से 48 प्रतिशत) पर एक अंक की बढ़त ले ली, जबकि हेली से चार अंक (49 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) और डेसेंटिस से दो अंकों से पीछे रह गए। इस सप्ताह जारी, 6-9 अक्टूबर के बीच किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारतीय-अमेरिकी पूर्व दक्षिण कैरोलिना गवर्नर ने सितंबर के बाद से सबसे बड़ा लाभ हासिल किया। 10 प्रतिशत समर्थन के साथ उनकी संख्या दोगुनी हो गई है।

हेली ने डेमोक्रेट्स के बीच सबसे अधिक संख्या में दलबदल कराया (9 प्रतिशत ने उनका समर्थन किया), जबकि ट्रम्प को सबसे कम (5 प्रतिशत डेमोक्रेट्स ने उनका समर्थन किया)। 2024 के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर हो चुके पूर्व कांग्रेसी विल हर्ड ने फोर्ब्स को बताया, 'उनके पास गति है, उनके पास अनुभव है, और वह एकमात्र व्यक्ति हैं, जो सर्वे में बाइडेन को लगातार हरा रही हैं।' पिछले महीने सीएनएन पोल से पता चला था कि हेली एकमात्र रिपब्लिकन हैं, जो 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में बाइडेन को हरा सकती हैं। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है, 'दोनों के बीच एक काल्पनिक मैच में बाइडेन के 43 प्रतिशत के मुकाबले 49 प्रतिशत के साथ हेली बाइडेन पर बढ़त बनाने वाली एकमात्र रिपब्लिकन उम्मीदवार हैं।' फॉक्स न्यूज सर्वेक्षण से यह भी पता चला कि कई कानूनी चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की दौड़ में अपनी बढ़त बनाए रखी।

77 वर्षीय ट्रम्प को रिपब्लिकन प्राथमिक मतदाताओं के बीच 59 प्रतिशत समर्थन मिला, और मार्च के बाद से वह 50 प्रतिशत से ऊपर रहे हैं और सितंबर में रिकॉर्ड 60 प्रतिशत तक पहुंच गए।

# आधे से अधिक कनाडाई चाहते हैं कि ओटावा निज्जर की हत्या पर दिल्ली के साथ तनाव करे कम



**टोरंटो,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक सर्वेक्षण के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक कनाडाई चाहते हैं कि उनका देश खालिस्तानी कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर भारत के साथ तनाव कम करे और राजनयिक वार्ता में शामिल हो। सीटीवी न्यूज द्वारा कराए गए नैनो रिसर्च पोल से पता चला है कि 57 प्रतिशत कनाडाई लोग चाहते हैं कि देश में तनाव कम हो और हत्या के बारे में कूटनीतिक बातचीत हो, जो 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर हुई थी। कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा पिछले महीने निज्जर की हत्या में भूमिका निभाने का आरोप लगाने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गई, जिसके कारण राजनयिकों को निष्कासित कर दिया गया और नई दिल्ली ने आरोपों को 'बेतुका' बताया। लगभग चार में से एक उत्तरदाता ने कहा कि वे चाहते हैं कि कनाडा आरोपों की आगे जांच करे, और 10 में से एक (11 प्रतिशत) ने कहा कि वे चाहते हैं कि कनाडा 'धैर्य रखे' और अभी कुछ न करे। ब्रिटिश कोलंबिया की तुलना में क्यूबेक प्रांत के निवासियों के यह कहने की संभावना अधिक है कि वे चाहते हैं कि कनाडा तनाव कम करने वाले उपायों (65 प्रतिशत) में शामिल हो, जहां 50.3 प्रतिशत ने राजनयिक वार्ता को चुना।

तीन-चौथाई कनाडाई लोगों ने कहा कि वे (47 प्रतिशत) या कुछ हद तक (27 प्रतिशत) ट्रूडो के इस बयान पर विश्वास करते हैं कि उन्हें ऐसी खुफिया जानकारी मिली है जो निज्जर की हत्या में भारत को शामिल करती है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि लगभग पांच में से एक ने कहा कि वे (10 प्रतिशत) या कुछ हद तक (आठ प्रतिशत) प्रधान मंत्री ट्रूडो पर विश्वास नहीं करते हैं। इसमें 1,058 कनाडाई लोगों का नमूना लिया गया था। 18-34 वर्ष आयु वर्ग के बीच के युवा कनाडाई (69 प्रतिशत) की तुलना में 55 वर्ष से अधिक आयु के 79 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने प्रधान मंत्री ट्रूडो के बयान पर विश्वास करने या कुछ हद तक विश्वास करने की अधिक संभावना जताई। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडाई विदेश मंत्री मेलानी जोली ने राजनयिक विवाद को सुलझाने के लिए पिछले महीने वाशिंगटन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ एक गुप्त बैठक की थी।

## सऊदी अरब में अफगानी नागरिकों से 12 हजार पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद

इस्लामाबाद 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। सऊदी अरब में अधिकारियों ने अफगानिस्तान के नागरिकों से 12,000 पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद किये हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट की मुताबिक सऊदी अरब में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध प्रवासियों, विशेषकर अफगानों को फर्जी नागरिकता दस्तावेज जारी करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। इसी दौरान अधिकारियों ने रियाद में पाकिस्तानी दूतावास को अफगान नागरिकों से बड़ी संख्या में पाकिस्तानी पासपोर्ट बरामद होने की सूचना दी है। आव्रजन एवं पासपोर्ट निदेशालय के महानिदेशक मुस्तफा काजी और संघीय जांच एजेंसी ने इस संबंध में जांच शुरू की। फर्जी पासपोर्ट बनाने के मामले में मुख्य संदिग्ध उमर जावेद को आरोप में लाहौर में गिरफ्तार किया गया। जावेद की गिरफ्तारी पासपोर्ट निदेशालय के एक पूर्व अधिकारी और एक सेवारत ग्रेड-15 अधिकारी की गिरफ्तारी और जांच के बाद हुई। सऊदी अरब में पाकिस्तानी राजदूत से टिप्पणी के लिए संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर बोलने से इनकार कर दिया।

## वर्ग पहेली 6346

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. शोभा, सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाघा, विघ्न
५. सेहतरोज सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरजन
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्य की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. सवद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

**ऊपर से नीचे:-**

१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला (उर्दू)
३. अपफसन्न व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद या स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१७. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२२. ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6345

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | वि | २ रा | म | ■ | ■ | 3 मु | ख | ४ प | त्र |
| नु | ■ | मा | ■ | ५ आ | कं | ठ | ■ | रा | ■ |
| ६ चि | रा | यु | ■ | क्ष | ■ | ७ भे | द | भ | रा |
| त | ■ | ८ ध | ९ र | प | क | ड़ | ■ | व | ■ |
| ■ | १० म | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | ११ ठो | ■ | १२ वि |
| १३ प | रि | ण | य | ■ | १४ स्वा | ■ | १५ स | ध | वा |
| ■ | य | ■ | १६ त | रू | व | र | ■ | ■ | हि |
| १७ सु | ल | भ | ■ | ■ | लं | ■ | १८ की | १९ म | त |
| चा | ■ | ■ | २० खो | ज | बी | २१ न | ■ | द | ■ |
| २२ रू | का | व | ट | ■ | ■ | २३ म | नो | द | शा |

यूसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 6 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 2 | 7 | 4 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 |
| 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 |

## आज का इतिहास

1066- हेस्टिंग्स के निकट विलियम के नेतृत्व में नॉर्मन सेना ने इंग्लैंड को हराया और वहाँ के राजा हेरॉल्ड द्वितीय की हत्या कर दी।
1240- भारत की प्रथम महिला शासिका रजिया सुल्तान की मौत हुई।
1322- स्कॉटलैंड की सेना ने अंग्रेजी राजा एडवर्ड द्वितीय को हराया।
1643- मुग़ल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का जन्म।
1758- हचकिर्क की लड़ाई में ऑस्ट्रियाई सेना ने प्रशिया को हराया।
1882- शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
1884- प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
1933- जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
1943- जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
1946- हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1948- इजरायल और मिस्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
1953- भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभावी हुआ।
1956- डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
1964- डॉ. मार्टिन लूथर किंग जूनियर को 35 वर्ष की उम्र में अमेरिकी समाज में रंगभेद के विरुद्ध अहिंसात्मक आंदोलन के लिए नोबेल शांति पुरस्कृत किया गया।
1981- होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।
1979- जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ करीब एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।

**संकट** *पीड़ितों में बड़ी संख्या में बच्चे*

# गाजा में करीब 10 लाख लोगों के पास कोई सुरक्षित आश्रय नहीं

**यरूशलेम, 13 अक्टूबर (एजेंसियां) फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा शुरू किए गए हमले के जवाब में इज़रायल की ओर से की गई गोलाबारी में करीब 10 लाख पीड़ितों को गाजा पट्टी में सुरक्षित आश्रय नहीं मिल पा रहा है, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कोष के पश्चिम एशिया क्षेत्रीय कार्यालय ने एक्स पर लिखा, गाजा से आ रहे दृश्यों से हम भयभीत हैं। पीड़ितों में बड़ी संख्या में बच्चे हैं। करीब 10 लाख लोगों के पास जाने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है। यह अस्वीकार्य है और हिंसा तुरंत बंद होनी चाहिए।**

इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गाजा शहर के नागरिकों से 'अपनी सुरक्षा के लिए' दक्षिण की ओर खाली करने की चेतावनी जारी की थी।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इजरायली सेना ने संयुक्त राष्ट्र को यह भी सूचित किया था कि उत्तरी गाजा की आबादी और संयुक्त राष्ट्र के कर्मचारियों को 24 घंटे के भीतर दक्षिणी गाजा में स्थानांतरित हो जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र ने इज़राइल से आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए कहा कि 'विनाशकारी मानवीय परिणामों के बिना इस तरह के आंदोलन का होना असंभव है।'



गौरतलब है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जिससे इजरायल को अगले दिन युद्ध की स्थिति घोषित करने तथा जवाबी हमले शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

गौरतलब है कि गाजा पट्टी और वेस्ट बैंक पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या कुल 1,569 हो गई है जबकि 7,212 अन्य घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गाजा में मरने वालों में 500 बच्चे और 276 महिलाएं भी शामिल हैं। फिलिस्तीनी इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा शनिवार को बड़े पैमाने पर किए गए अचानक हमले के जवाब में इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले किये और गाजा के विभिन्न क्षेत्रों पर इजरायली हवाई हमले जारी हैं।

इजराइल के सार्वजनिक प्रसारक कान ने बताया कि हमास की ओर से इजरायल पर किए गए हमले में अब तक मरने वालों की संख्या 1,300 से अधिक हो गई है। उल्लेखनीय है कि हमास से युद्ध के बीच इज़रायल ने साफ कर दिया था कि जब तक उसके सभी बंधकों को नहीं छोड़ा जाता, तब तक गाजा पट्टी को कोई मानवीय राहत नहीं मुहैया कराई जाएगी। अंतरराष्ट्रीय एजेंसी रेड क्रॉस ने गाजा पट्टी में अस्पतालों के बुरे हाल को देखते हुए इज़रायल से नरम रुख की गुजारिश की थी। लेकिन इज़रायल ने किसी भी तरह की मदद से साफ इनकार कर दिया।

## दुनिया को जानें

### अफगानिस्तान में भूकंप से 17,000 लोग प्रभावित

**संरा,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि अफगानिस्तान के हेरात में भूकंप से 17,000 से अधिक लोग और 110 से अधिक गांव प्रभावित हुए हैं। श्री दुजारिक ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय स्टाफ अफगानिस्तान की जरूरतों का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में हैं। वह जल्द से जल्द नुकसान का आकलन करने का प्रयास कर रहे हैं। अफगानिस्तान के लिए हमारी मानवीय अपीलें - जैसे कि वहाँ अधिकांश स्थान अल्प वित्त पोषित हैं, लेकिन हम जितनी जल्दी हो सकेगा प्रभावित लोगों की मदद करने की कोशिश कर रहे हैं।' श्री दुजारिक के मुताबिक सप्ताह के शुरूआत में आए भूकंप में कम से कम 140 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान भूकंप प्रभावितों तक पहुंचने वाले मानवीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया है। इस बीच, काबुल में तुर्किए दूतावास ने एक बयान कहा कि उनके देश की वायुसेना का एक मालवाहक विमान खोज और बचाव दल, एक फील्ड अस्पताल, डॉक्टरों और अन्य चिकित्सा उपकरणों को लेकर नौ अक्टूबर को हेरात पहुंचा है।

# खेल जगत

## गिल बने सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को सितंबर महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के खिताब से नवाजा है। गिल को सितंबर महीने में एकदिवसीय मुकाबलों में 80 की औसत से 480 रन बनाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 में इंडिया बनाम पाकिस्तान मैच से एक दिन पहले शुभमन गिल को 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है। गिल को सितंबर में उनकी शानदार फॉर्म के लिए यह अवॉर्ड दिया गया है। उन्होंने एशिया कप में 75.5 की औसत से 302 रन बनाए थे इसमें फाइनल में बनाए गए नाबाद 27 रन भी शामिल है। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया था। गिल इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो पारियों में 178 रन बनाकर महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने के अपने दावे को और मजबूत किया।



# दुनिया की निगाहें, दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में, दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट मुकाबले पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत का मकसद वन डे विश्व कप में पाक पर लगातार आठवीं जीत
- रंग में भारत के हिटमैन रोहित और 'चेज मास्टर' विराट कोहली, शुभमन भी फिट
- भारत को बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाक से चौकस रहना होगा




नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुनिया भर की निगाहें दो चिर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 जैसे सबसे बड़े मंच पर सबसे बड़े मुकाबले पर लगी हैं। सवा लाख से भी ज्यादा दर्शक क्षमता वाला मोटेरा स्थित स्टेडियम बेशक दुनिया के सबसे क्रिकेट मुकाबले को देखने के लिए खचाखच भरा रहेगा। साथ ही दुनिया भर में लाखों क्रिकेट प्रेमी अपने-अपने टेलिविजन सेटों से चिपके अपनी सांसें थाम इसे टकटकी लगाए इसे देखने में मशगूल रहेंगे। भारत और पाकिस्तान टीम का हर क्रिकेटर यह जानता है कि शनिवार को इस मैच में उसका शानदार प्रदर्शन उसे हीरो बना सकता है और नाकामी जीरो। यह मुकाबला दोनों टीमों के क्रिकेटरों कौशल से कहीं ज्यादा उसके अपनी भावनाओं पर काबू रख कर उसकी जेहनी मजबूती की सबसे बड़ी कसौटी है।

वन डे क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अब तक अजेय भारत हिटमैन रोहित शर्मा की अगुआई में अब उसके खिलाफ अपने दबदबे को आगे बढ़ाते हुए लगातार आठवीं जीत के मकसद से शनिवार को खेलने उतरेगा। रोहित शर्मा के नाम अब वन डे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा सात शतक हैं ही विराट कोहली ने क्रिकेट के इस सबसे बड़े मंच पर अपने बल्ले से पाकिस्तान जैसे चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपने खेल का स्तर उंचा उठा भारत को बराबर जिताने में अहम भूमिका अदा की । पिछले दो विश्व कप की बाबत एक दिलचस्प बात यह है कि भारत की एडिलेड में 2015 में पाकिस्तान पर 76 रन से जीत में विराट ने शतक जड़ा और 2019 में मैनचेस्टर में रोहित के शतक और विराट के अर्द्धशतक से भारत डकवर्थ लुइस नियम के आधार पर 89 रन से हराया था। भारत को जीत के सिलसिले को इसी तरह आगे जारी रखने के लिए एक बार रोहित और विराट को अपने बल्ले से धमाल जारी रखना होगा। भारत का पलड़ा बेशक भारी है और वह जीत का प्रबल दावेदार भी है। रोहित, विराट के साथ अब अनुभवी केएल और श्रेयस अय्यर से भी बल्ले से धमाल कर पाकिस्तान के खिलाफ भारत की नैया किनारे लगाने की आस लगाए है। कप्तान बाबर और रिजवान की मौजूदगी में पाकिस्तान से भारत से चौकस रहना होगा क्योंकि वह उलटफेर करने का माद्दा रखती है। फिर भी लाख टके का सवाल यही कि क्या पाकिस्तान मेजबान भारत को इस बार रोक इतिहास बदल पाएगा? दोनों ही टीमों मौजूदा संस्करण में अपने शुरू के दो-दो मैच जीत चुकी हैं। भारत के लिए सबसे उत्साहवर्द्धक है कि उसके कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच की नाकामी को भुला इस विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में दूसरे मैच में विस्फोटक शतक जड़ रंग में आ चुके हैं और चेज मास्टर विराट कोहली के लगातार दूसरा अर्द्धशतक जडने् से केएल राहुल ,इशान किशन और श्रेयस अय्यर भी अपनी लय पा चुके हैं।

भारत की बड़ी ताकत उसकी बल्लेबाज रंग में है। भारत ने अपने पहले मैच में चेन्नै में पांच बार के चैंपियनऑस्ट्रेलिया को छह विकेट तथा दूसरे मैच में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया। वहीं पाकिस्तान ने हैदराबाद में अपने पहले मैच में नीदरलैंड को 81 रन से दूसरे में मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक के शतकों से चार विकेट पर 345 रन का बड़ा लक्ष्य हासिल छह विकेट से श्रीलंका को छह विकेट से शिकस्त दी। भारत को इसीलिए शुरू के दो मैचों में नाकाम रहने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और चौथे नंबर पर बड़े जिगरे वाले अपने बल्ले का जलवा दिखाने वाले पिछले मैच में शतक जडने् वाले मोहम्मद रिजवान और अब्दुल्ला शफीक से चौकस रहना होगा।

भारत के सदाबहार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह (छह विकेट) के साथ गेंद से कमाल तीन-तीन विकेट चटकाने वाले उपकप्तान हार्दिक पांडया के साथ लेफ्ट आर्म स्पिनर रवींद्र जडेजा और लेग स्पिनर कुलदीप यादव रफ्तार के साथ धार दिखा और स्पिन का जाल बुनकर विकेट चटका रहे हैं। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों से बाहर रहे इस साल धमाल कर पांच शतकों सहित अब तक सबसे ज्यादा 1230 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले फिट होना और अहमदाबाद पहुंच कर नेटस पर बल्लेबाजी करना भारत के लिए सबसे अच्छी खबर है। शुभमन फिलहाल 70 फीसदी फिट हैं भले ही भारतीय टीम प्रबंधन उन्हें अंतिम एकादश में शनिवार को पाकिस्तान के खिलाफ शामिल न करे लेकिन उनके खेलने की संभावना ही जरूर पाकिस्तान के गेंदबाजों के जेहन में दबाव बनाने उनकी नींद उड़ाने के लिए काफी है। पंजाब से खेलने वाले नौजवान सलामी बल्लेबाज शुभमन के लिए अहमदाबाद का यह मैदान उनका %दूसरा' घरेलू मैदान है कि क्योंकि वह आईपीएल में हार्दिक पांडया की अगुआई में उनके साथ गुजरात टाइटंस के लिए खूब खेलते हैं। पाकिस्तान रफ्तार के सौदागर नसीम शाह के चोट के चलते इस विश्व कप से बाहर होने और उनके जोड़ीदार शाहीन शाह अफरीदी(2 विकेट), हसन अली (छह विकेट), हैरिस रउफ(3 विकेट)तथा लेग स्पिनर शादाब खान (2 विकेट) के विकेट चटकाने के बावजूद हैदराबाद में पहले मैच में कमजोर नीदरलैंड और फिर और फिर श्रीलंका के खिलाफ महंगे साबित हुए। अहमदाबाद के पिच के मिजाज से भारत के रोहित , शुभमन ,इशान, शुभमन, विराट शीर्ष और केएल राहुल, श्रेयस मध्यक्रम के बल्लेबाजों के बेहतर वाकिफ होने से पाकिस्तान के गेंदबाजों के लिए उन्हें रोक पाना खासी मुश्किल चुनौती होगा।

सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक और कप्तान बाबर आजम के शुरू के दोनों मैचों में सस्ते में आउट होने और रनों के जूझने के कारण पाकिस्तान की बल्लेबाजा अपने मध्यक्रम के बल्लेबाज एक शतक सहित और एक अर्द्धशतक सहित विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान( कुल199 रन) रन बनाने में सबसे आगे तथा मात्र एक मैच खेलने वाले 23 बरस के अब्दुल्ला शफीक (कुल 131) दूसरे स्थान पर चल रहे हैं और एक अर्द्धशतक सहित समझबूझ से बल्लेबाजी करने वाले साद शकील (कुल 99 रन) पर ही जरूरत से ज्यादा निर्भर नजर आती है। भारत खासतौर पर अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और रवींद्र जडेजा के इस मैदान पर इसी मैदान पर अपनी बहुत क्रिकेट खेलने से इससे वाकिफ होने के कारण पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, इमाम उल हक सहित रिजवान, अब्दुल्ला शफीक और शकील को सस्ते में आउट करने की उम्मीद करेगा। चेन्नै में पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खेलने वाले सदाबहार ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन की जगह भारत ने दिल्ली में अपने दूसरे मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर को खिलाया था। दोनों ने शुरू के एक एक मैच में एक एक विकेट चटकाया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या कप्तान रोहित शर्मा अहमदाबाद में भी शार्दूल ठाकुर को एकादश में बरकरार रखते हैं।भारत के कप्तान रोहित शर्मा क्या शुरू के दोनों मैचों में अब तक खासे महंगे साबित हुए नवोदित तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जगह अनुभवी और अहमदाबाद की पिच से खासे वाकिफ मोहम्मद शमी को भारत की एकादश में शामिल करने का बड़ा दांव खेलते हैं। शमी अपने अनुभव के कारण निश्चित रूप से सिराज पिच के मिजाज के कारण सिराज से बेहतर विकल्प नजर आते हैं। चाहे शार्दूल खेले या अश्विन भारत के पास आठवें नंबर तक बल्लेबाजी है।

## भारत को हराकर फैंस के सामने हीरो बनने का सुनहरा मौका : बाबर आजम




अहमदाबाद, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई वोल्टेज मुकाबले को लेकर चल रहे प्रचार और दबाव के बीच, कप्तान बाबर आजम को लगता है कि यह मैच उनकी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करके हीरो बनने का सुनहरा मौका है। दुनिया के बेस्ट स्टेडियम में गिने जाने वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान मैच का लुत्फ उठाने करीब 1,32,000 की भारी संख्या में फैंस के आने की उम्मीद है।

इस मैच से पहले पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हां, भारत-पाकिस्तान मैच एक बड़ा मुकाबला है। मैंने टीम से बस यही कहा है कि वो अपना बेस्ट दें। एक खिलाड़ी के रूप में, एक टीम के रूप में यह हमारा विश्वास है और हम इस मैच में अपनी पूरी जान झोंक देंगे।

मुख्य बात हमारी योजनाओं को लागू और खुद पर विश्वास करना है। अहमदाबाद एक बड़ा स्टेडियम है और बहुत सारे प्रशंसक आ रहे हैं। इसलिए, यह हमारे लिए प्रशंसकों के सामने अच्छा प्रदर्शन करने और हीरो बनने का एक सुनहरा अवसर है। वनडे में आमने-सामने के रिकॉर्ड में पाकिस्तान भारत से 73-56 से आगे है। लेकिन जहां तक 50 ओवर के विश्व कप का सवाल है तो कहानी अलग है, क्योंकि भारत ने 1992 से लेकर अब तक अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सभी सात मुकाबलों में जीत हासिल की है।

बाबर आजम ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं अतीत पर ध्यान केंद्रित नहीं करता। मैं भविष्य पर फोकस करने की कोशिश करता हूं। ऐसे रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं और मैं उन्हें तोड़ने की कोशिश करता हूं। मेरा मानना है कि मेरी टीम ने पहले दो मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और अगले मैचों में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। हमें विश्वास है कि हम यह कर सकते हैं और हम पूरे आत्मविश्वास के साथ जायेंगे।

बाबर आजम को भी लगता है कि शनिवार के मुकाबले में टॉस और ओस महत्वपूर्ण कारक होंगे। उन्होंने कहा कि हमने जितने भी मैच देखे हैं, टॉस महत्वपूर्ण है क्योंकि रोशनी के तहत पिच अच्छा व्यवहार करती है।

## भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है : क्रिस वोक्स




**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर क्रिस वोक्स ने स्वीकार किया कि 2023 पुरुष वनडे विश्व कप के दौरान भारत में मैच जीतना एक अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती रही है। साथ ही, उन्होंने 2019 में जीते गए खिताब को बरकरार रखने की अपनी खोज में लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए अपनी टीम का समर्थन किया। अब तक, भारत और पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में अपने दोनों मैच जीते हैं, साथ ही न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने भी। इंग्लैंड ने धर्मशाला में बांग्लादेश को 137 रन से हराकर न्यूजीलैंड से मिली शुरुआती हार पर काबू पा लिया।

स्काई स्पोर्ट्स ने वोक्स के हवाले से कहा, भारत में जीतना अविश्वसनीय रूप से कठिन चुनौती है। स्वाभाविक रूप से, मुझे लगता है कि उपमहाद्वीप की टीमें घरेलू परिस्थितियों में अधिक सहज महसूस करेंगी। इससे हमारे लिए उन्हें उनकी स्थिति से बाहर करना बेहद कठिन हो जाता है। लेकिन हमें प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम टीम और खिलाड़ी मिल गए हैं। लोगों ने कुछ समय से हमें देखा है और दुनिया भर में एक सफेद गेंद वाली टीम के रूप में हमारी पीठ पर थोड़ा सा लक्ष्य है। यह जीतना एक कठिन प्रतियोगिता है, है ना? विशेष रूप से यहां। लेकिन हम, हम इसे अच्छी सफलता देंगे। हम प्रत्येक मैच को उसी रूप में ले रहे हैं, जिस तरह से यह आता है। स्वाभाविक रूप से, लोगों को हमसे उम्मीदें हैं और हमें निश्चित रूप से खुद से अपनी उम्मीदें हैं।

न्यूजीलैंड के खिलाफ कोई विकेट नहीं लेने के बाद वोक्स बांग्लादेश के खिलाफ दो विकेट लेकर लय में लौटे। इंग्लैंड का अगला मुकाबला 15 अक्टूबर को नई दिल्ली में अफगानिस्तान से होना है, ऐसे में वोक्स प्रतियोगिता में अपने प्रदर्शन के मामले में आगे बढ़ने के इच्छुक हैं।

## भारत मिस्त्र में विश्व कैडेट शतरंज चैम्पियनशिप से हटा

**चेन्नई,** 12 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजराइल-हमास के बीच चल रहे संघर्ष का असर भारतीय शतरंज पर पड़ा है और अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने 14 से 23 अक्टूबर तक मिस्त्र के शर्म अल शेख में होने वाली विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। एआईसीएफ ने घोषणा की, इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में चल रही स्थिति और प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए, उचित विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि हमारा प्रतिनिधिमंडल विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप-2023 में भाग नहीं लेगा।

भारतीय शतरंज निकाय ने कहा कि हमारे युवा खिलाड़ियों की सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया क्योंकि गाजा पट्टी शर्म अल शेख से केवल 397 किलोमीटर दूर है और संघर्ष अल्प सूचना पर मध्य पूर्व में वाणिज्यिक एयरलाइनों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। एआईसीएफ ने कहा, हमने अप्रत्याशित घटना और अप्रत्याशित परिदृश्य के आधार पर यह निर्णय लिया है और सभी हितधारकों से इस पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया है। इस बीच, मिस्त्र शतरंज महासंघ (ईसीएफ) के अध्यक्ष डॉ. हेशम एलगेंडी ने सभी प्रतिभागियों को एक आश्वासन में कहा- मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि मिस्त्र सरकार शर्म अल शेख मिस्त्र में डब्ल्यूसीसीसी 2023 के सभी खिलाड़ियों और प्रतिभागियों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। । एल्गेंडी ने कहा, विश्व कैडेट शतरंज चैंपियनशिप 2023 का आयोजन मिस्त्र के युवा और खेल मंत्री के संरक्षण में शर्म अल शेख मिस्त्र में 14 - 27 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा।

## मैं यहां बैठकर बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं : लाबुशेन



**लखनऊ,** 13 अक्टूबर (आईएएनएस) मार्नस लाबुशेन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया 2023 विश्व कप के अपने शेष सात मैचों में से सभी नहीं तो छह में जीत हासिल करने की चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार है और उनका मानना है कि पांच बार के चैंपियन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ फॉर्म पुन: प्राप्त करने और नॉकआउट चरण के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए अभी भी समय है। मैदान में ऑस्ट्रेलिया की परेशानियां जारी रहीं क्योंकि उन्होंने पांच कैच छोड़े, जो घटिया क्षेत्ररक्षण प्रदर्शन के चिंताजनक पैटर्न को उजागर करता है।

दक्षिण अफ्रीका की पारी के दौरान ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस का आसान कैच छूट गया। कप्तान पैट कमिंस ने भी अपनी ही गेंद पर सीधा रिटर्न कैच छोड़ा। मिचेल स्टार्क, जोश इंग्लिस और स्थानापन्न-क्षेत्ररक्षक सीन एबॉट अन्य लोगों में शामिल थे, जिन्होंने मैदान में मौके गंवाए। इसके अतिरिक्त, ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी में गति की कमी थी क्योंकि उनके बल्लेबाज संघर्ष करते रहे और अंतत: दक्षिण अफ्रीका के 311/7 के जवाब में केवल 177 रन ही बना सके, जिसके परिणामस्वरूप उनकी लगातार दूसरी हार हुई जब उन्हें गुरुवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में 134 रन से हार का सामना करना पड़ा। . एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, लाबुशेन ने मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खराब प्रदर्शन के लिए कोई बहाना नहीं बनाया और उम्मीद की कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, उनकी टीम इस अनुशासन में बेहतर प्रदर्शन करेगी।

क्रिकेट.कॉम.एयू वेबसाइट ने लाबुशेन के हवाले से कहा, मैं यहां बैठने और बहाने बनाने के लिए नहीं आया हूं। हम ऑस्ट्रेलिया के लिए विश्व कप खेल रहे हैं, हमें तैयार रहना होगा और हमें उससे बेहतर होना होगा। इस पर उंगली उठाना मुश्किल है, हम उनमें से एक हैं दुनिया में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण पक्ष। हमें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा, आज हम ठीक से काम नहीं कर पाए। हमने मौके बनाए लेकिन उनका फायदा नहीं उठाया और यह हमारा अच्छा प्रदर्शन नहीं था, लेकिन हमें वापसी करनी होगी और इस लय को आगे बढ़ाना होगा। .

गुरुवार की हार के बारे में बात करते हुए, लाबुशेन ने कहा कि यह एक कठिन नुकसान था जिसे पचाना मुश्किल था लेकिन चेंजिंग रूम में बैठने और नाराज़ होने का समय नहीं था। हम इस प्रदर्शन को लेकर निराश हो सकते हैं, हम कई चीजों को लेकर निराश हो सकते हैं... लेकिन वास्तविकता यह है कि आप चेंजिंग रूम में बैठकर नाराज नहीं हो सकते। लेकिन हमें कार्रवाई करनी होगी और हमें हमारा टूर्नामेंट शुरू करना होगा।

## जब आप मैदान पर उतरेंगे तो आपके मन में निश्चित रूप से यह भावना आएगी कि हां, हमें इसे जीतना है: कुंबले



विश्व कप मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है : अनिल कुंबले

**अहमदाबाद,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान के हाई-ऑक्टेन मैच से पहले, महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि जब कोई खिलाड़ी इस मुकाबले से पहले मैदान पर उतरता है, तो उन्हें एक एहसास होता है कि ये मैच तो उन्हें जीतना ही है। दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों में उत्साह चरम पर है क्योंकि भारत और पाकिस्तान शनिवार को आमने-सामने होंगे, जिसमें रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम पुरुषों के एकदिवसीय विश्व कप में 7-0 से आगे चल रही है।

कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वास्तव में नहीं, मुझे लगता है कि तैयारी वैसी ही होगी, बात सिर्फ इतनी है कि उस विशेष दिन जब आप मैदान पर उतरेंगे तो निश्चित रूप से आपके मन में यह भावना होगी कि हां, हमें इसे जीतना है। परिणाम मायने रखता है और यह भारत बनाम पाकिस्तान है , और विश्व कप मैच में भारत ने हमेशा पाकिस्तान को हराया है। तो यह भावना वहां है, घबराहट किसी भी खेल के लिए होती है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के लिए और भी अधिक, और पहली गेंद फेंके जाने के बाद सब कुछ सामान्य हो जाता है। भारत के पूर्व मुख्य कोच कुंबले ने भी अपने विचार साझा किए कि भारतीय खिलाड़ियों को भावनाओं से कैसे निपटना चाहिए और बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले तैयारी करनी चाहिए। यह सिर्फ नियमित चीजें करना है जो आप किसी अन्य मैच की तैयारी के लिए करते हैं। आप सिर्फ इसलिए चीजों को अलग तरह से नहीं करना चाहते क्योंकि यह भारत-पाकिस्तान मुकाबला है।

और बदलाव केवल दो दिन का हुआ है, इसलिए यात्रा का एक दिन, वह भी निश्चित रूप से मैच से एक दिन पहले। चाहे आप चाहते हों कि पूरी टीम अभ्यास में एक साथ हो, भले ही वह सिर्फ नेट न हो, लेकिन शायद सिर्फ मैदान का अनुभव लेने के लिए और शायद साथ में एक मजेदार मैच खेलने के लिए।

शायद यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में आप शायद सोचेंगे और कुछ नहीं, और इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें कि ठीक है, क्या आप हिट करना चाहते हैं या आप आकर थोड़ी गेंदबाजी करना चाहते हैं, आप इसे खिलाड़ियों पर छोड़ दें क्योंकि दो दिन हो गए हैं और कल ही उन्होंने एक शानदार मैच खेला था, इसलिए यह सब उसे प्रबंधित करने के बारे में है और कुछ खिलाड़ियों के लिए यह एक घरेलू खेल है। उन्होंने विस्तार से बताया, जसप्रीत बुमराह उस राज्य से आते हैं और हां, हालांकि वे गुजरात के लिए नहीं खेलते हैं, वहां जडेजा, हार्दिक हैं। इसलिए इन सभी लोगों को लगेगा कि यह हमारे लिए एक घरेलू मैच है और, उस 130 हजार में आपके आसपास बहुत सारे परिवार के लोग होंगे। वहां घूमना और फिर देश और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना विशेष अहसास है। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने टिप्पणी की कि कैसे दबाव वाले खेल में भावनाएं प्रदर्शन पर भारी पड़ती हैं। हां, मेरा मतलब है कि यह आपके सामान्य रूप से खेलने के तरीके को खराब कर सकता है। आप ऐसा सोचते हैं कि मैं इस टीम के खिलाफ खेल रहा हूं, और मैं मैन ऑफ द मैच बनना चाहता हूं, और अंत में आपकी जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन करना चाहता हूं। तभी आप पाते हैं कि लोग बहुत अधिक प्रयास कर रहे हैं और आप इसे खो देते हैं। जबकि अगर मैं अंदर आता हूं, मुझे जो करना है वह करता हूं, बस अपनी भूमिका निभाता हूं, तो सब कुछ सामने आ जाएगा।

## सार संक्षेप

### मेसी ने फार्म में आकर फिटनेस चिंताओं को किया दूर

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में अर्जेंटीना की पराग्वे पर 1-0 की घरेलू जीत में दूसरे हाफ में प्रभावशाली प्रदर्शन कर अपनी फिटनेस को लेकर चिंताओं को दूर किया। मेसी, जो हाल के सप्ताहों में मांसपेशियों की समस्या से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह एस्टाडियो मोनुमेंटल में 53वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ की जगह मैदान पर आये। 36 वर्षीय इंटर मियामी फॉरवर्ड ने तुरंत एल्बीसेलेस्टे को आक्रमण में अधिक प्रवाह प्रदान किया और टीम ने परग्वे को 1-0 से हरा दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अच्छा लग रहा है। मैं इतनी देर खेलने में सक्षम था, ये मौका मुझे लंबे समय के बाद मिला। मैं इस तरह महसूस करना जारी रखने के लिए जितना संभव हो सके प्रशिक्षण लेना चाहता हूं। मौजूदा विश्व चैंपियन अब अपना ध्यान मंगलवार को लीमा में पेरू के खिलाफ अपने अगले क्वालीफायर पर लगाएंगे। उन्होंने कहा, यह बहुत कठिन क्वालीफायर था। पराग्वे हमेशा कठिन होता है क्योंकि वे जगह ढूंढते हैं और गेंद को तेजी से मूव करते हैं। उन्होंने कहा, फिर भी, हमारे पास बहुत सारे मौके थे और सौभाग्य से, अंत में लक्ष्य आ गया। हम यहां तीन अंकों के साथ जाएंगे और यह सबसे महत्वपूर्ण बात है।

### झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मैस्कॉट का अनावरण

**रांची।** आगामी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के मैस्कॉट 'जूही' का अनावरण शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया। इस अवसर पर एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री दिलीप टिर्की, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में टूर्नामेंट के लिए ट्रॉफी टूर का भी शुभारंभ हुआ जो रांची से शुरू होकर राज्य के सभी जिलों में यात्रा करेगी।

### अटापट्टू सितंबर माह की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अटापट्टा को सितंबर महीने के 'खिलाड़ी ऑफ द मंथ' के खिताब से नवाजा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को यहां क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंका महिला टीम की कप्तान चमारी अटापट्टू को सितंबर माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा है। श्रीलंका की महिला कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी पहली सीरीज जीती थी। वह तीन महिला टी-2 मुकाबलों में दो में शीर्ष पर रहीं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अटापट्टू ने सीरीज में 114 रन बनाने और पांच विकेट कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। इजरायल और फलिस्तीन के बीच जारी संघर्ष के कारण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उबाल के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 4.76 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.55 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.00 प्रतिशत |
| मारुति | 1.62 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.33 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 2.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 2.24 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.71 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.43 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.85 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

# वाणिज्य निर्यात में गिरावट सितंबर, 2023 में 2.6 प्रतिशत तक सीमित रही

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। विकसित बाजारों में नरमी के बीच, भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात इस वर्ष सितंबर में सालाना आधार पर 2.6 प्रतिशत घट कर 34.47 अरब डॉलर के बराबर रहा। पिछले वर्ष सितंबर में वाणिज्यिक निर्यात 35.39 अरब डॉलर था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार आलोच्य माह में वाणिज्यिक वस्तुओं का आयात एक साल पहले की तुलना में 15 प्रतिशत गिरकर 53.84 अरब डॉलर रहा।

सितंबर, 2023 में व्यापार घाटा (आयात की तुलना में निर्यात की कमी) 19.37 अरब डालर था। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष डॉ ए शक्तिवेल ने कहा कि भारत के निर्यात में गिरावट का सिलसिला थाम लिया गया है और आने वाले समय में इसमें वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि हाल के समय में निर्यात में गिरावट वैश्विक आर्थिक वृद्धि में नरमी है। इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के चेयरमैन अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग सामानों का निर्यात कई महीनों तक गिरने के बाद इस बार सितंबर में सुधरा है। सितंबर में इंजीनियरिंग निर्यात कुल 8.91 अरब डालर का रहा जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



सरकारी आंकड़ों के अनुसार सितंबर में गैर-पेट्रोलियम और गैर-रत्न और आभूषण निर्यात 24.78 अरब डॉलर था, जबकि सितंबर 2022 में यह 24.33 अरब डॉलर था। सितंबर 2023 में गैर-पेट्रोलियम, गैर-रत्न और आभूषण (सोना, चांदी और कीमती धातुओं का आयात 33.58 अरब डॉलर था जबकि एक साल पहले इसी माह इनका आयात 38.25 अरब डालर था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक निर्यात 211.40 अरब डॉलर था जो पिछले साल की इसी अवधि के दौरान इनके 231.73 अरब डॉलर के निर्यात से 8.77 प्रतिशत कम है।

इसी तरह अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि में वाणिज्यिक आयात 326.98 अरब डॉलर था, जबकि अप्रैल-सितंबर 2022 के दौरान 372.56 अरब डालर का आयात हुआ था।

आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात के अंतर्गत 30 प्रमुख वर्गों में से 12 में निर्यात सालाना आधार पर बढ़ा है। अच्छा निर्यात प्रदर्शन करने वाले इन क्षेत्रों में लौह अयस्क (8054.78 प्रतिशत ), तेल भोजन (72.66 प्रतिशत), सिरेमिक उत्पाद और कांच के बर्तन (50.49 प्रतिशत), सूती धागे/फैब्स/मेड-अप, हथकरघा उत्पाद आदि (27.39 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पोल्ट्री शामिल हैं। उत्पाद (19.4 प्रतिशत), अनाज की तैयारी और विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (17.65 प्रतिशत), तंबाकू (9.18 प्रतिशत), दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स (9.01 प्रतिशत), तिलहन (8.77 प्रतिशत), कालीन (7.51 प्रतिशत), इंजीनियरिंग सामान (6.79 प्रतिशत) और समुद्री उत्पाद (4.66 प्रतिशत) शामिल हैं।

सितंबर 2023 में भारत का कुल निर्यात (माल और सेवाओं के निर्यात को मिला कर) 63.84 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले साल इस माह के मुकाबले 1.20 प्रतिशत की हल्की गिरावट दर्शाता है। सितंबर 2023 में कुल आयात 68.75 अरब पर सितंबर 2022 की तुलना में 13.67 प्रतिशत कम रहा।

# जी 2 एफएमसीबीजी की चौथी और अंतिम बैठक संपन्न

**माराकेच (मोरक्को)** 13 अक्टूबर (वार्ता) भारत की अध्यक्षता में जी 20 के तहत जी 20 वित्त मंत्री एवं केन्द्रीय बैंक गवर्नरों ( जी 20 एफएमसीबीजी) की चौथी और अंतिम बैठक आज यहां संपन्न हो गयी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक के दौरान ही यहां इसका आयोजन किया गया था। इस बैठक में जी 20 एफएमसीबीजी ने बहुस्तरीय विकास बैंक (एमडीबी) को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया। इस बैठक में क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर जी20 रोडमैप भी अपनाने की घोषणा की गयी। इस बैठक में जी20 एफएमसीबीजी ने सर्वसम्मति से जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर्स कम्युनिके को अपनाया। एफएमसीबीजी द्वारा जारी कम्युनिके में कहा गया है कि जी20 नई दिल्ली नेताओं की घोषणा (एनडीएलडी) से मार्गदर्शन लेती है और नेताओं के शिखर सम्मेलन में बनी आम सहमति से काफी लाभान्वित हुई है।

कम्युनिके ने एमडीबी को मजबूत करने पर जी20 स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह की रिपोर्ट का स्वागत किया है। एफएमसीबीजी ने




एमडीबी के दृष्टिकोण, परिचालन मॉडल और वित्तपोषण क्षमताओं में आवश्यक परिवर्तनकारी परिवर्तनों की आवश्यकता पर ध्यान दिया है। एफएमसीबीजी ने जिन तीन बिल्डिंग ब्लॉक्स पर विचार करने का आग्रह किया है, वे हैं निजी पूंजी जुटाना, पूंजी पर्याप्तता ढांचे की सिफारिशों के कार्यान्वयन और पूंजी वृद्धि सहित उनकी वित्तीय क्षमता को मजबूत करना और एमडीबी से एक प्रणाली के रूप में मिलकर काम करने का आग्रह करना। इसके साथ ही बेहतर, बड़े और अधिक प्रभावी एमडीबी के निर्माण के लिए रिपोर्ट की सिफारिशों पर निरंतर काम करने का आह्वान किया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 13 अक्टूबर (वार्ता) विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 06 अक्टूबर को को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह गिरता हुआ 2.2 अरब डॉलर घटकर 584.7 अरब डॉलर रहा गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 70.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 519.5 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.4 अरब डॉलर की कमी के साथ 42.3 अरब डॉलर पर आ गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.9 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 4.9 अरब डॉलर रह गई।

# जल्द ही दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क होगा भारत : पुरी

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। आवास एवं शहरी मामलों तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत का मेट्रो रेल नेटवर्क जल्दी ही दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क हो जाएगा। श्री पुरी ने कहा कि सरकार देश भर में शहरी परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री पुरी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) से जुड़ी संसद की सलाहकार समिति के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। बैठक का एजेंडा शहरी परिवहन था। इसमें मंत्रालय के शहरी परिवहन विभाग में संयुक्त सचिव जयदीप ने देश भर में मेट्रो नेटवर्क के विकास पर विवरण भी प्रस्तुत किया।



सांसदों के सवालों के जवाब में श्री पुरी ने बताया कि फिलहाल देशभर के 20 शहरों में करीब 874 किलोमीटर मेट्रो रेल चालू है और विभिन्न शहरों में करीब 986 किलोमीटर मेट्रो रेल निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बनाने की राह पर है। इस मामले में चीन और अमेरिका अभी क्रमश- पहले तथा तीसरे स्थान पर हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार चीन में कुछ समय पूर्व तक रेल का कुल नेटवर्क 9800 किलोमीटर तथा अमेरिका में यह 1400 किलोमीटर के आस पास है। विज्ञप्ति के अनुसार श्री पुरी ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर 10,000 ई-बसों को तैनात करके सिटी बस संचालन को बढ़ाने के लिए हाल ही में कैबिनेट द्वारा अनुमोदित एक योजना 'पीएम-ईबस सेवा' के बारे में भी उल्लेख किया।

गुरुवार को आयोजित बैठक में आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री श्री कौशल किशोर सांसद सर्वश्री ए.के.पी. चिनराज, एम.वी.वी. सत्यनारायण, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे, रमेश बिधूड़ी, अबीर रंजन विश्वास, श्रीमती वंदना चव्हाण, श्री मनोज जोशी तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामल थे।

# शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

**मुंबई** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के नकारात्मक संकेत के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, बैंकिंग और टेक समेत ग्यारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 125.65 अंक की गिरावट लेकर 66282.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.95 अंक उतरकर 19751.05 अंक रह गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.05 प्रतिशत टूटकर 32,305.62 अंक और स्मॉलकैप 0.04 प्रतिशत फिसलकर 38,184.83 अंक पर आ गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3820 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1860 में बिकवाली जबकि 1804 में लिवली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कनपनियां गिरावट पर जबकि 23 तेजी पर रही।

बीएसई के 11 समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.46, वित्तीय सेवाएं 0.49, आईटी 0.66, यूटिलिटीज 0.20, बैंकिंग 0.75, कैपिटल गुड्स 0.02, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.12, धातु 0.33, तेल एवं गैस 0.09, पावर 0.21 और टेक समूह के शेयर 0.49 प्रतिशत गिर गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.47, जर्मनी का डैक्स 0.86, जापान का निक्केई 0.55, हांगकांग




का हैंगसेंग 2.33 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.64 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 374 अंक की भारी गिरावट के साथ 66,034.21 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,895.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवली होने से दोपहर बाद 66,478.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 66,408.39 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत गिरकर 66,282.74 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी 139 अंक टूटकर 19,654.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,635.30 अंक के निचले जबकि 19,805.40 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,794.00 अंक के मुकाबले 0.22 प्रतिशत उतरकर 19,751.05 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स कि नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में एक्सिस बैंक 2.33, इंफ़ोसिस 2.24, एसबीआई 1.71, विप्रो 1.43, एचडीएफसी बैंक 0.85, टाटा स्टील 0.68, आईटीसी 0.52, एशियन पेंट 0.34, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.34, टेक महिंद्रा 0.30, आईसीआईसीआई बैंक 0.27, टाइटन 0.10 और अल्ट्रा सिमको 0.10 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टाटा मोटर्स 4.76, एचसीएल टेक 2.55, नेस्ले इंडिया 2.00, मारुति 1.62, सन फार्मा 1.33, टीसीएस 0.79, बजाज फिनसर्व 0.73, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.46, बजाज फाइनेंस 0.41, पावरग्रिड 0.40, भारती एयरटेल 0.36, एलटी 0.25, एनटीपीसी 0.10 और रिलायंस 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

## क्वालकॉम अमेरिका में 1,2 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करेगा : रिपोर्ट

सैन फ्रांसिस्को, 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। चिप निर्माता क्वालकॉम ने अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में अपने दो ऑफिस में लगभग 1,258 कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, कैलिफोर्निया रोजगार विकास विभाग के साथ हालिया फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने बताया कि वह सैन डिएगो से लगभग 1,064 और सांता क्लारा से 194 कर्मचारियों की छंटनी करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दोनों कार्यालयों में नौकरी में कटौती 13 दिसंबर के आसपास प्रभावी होगी।

इस छंटनी से कार्यबल का लगभग 2.5 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित होने की संभावना है। कंपनी के हालिया वार्षिक वित्तीय विवरण के अनुसार, इसमें 51,000 से अधिक लोग (सितंबर 2022 तक) कार्यरत हैं। फाइलिंग में कहा गया है, हालांकि, किसी भी स्थान पर कोई फैसिलिटी बंद नहीं होगी। अगस्त में, स्मार्टफोन की बिक्री में जारी गिरावट और संभावित छंटनी की चेतावनी के बाद क्वालकॉम के शेयरों में वित्तीय वर्ष की चौथी तिमाही के लिए निराशाजनक




दृष्टिकोण प्रदान करने के बाद गिरावट आई।

25 जून को समाप्त अपनी वित्तीय तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करते हुए अमेरिकी सिक्योरिटीज फाइलिंग में कंपनी ने कहा, हम अपनी योजनाओं को विकसित करने की प्रक्रिया में हैं, वर्तमान में हम उम्मीद करते हैं कि इन कार्रवाइयों में बड़े पैमाने पर कार्यबल में कटौती शामिल होगी और ऐसी किसी भी कार्रवाई के संबंध में हम महत्वपूर्ण अतिरिक्त पुनर्गठन शुल्क लगने की उम्मीद करेंगे। क्वालकॉम ने इस बात से इनकार किया है कि वह शंघाई, चीन में अपने रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटी को बंद करने जा रहे है।

कंपनी ने कहा, अर्थव्यवस्था और मांग के बारे में अनिश्चितताओं को देखते हुए वह आकार में कटौती करने की योजना बना रही है।

## सार संक्षेप

### रुपया तीन पैसे फिसला

**मुंबई।** शेयर बाजार में जारी गिरावट के साथ ही आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.28 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.25 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया एक पैसे की बढ़त के साथ 83.24 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान बिकवाली की बदौलत 83.23 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, लिवाली होने से यह 83.29 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गिर गया। अंत में पिछले दिवस के 83.25 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले पैसे फिसलकर 83.28 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

### पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस ने मॉड्यूलर स्विचेस की नयी रेंज लॉंच की

**नई दिल्ली।** पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया (पीएलएसआईएनडी) ने आज अपने नए मॉड्यूलर स्विचेस- अकिना और रीजेंट को लॉन्च करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि यह बिजली के स्विचेस बनाने वाली सबसे बड़ी निर्माता तथा देश की सबसे बड़ी ईसीएम कंपनियों में से एक है। पैनासोनिक ऐसे समय में बहुपयोगी स्विच की यह रेंज लेकर आया है, स्विचेस की ये रेंज बेहतरीन कलाकारी और आधुनिक तकनीक का एक अनोखा मेल है। नई मॉड्यूलर स्विच रेंज स्टाइल तथा खूबसूरती का एक पूरा पैकेज है, जोकि घर तथा ऑफिस के इंटीरियर में चार-चांद लगाता है। अपने स्लिम तथा स्लीक फ्रन्ट प्लेट के साथ, अकिना का डिजाइन और उपयोगिता कमाल की है। यह बेहतरीन क्वॉलिटी के मैटेरियल से बना है और घर तथा ऑफिस दोनों के इंटीरियर को और भी खूबसूरत तथा बहुपयोगी बनाता है। अकिना रेंज मॉड्यूल रोटेशन फीचर के साथ आता है जोकि हॉरिजोंटल एवं वर्टिकल रोटेशन के साथ उन जगहों पर इंस्टॉल करने की सुविधा देता है जहां जगह सीमित है।

### लैपटॉप के आयात पर लगे प्रतिबंध के फैसले को सरकार ने लिया वापस

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने लैपटॉप आयात पर प्रतिबंध वापस ले लिया है। सरकार ने अगस्त महीने में अचानक से लैपटॉप आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार लैपटॉप आयात को प्रतिबंधित करने की अपनी योजना को वापस ले रही है, महीनों पहले अचानक लाइसेंस प्रणाली शुरू करने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना था, लेकिन मुक्त व्यापार में हस्तक्षेप के रूप में उद्योग जगत ने इसकी आलोचना की थी। . वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत लैपटॉप आयात पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार केवल यह चाहती है कि आयातकों पर कड़ी नजर रखी जाए। सरकार ने कहा कि 3 अगस्त को घोषित आयात लाइसेंसिंग व्यवस्था का उद्देश्य भारत में ही हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलप को बढ़ावा देना था। हालांकि, उद्योग की आपत्तियों और अमेरिका की आलोचना के बाद नई लाइसेंस प्रणाली की शुरूआत में तीन महीने की देरी हुई, जो भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

## चुनिंदा दालों में नरमी

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में चुनिंदा दालों में नरमी रही जबकि खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मिश्रित रूख देखा गया। इस दौरान चना और दाल चना 50-50 रुपये प्रति क्विंटल और उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। हालांकि मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9800-9900, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल** : 2900-3000 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# 'भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की योजना में उत्पादों की गुणवत्ता की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण '

**नई दिल्ली,** 13 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय गुणवत्ता परिषद के अध्यक्ष जक्षय शाह ने शुक्रवार को कहा कि परिषद देश में गुणवत्ता प्रमाणन और प्रमाणन संस्थाओं के प्रत्यान के बुनियादी ढ़ांचे को निरंतर मजबूत करके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अंतत- कार्य की गुणवत्ता ही वह चीज है जो भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने में मदद करेगी।

श्री शाह देश में गुणवत्ता के लिए अवसंरचनात्मक सुविधा (क्यूआई) पर यहां दूसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि गुणवत्ता मानकों को पूरा करने वाले उत्पाद से विश्व स्तर पर व्यापार करने में भारत को आसानी होगी। कार्यक्रम का आयोजन गुणवत्ता परिषद के निकाय गुणवत्ता प्रमाणन निकायों के राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीसीबी) ने किया था।

श्री शाह ने कहा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस ज़माने में गुणवत्ता यानी क्वालिटी ही वह चीज है, जो हमें सबसे अलग बनाती है। गुणवत्ता ही 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में



हमारी मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि देश में मजबूत नीति व्यवस्था, गतिशील साझेदारी और गुणवत्ता प्रमाणन निकायों की मान्यता के लिए कड़े कठोर कार्यक्रमों के साथ आज कई औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। परिषद देश में गुणवत्ता मानकों को बनाये रखते हुए इस औद्योगिक वृद्धि को और ज्यादा मज़बूत करने के लिए विभिन्न प्रत्यायन एवं प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से लगातार प्रयास कर रही है।

गुणवत्ता परिषद के प्रभारी महासचिव और प्रत्यायन के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) राजेश माहेश्वरी ने कहा कि (क्यूआई) गुणवत्ता के लिए बुनियादी ढांचा देश की आर्थिक प्रगति के लिए रीढ़ की हड्डी के रूप में काम करता है। भारत में उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में एक्रेडिटेशन (प्रत्यायन) की भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि इससे से यह सुनिश्चित होता है कि उपभोक्ता जो सामान खरीदते हैं और जो सेवाएं वे लेते हैं, वे अंतरराष्ट्रीय मानकों और पैमानों के अनुसार हैं या नहीं। यह उपभोक्ता संरक्षण और विश्वास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह वैश्विक व्यापार को भी सुविधाजनक बनाती है क्योंकि गुणवत्ता की दृष्टि से मान्यता प्राप्त वस्तु एवं सेवाओं में अंतरराष्ट्रीय बाजारों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को पूरा करने की ज्यादा संभावना होती हैं। उन्होंने कहा कि सरल शब्दों में कहा जाए तो उत्पादों तथा सेवाओं की गुणवत्ता को प्रत्यायन देने से वैश्विक बाजार में भारतीय व्यवसायों की उपस्थिति बढ़ती है , जिससे वैश्विक प्रतिस्पर्धा भी बढ़ती है।

# एक ही रात में गजराजों ने 7 मकानों को पहुंचाया नुकसान

## फसलों को भी रौंदा, 23 हाथियों का दल कर रहा विचरण



**रायगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सारंगढ वन मंडल के गोमर्डा अभ्यारण्य में इन दिनों 23 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इसी क्रम में बुधवार की रात जंगली हाथियों का झुंड गोमर्डा अभ्यारण्य के भीतर अचानक गांव में पहुंच गया और यहां लगभग सात किसानों के कच्चे मकान क्षतिग्रस्त करते हुए फसलों को भी चैपट कर दिया। जहां वन विभाग के द्वारा गुरुवार की सुबह नुकसान का आंकलन कर मुआवजा के लिए आगे की प्रक्रिया की जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात गोमर्डा अभ्यारण्य क्षेत्र के घने जंगलों से निकल कर करीब 23 हाथियों का दल अचानकपाली गांव तक पहुंच गया। यहां खेतों में चलकर काफी मात्रा में हाथियों ने फसल चैपट कर दिया। साथ ही साथ लगभग 7 किसानों के झोपड़ीनुमा मकानों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथियों की आमद की जानकारी लगते ही रात में विभागीय अमला मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों की मदद से हो हल्ला कर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। सुबह विभाग के कर्मचारी फसलों और क्षतिग्रस्त मकानों के आंकलन में जुट गए हैं। नुकसान के आंकलन के बाद ग्रामीणों को मुआवजा दिया जाएगा।

### हाथी प्रभावित गांव में दहशत

हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए विभाग लगातार अलर्ट मोड पर है। डीएफओ सहित विभाग के अन्य अधिकारी लगातार हाथियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं जिसका नतीजा कल देखने को मिला कि हाथियों की जानकारी होने पर शाम को ही अचानकपाली गांव में मुनादी करा कर सर्तक रहने कहा गया। साथ ही कई ग्रामीणों को यहां से हटा कर दूसरे जगह ठहरा दिया गया था। इससे कल कोई जनहानि नही हुई और विभाग की सतर्कता से बड़ी घटना होते होते भी टल गई।

### जंगली हाथियों पर लगातार की जा रही निगरानी

हाथियों की निगरानी की जा सके इसके लिए ट्रेकर नियमित रूप से ट्रेकिंग करते हुए विभागीय अधिकारियों को हाथियों की जानकारी दे रहे हैं। यही नहीं जिन क्षेत्रों में हाथियों की चहलकदमी देखी जा रही है। वहां के आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को भी सतर्क किया जा रहा है। ताकि क्षेत्र में कोई बड़ी घटना न हो सके।

### 23 हाथियों का क्षेत्र में कर रहा विचरण

इस संबंध में सारंगढ़ वन मंडल के डीएफओ गणेश यू आर ने बताया कि 23 हाथियों का दल अचानकपाली गांव तक पहुंचा था। कुछ कच्चे मकानों और फसल को नुकसान किया गया है। ग्रामीणों को पहले ही अन्य जगह ठहरा दिया गया था। कोई जनहानि नही है। नुकसान का आंकलन कर मुआवजा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# पुलिस की मुस्तैदी से टली बड़ी घटना

## मानसिक रोगी युवक गैस सिलेंडर पर बैठकर ब्लास्ट करने की दे रहा था धमकी

### पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सकुशल निकाला बाहर



**रायगढ़,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। कल सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे कॉलोनी के एक क्वाटर में एक युवक स्वयं को रसोई कमरे में बंद कर गैस सिलेंडर को ब्लास्ट के साथ स्वयं को नुकसान पहुंचाने की धमकी दे रहा है।

मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के संज्ञान में आने पर तत्काल पुलिस अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और स्थिति नियंत्रण करने के निर्देश दिए। बिना समय गंवाए मौके पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा, टीआई कोतवाली शनिप रात्रे थाने के स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने अनहोनी की संभावना पर फायर ब्रिगेड भी मौके पर बुला ली थी। रेलवे कॉलोनी के रहवासी बताए कि मकान में बंद युवक (32 साल) की मानसिक स्थिति सही नहीं लगती। युवक उल्टी-सीधी हरकतें करता रहता है।

युवक के पिता ने बताया कि उसके पुत्र की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है उसे पहले भी रांची के अस्पताल में दिखा चुके हैं। मौके पर युवक के पिता तथा मौजूद पुलिस अधिकारियों द्वारा घर से बाहर आने की काफी समझाइश और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिये लेकिन युवक बाहर निकलने का नाम ही नहीं ले रहा था जिस पर पुलिस अधिकारियों द्वारा खतरे को भांप कर मकान के पीछे का दरवाजा तोड़कर शीघ्र युवक को बाहर निकले।

अधिकारियों ने युवक से बातचीत कर उसके मन स्थिति जानने का प्रयास किये पश्चात उसे कोतवाली पुलिस द्वारा ज्ञळभ् अस्पताल में परीक्षण कराया गया। जहां डॉक्टर के युवक को मानसिक रूप से अस्वस्थ बताकर मानसिक अस्पताल से उचित इलाज का परामर्श दिया गया जिसके पश्चात परिजन एवं कोतवाली पुलिस द्वारा युवक को राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी बिलासपुर में दाखिले के लिए रवाना किया गया है। मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को सूझबूझ से मकान से निकलने व स्थिति को नियंत्रित करने में थाना प्रभारी कोतवाली शनिप रात्रे, प्रधान आरक्षक नरेंद्र यादव, हेमन पात्रे, आरक्षक कोमल तिवारी, गोविंद पटेल, भगवती प्रसाद रत्नाकर तथा आरपीएफ के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## सार-संक्षेप



### सीयू के तीन विभागों की 85 छात्राओं को मिली बेटियां स्कॉलरशिप

**बिलासपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) की 85 छात्राओं को सेंटर फॉर सिविल सोसायटी और प्रॉक्टर एंड गेंबल के संयुक्त तत्वावधान में बेटियां स्कॉलरशिप के अंतर्गत 5 लाख रुपये से ज्यादा प्रदान किये गये हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व, दूरदर्शी एवं कुशल मार्गदर्शन में किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। इस स्कॉलरशिप में विश्वविद्यालय के तीन विभागों प्राणी शास्त्र विभाग (39 छात्राएं), वनस्पति शास्त्र विभाग (11 छात्राएं) एवं रसायन शास्त्र विभाग (35 छात्राएं) की कुल 85 छात्राएं शामिल हैं। इस स्कॉलरशिप हेतु सेंटर फॉर सिविल सोसायटी द्वारा ईमेल के माध्मय से विश्वविद्यालय की ओर से सेतुसूत्र के रूप में प्रो. सीमा राय से बेटियां स्कॉलरशिप के विषय में विस्तार से चर्चा की थी। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत स्नातक स्तर के आर्थिक रूप से पिछड़े तथा प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शामिल किया जाता है।



उल्लेखनीय है कि सेंटर फॉर सिविल सोसायटी द्वारा विश्वविद्यालय के तीन विभागों की बीएससी प्रथम वर्ष की ऐसी समस्त छात्राओं जिन्हें किसी भी प्रकार की स्कॉलरशिप प्राप्त नहीं होती है उन्हें इस स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया जिनकी संख्या 85 है। इन सभी 85 छात्राओं के खातों में छात्रवृत्ति के पैसे जमा किये जा चुके हैं।

### पानी भरने गई नाबालिग से छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस ने बताया कि प्रार्थियां ने रिपोर्ट कराया कि 11 अक्टूबर को 6.30 बजे शाम को अपने घर से नल में पानी भरने बल्टी लेकर जा रही थी। श्याम सदन नाविक के घर के सामने पहुची थी उसी समय सूरज मानिकपुरी मुझे देखकर बुरी नजर से कमेट कर इज्जत लूटने के नियत से छेड़खानी करने लगा ।प्रार्थीया के रिपोर्ट पर थाना पचपेडी मे अपराध धारा 354 (घ) भादवि एवं 12 पॉस्को एक्ट का अपराध पंजीबध्द कर थाना प्रभारी पचपेड़ी के मार्गदर्शन पर पचपेडी पुलिस टीम के द्वारा आरोपी सूरज राम मानिकपुरी को घेराबंदी कर तत्काल पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर केंद्रीय जेल बिलासपुर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पचपेड़ी विवेक कुमार पाण्डेय,उ.नि पिल्लु राम मंडावी, आरक्षक अश्वनी पटेल, महिला आरक्षक नीता यादव का विशेष योगदान रहा।

## प्रदेश में पहले चरण के मतदान के लिए अधिसूचना जारी

# पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन पत्र दाखिल

**रायपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा आम निर्वाचन के पहले चरण के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया की शुरूआत हो गई। पहले दिन 20 विधानसभा सीटों के लिए किसी प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। प्रथम चरण में बस्तर संभाग की 12 समेत राजनांदगाँव, , मोहला -मानपुर -अंबागढ़ चौकी , खैरागढ़-छुईखदान- गंडई तथा कबीरधाम जिलों के 08 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में दो चरणों में हो रहे निर्वाचन के पहले चरण की 20 सीटों के लिए 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भरे जा सकते हैं। 21 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच की जाएगी तथा प्रत्याशी 23 अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। प्रथम चरण के लिए 07 नवंबर को मतदान होगा जबकि दोनों ही चरणों के लिए मतगणना 03 दिसंबर को होगी।

प्रथम चरण में कोंटा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर , नारायणपुर , कोंडागांव ,केशकाल ,कांकेर ,भानुप्रतापुर, अंतागढ़, मोहला-मानपुर, खुज्जी, डोंगरगांव, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, खैरागढ़, कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान होगा।

## मतदान के लिए उपयोग से पहले ईवीएम और वीवीपैट का दो बार किया जाता है रेंडमाइजेशन

### मतदान के दिन वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मतदान अभिकर्ताओं की मौजूदगी में की जाती है मॉक पोल

निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ वीवीपीएटी (वीवीपैट) का भी प्रयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में पर्याप्त संख्या में बैलेट यूनिट्स, कंट्रोल यूनिट्स और वीवीपैट उपलब्ध हैं। राज्य में 55 हजार 071 बैलेट यूनिट्स, 35 हजार 424 कंट्रोल यूनिट्स और 41 हजार 613 वीवीपैट उपलब्ध हैं।



मतदान के लिए प्रयोग में लाने से पहले ईएमएस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपीएटी को दो बार रेंडमाइज किया जाता है। प्रथम बार इन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आबंटित किए जाने के दौरान और द्वितीय बार इन्हें मतदान केंद्र आबंटित किए जाने के दौरान रेंडमाइज किया जाता है। रेंडमाइजेशन और कमिश्निंग की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाता है। दोनों रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की रेंडमाइज्ड सूची मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों व निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को प्रदान की जाती है।

निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम एवं वीवीपैट की कमिश्निंग की जाती है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह काम किया जाता है। कमिश्निंग हॉल में लगाए गए टीवी मॉनिटर के माध्यम से अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता वीवीपैट में सिंबल (चुनाव चिन्ह) लोडिंग की प्रक्रिया को देख सकेंगे। कमिश्निंग के बाद प्रत्येक ईवीएम और वीवीपैट में नोटा सहित प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक वोट देकर मॉक पोल किया जाता है । इसके अतिरिक्त रेंडम रूप से चुने गए पांच प्रतिशत ईवीएम एवं वीवीपैट पर 1000 वोट डालकर मॉक पोल किया जाता है। इनके इलेक्ट्रॉनिक परिणाम का मिलान भी वीवीपैट के पेपर स्लिप से किया जाता है।

मतदान के दिन वास्तविक मतदान शुरू होने के 90 मिनट पहले मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में तीन बार मॉक पोल किया जाता है। इस दौरान नोटा सहित प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक वोट डालकर कम से कम 50 वोट के साथ मॉक पोल किया जाता है। कंट्रोल यूनिट पर प्राप्त मॉक पोल के परिणाम का मिलान वीवीपैट से प्रिंट की गई पर्ची के साथ कर एक प्रमाण पत्र पीठासीन अधिकारी द्वारा तैयार किया जाता है। मॉक पोल के तुरंत बाद कंट्रोल यूनिट का क्लियर बटन दबाकर मॉक पोल का डॉटा डिलीट किया जाता है। साथ ही मॉक पोल की वीवीपैट पेपर स्लिप को कंपार्टमेंट से निकाल कर काले रंग के लिफाफे में भरकर सील किया जाता है।

### ईवीएम बैलट पेपर पर अभ्यर्थी का रहेगा फोटोग्राफ

मतदाताओं की सुविधा के लिए ईवीएम पर लगाए जाने वाले बैलट पेपर पर अभ्यर्थियों के फोटोग्राफ भी प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके लिए अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष हाल ही का स्टैंप साइज का फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होगा। हर बार की तरह नोटा का प्रावधान इस निर्वाचन में भी रहेगा।

# व्हीव्हीआईपी,व्हीआईपी सुरक्षा के लिए दिया गया पीएसओ प्रशिक्षण

## बिलासपुर रेंज व सरगुजा रेंज के पुलिस अधिकारी,कर्मचारियों के लिए रेंज स्तरीय पीएसओ प्रशिक्षण कार्यशाला

### पुलिस मुख्यालय रायपुर से आये थे अधिकारी



**बिलासपुर,** 13 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी दिनों में होने वाले वृहद स्तर पर व्ही.व्ही.आई.पी./व्ही.आई.पी. प्रवास की संभावना को ध्यान मे रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव द्वारा आज बिलासपुर रेंज एवं सरगुजा रेंज के उप निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर के अधिकारी/कर्मचारियों की एक दिवसीय व्ही.व्ही.आई.पी./व्ही.आई.पी. सुरक्षा पी.एस.ओ. प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन स्थानीय जल संसाधन परिसर प्रार्थनासभा भवन बिलासपुर मे आयोजित किया गया । इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सरगुजा रेंज के जिलों से 97 तथा बिलासपुर रेंज के जिलों से 163 उप निरीक्षक से आरक्षक स्तर प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रारंभिक उद्बबोधन में एम.एल.कोटवानी, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा कहा गया कि व्ही.आई.पी. सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है जिसकी जानकारी जिला पुलिस बल के अधिकारी/कर्मचारियों को होना अत्यंत आवश्यक है, व्हीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में संलग्न सभी अधिकारियों को अपना 100 प्रतिशत देना आवश्यक है, इसमें 01 प्रतिशत भी गलती की गुंजाईश नही होती, सुरक्षा व्यवस्था में चुक क्षम्य नही होना बताया गया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा का कार्यक्षेत्र विस्तृत है जिसके हर पहलूओं को एक दिन की इस कार्यशाला मे रखने की कोशिश की जायेगी। आगामी चुनाव को देखते हुए उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों से प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी को आत्मसात कर आगामी दिनों में कर्तव्य के दौरान पुलिस बल में अपनी व्यवसायिक दक्षता का परिचय देने कहा गया ।पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव द्वारा प्रशिक्षण सत्र का परिचय देते हुए उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि कानून व्यवस्था ड्यूटी, अपराधों की रोकथाम एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटियों के अलावा व्ही.आई.पी. सुरक्षा ड्यूटी भी जिला पुलिस का एक महत्वपूर्ण अंग है, इस विषय को पूर्ण रूपेण समझना आवश्यक है, आगामी दिनों में चुनाव के दौरान व्ही.व्ही.आई.पी./व्ही.आई.पी. प्रवास के समय जिले में उपलब्ध बल के द्वारा ही सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंधन किया जायेगा, इसलिए कार्यशाला में दिये गये प्रशिक्षण को ध्यान से सीखने कहा गया। पी.एस.ओ. ड्यूटी में साफ-सुथरी वार्दी, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा सतर्क रहने जैसे गुण पी.एस.ओ. में होना आवश्यक है, इससे पुलिस विभाग की छवि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि पी.एस.ओ. ड्यूटी में संलग्न अधिकारी को सदैव रिस्क लेने हेतु तत्पर रहना चाहिए। श्री यादव द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान उत्पन्न होने वाले डाउट्स को प्रश्नउत्तर के माध्यम से स्पष्ट करने सुझाव दिया गया ।उपरोक्त प्रशिक्षण में एम.एल.कोटवानी, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, सुरक्षा द्वारा व्ही.व्ही.आई.पी, व्ही.आई.पी. सुरक्षा, सुरक्षा श्रेणियां, निर्धारत तत्व संबंधित निर्देश, व्ही.आई.पी. सुरक्षा के सिद्धांत, आपातकालीन उपबंध, आमसभा, मंच, हेलीपेड, मार्ग व्यवस्था, हाईराईज, कैम्प व्यवस्था आदि विषय पर क्लास ली गई । निशांत शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक व्ही.आई.पी. सुरक्षा द्वारा मोटर केड, एस्कार्ड अधिकारी, पायलेट अधिकारी इत्यादि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया । गुरूनारायण प्रधान उप पुलिस अधीक्षक विशेष शाखा पु.मु. रायपुर द्वारा एण्टीसेबोटाज चेक व उसमे लगने वाले उपकरणों के संबंध में जानकारी दी गई तथा जयंतपाल, पी.सी. व्ही.आई.पी. सुरक्षा रायपुर द्वारा पी.एस.ओ. की परिभाषा, उद्देश्य, सामान्य व्यवहार, कर्तव्य, वेशभूषा, महत्व इत्यादि विषय पर डेमो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती मंजूलता केरकट्टा, उप पुलिस अधीक्षक, लाईन, बिलासपुर, श्रीमती सुशीला टेकाम, उप पुलिस अधीक्षक, कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, बिलासपुर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बांगो डेम में मिली बच्चे की लाश

**रायगढ़** ,13 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेलिकोट के पास औरदा पूल में बांगों डैम में बहती हुई एक बच्चे की लाश मिली है जो डैम के गेट में फंसी हुई थी जिसकी उम्र लगभग 13 ,14 साल की बताई जा रही है। बच्चे की लाश डैम में बहकर औरदा पूल में गेट में फसी हुई मिली थी जिसे ग्रामीणों ने देखा तो ग्राम कोटवार ने तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और संज्ञान लेते हुए बच्चे की लाश को बाहर निकाला गया उसके पश्चात लाश को मोर्चरी में रखवा दिया गया है , फिलहाल अभी तक बच्चे की कोई शिनाख्त नहीं हो सकी हैं, पुलिस पतासाजी में जुट गई है।

**NECC**

| 14.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188